फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 230 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 24 मार्च , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



**Raghu Sinha: He Made Bearings And Never Lost His**

Nobody knew his designation, but the Jaipurites knew him as the "whole and sole" of the NBC.

**Celebrating Rajasthan's Literary Traditions**

The first ever Rajasthan Literature Festival is all set to take place at the Zenana Mahal



*जैपनीज़ स्पैरोहॉक हालांकि उसी वर्ग के हैं जिसमें ईगल होते हैं, लेकिन कई ऐसी खास बाते हैं जो इन्हें एकदम अनोखा बनाती हैं। पंखों के नीचे भूरी पट्टी इनकी प्रमुख पहचान है। इसके अलावा जब ये उड़ते हैं तो इनकी पूंछ के पर पंखे की तरह फैल जाते हैं, जो इनकी विशिष्ट पहचान है। तेईस से तीस इंच लंबे स्पैरोहॉक के पंखों का फैलाव 48-56 सैंटीमीटर होता है तथा नर और मादा की पहचान करना अन्य पक्षी प्रजातियों की तुलना में आसान होता है। जैपनीज़ स्पैरोहॉक नर का ऊपरी भाग आमतौर पर स्लेट ग्रे या ब्लू-ब्लैक होता है और आँखें सुर्ख लाल रंग की। वहीं, मादा में भूरा रंग अधिक नज़र आता है तथा इनकी आंखें शहद जैसी पीली होती हैं। जैपनीज़ स्पैरोहॉक काफी आक्रामक हो सकते हैं, लेकिन, ये इंसान या मध्यम आकार के स्तनपायी के आसपास भी नहीं फटकते पर, अगर कोई अन्य पक्षी इनके घोंसले के 10-50 मीटर के दायरे में आ जाए तो ये उसे खदेड़ देते हैं। चूंकि इन्हें घने जंगलों में उड़ना होता है इसलिए इन्होंने काफी छोटे गोलाकार पंख विकसित कर लिए हैं। इसी कारण इनकी पूंछ के पंख लंबे होते हैं। इससे इन्हें ना केवल उड़ने में आसानी होती है बल्कि ये बेहद प्रभावशाली शिकारी भी साबित होते हैं और हवा हो या जमीन, आसानी से शिकार को दबोच लेते हैं। आमतौर पर ये छोटी साँग बर्ड्स का शिकार करते हैं पर प्रजनन काल में कबूतर व तोते जैसे, थोड़े बड़े पक्षियों का शिकार भी कर लेते हैं। चूहे, छिपकली, चमगादड़ व कीड़े भी इनका प्रिय भोजन हैं। हालांकि ये कभी -कभी आसमान में भी शिकार करते हैं पर आमतौर पर पेड़ की ऊंची शाखा पर बैठकर शिकार के बाहर निकलकर उड़ने की प्रतीक्षा करते हैं, जैसे ही शिकार उड़ान भरता है उसे दबोच लेते हैं। इनका नाम भले ही जैपनीज़ स्पैरोहॉक है पर ये जापान के अलावा रुस, चीन, कोरिया, मंगोलिया में भी मिलते हैं और कुछ तो दक्षिण साइबेरिया में भी प्रजनन करते पाए गए हैं।*

# सूरत के कोर्ट ने दो साल की जेल की सजा सुनायी राहुल को, दो मानहानि के मुकदमों में

## राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''सत्य मेरा भगवान है तथा अहिंसा उस तक पहुंचने का रास्ता''

- 2019 में कर्नाटक चुनाव अभियान के दौरान, कोलार में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा था, ''ऐसा क्यों है कि, सभी चोरों का एक कॉमन ''सरनेम'' मोदी होता है।''
- भाजपा के विधायक, पूर्व में गुजरात के मंत्री रहे पूर्णेश मोदी ने राहुल की इस टिप्पणी के खिलाफ सूरत में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था।
- राहुल को 30 दिन का समय दिया गया है न्यायालय के आदेश में, ऊँचे कोर्ट में निर्णय के खिलाफ अपील करने के लिये।
- अगर, राहुल गांधी को वाकई में जेल हो गयी तो, उनकी संसद की सदस्यता निरस्त कर सकते हैं लोकसभाध्यक्ष।
- साथ ही राहुल पर आठ साल तक संसद का चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।
- आश्चर्य की बात है कि, केवल केजरीवाल, तेजस्वी यादव व डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू ही राहुल की गिरफ्तारी के निर्णय के खिलाफ बोले। पर, कांग्रेस के महाराष्ट्र में गठबंधन के साथी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे तक ने भी रहस्यमय चुप्पी साधी।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। मानहानि के केस में दी गई एक अनोखी सजा के अन्तर्गत, आज गुजरात में सूरत की एक अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2019 के एक क्रिमिनल मानहानि केस में दो वर्ष कैद की सजा सुनाई। यह केस उनके द्वारा ''मोदी सरनेम'' को लेकर दी गई टिप्पणी को लेकर दायर किया गया था।

राहुल गांधी, जो फैसला सुनाये जाते समय अदालत में मौजूद थे, ने सजा सुनाये जाने के तुरन्त बाद ट्वीट किया कि ''मेरा धर्म सत्य एवं अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है तथा अहिंसा उसे पाने का साधन।''

राहुल गांधी के खिलाफ यह केस उनकी कथित टिप्पणी ''सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है'' पर भाजपा विधायक तथा गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हुआ था।

वायनाड के लोकसभा सांसद (राहुल गांधी) ने यह टिप्पणी 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले कर्नाटक के कोलार नामक शहर में आयोजित एक रैली को संबोधित करते समय की थी। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत किसी क्रिमिनल मानहानि केस में दो साल की सजा दिया जाना जो राहुल गांधी को दी गई है, बहुत बड़ा अजूबा है। गांधी के सम्मुख इस समय गिरफ्तार होने तथा लोकसभा की सदस्यता के

( शेष पृष्ठ 7 पर )




# सूरत से लौट कर राहुल व सोनिया अभिषेक मनु सिंघवी से मिले

## सिंघवी के घर हुई इस मुलाकात में मुकदमे के बारे में भावी रणनीति पर मंत्रणा हुई

- मंथन का निष्कर्ष है कि, अगर राहुल गांधी को हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो, राहुल गांधी को दो साल जेल में काटने पड़ेंगे।
- कपिल सिब्बल ने इस बारे में कहा कि, अपने इस ''कन्विक्शन'' (दोषी करार होने) के बाद राहुल गांधी संसद की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते। अतः उन्हें लोकसभाध्यक्ष से अपील करनी चाहिये कि, उन्हें संसद में उपस्थित होने की इजाज़त दें। लोकसभाध्यक्ष को अधिकार प्राप्त हैं कि, वे राहुल गांधी को सदन में उपस्थित रह सकने की इजाज़त दे सकते हैं।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। सूरत की एक जिला अदालत ने मानहानि के एक केस में राहुल गांधी को दो वर्ष की जेल की सजा सुनाई है। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनावों से पूर्व एक भाषण में प्रधनमंत्री मोदी को निशाना बनाया था। तथापि कोर्ट ने उन्हें जमानत दी है और अपने फैसले के विरूद्ध अपील करने के लिए उन्हें 30 दिन का समय दिया है।

भाजपा ने राहुल गांधी को संसद की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने (डिस्क्वालिफाई करने) की मांग की है। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के पास उन्हें डिस्क्वालिफाई करने की पावर है, लेकिन चर्चित प्रश्न यह है कि क्या स्पीकर इस विकल्प पर काम करेंगे।

प्रक्रिया यह है कि किसी सांसद की किसी प्रकरण में दोष सिद्धि के बाद किसी सांसद को संबंधित सदस्य को सदन की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने की मांग करनी होती है। इसके बाद यह मामला विधि विभाग के पास जाता है और फिर स्पीकर की डैस्क पर पहुंचता है। स्पीकर के पास उस कथित सदस्य को डिस्क्वालिफाई करने की पावर है।

लेकिन कानूनी विशेषज्ञ कहते हैं कि इस केस में कोर्ट ने राहुल गांधी को अपने निर्णय के विरूद्ध अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया है।

सूरत से आज शाम लौटने के बाद राहुल और सोनिया गांधी ने अभिषेक

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# आज हो सकता है संसद के बजट सत्र का समापन

- संसद का बजट सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ गया है। सरकार सत्रावसान करने की तैयारी में लगती है। हालांकि बजट सत्र 6 अप्रैल तक चलना था।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। संसद, जिसके बजट सत्र का दूसरा भाग शुरु से ही नारेबाजी तथा हंगामे के कारण, मजबूरन रोजाना ही स्थगित होता रहा है, अब शुक्रवार को संसद का सत्रावसान होने की संभावना है, जबकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र का दूसरा भाग 6 अप्रैल तक चलना था।

सरकार ने बजट माँगों की बहसबंदी की औपचारिकता गुरुवार को पूरी कर ली तथा 2023-24 का बजट, बहस के बिना ही 10 मिनट में पारित कर दिया तथा यही कार्यवाही, सत्रावसान करने से

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## सूचना

अखबारों की प्रसार संख्या का ऑडिट करने वाली स्वतंत्र संस्था ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (ए.बी.सी.) द्वारा किए गए स्वतंत्र ऑडिट में राष्ट्रदूत के जयपुर संस्करण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। पहले व दूसरे स्थान पर क्रमशः दैनिक भास्कर व राजस्थान पत्रिका हैं और 1,02,896 प्रसार संख्या के साथ राष्ट्रदूत तीसरे स्थान पर है। चौथे, पांचवे और छठे स्थान पर क्रमशः पंजाब केसरी, टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी) और इकोनॉमिक टाइम्स (अंग्रेजी) हैं।

### ए.बी.सी. ऑडिट प्रसार संख्या आंकड़े (जुलाई-सितम्बर 2022)

| क्रम. सं. | अखबार का नाम | राज्य | संस्करण का नाम | प्रमाणित प्रसार संख्या | भाषा | टिप्पणी अगर कोई है तो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दैनिक भास्कर | राजस्थान | जयपुर | 4,71,814 | हिंदी | |
| 2. | राजस्थान पत्रिका | राजस्थान | जयपुर | 4,60,116 | हिंदी | |
| 3. | राष्ट्रदूत | राजस्थान | जयपुर | 1,02,896 | हिंदी | |
| 4. | पंजाब केसरी | राजस्थान | जयपुर | 66,949 | हिंदी | |
| 5. | द टाईम्स ऑफ इंडिया | राजस्थान | जयपुर | 54,975 | अंग्रेजी | |
| 6. | द इकोनॉमिक टाइम्स | राजस्थान | जयपुर | 6,663 | अंग्रेजी | |

राष्ट्रदूत ने हमेशा किसी भी दबाव में आए बिना, निर्भीकता के साथ सत्य को प्रकाशित किया है। राष्ट्रदूत सन् 1950 से लेकर आज तक राजनीति, खेल कूद, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, व्यापारिक इत्यादि खबरों का पूर्ण सत्यता, सत्यापन के साथ सटीक विश्लेषण प्रकाशित कर रहा है।

इस उपलब्धि के लिये राष्ट्रदूत परिवार अपने सभी पाठकों, वितरकों, लेखकों, शुभचिंतकों, आलोचकों का हृदय की गहराई से आभार प्रकट करता है। हम उम्मीद करते हैं कि राष्ट्रदूत को इसी प्रकार आप सभी का सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद मिलता रहेगा। **-प्रबंध संपादक**

# 'किराए पर ली गई सम्पत्ति को ''सबलैट'' नहीं किया जा सकता'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे रैंट्स, होटल एवं लॉजिंग हाउस रेट्स (कंट्रोल)

- सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा कि, बॉम्बे रैंट्स, होटल एवं लॉजिंग हाउस रेट्स कंट्रोल एक्ट, 1947, के प्रावधानों के तहत किराए पर ली गई सम्पत्ति को किसी अन्य को किराये पर देना गैर कानूनी है, बशर्ते कि इस बारे में अनुबंध में प्रावधान न हो।

अधिनियम, 1947 के लागू होने के फलस्वरुप, मुम्बई में किसी परिसर को सबलैट करना गैर कानूनी मान लिया है, जब तक कि अनुबंध में ही इस प्रकार का

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# भाजपा मुसलमानों के मन को छूने के लिये मोदी की ''मन की बात'' का उर्दू संस्करण छपवा रही है

## मन की बात के दस ''एपिसोड'' छपवा कर रमज़ान के महीने के दौरान मुसलमानों के बुद्धिजीवियों व स्कॉलर्स में बांटने का इरादा है

- इस संकलन में प्रतिष्ठित मुस्लिम संगठनों, जैसे दारूल उलूम देवबंध व नदवातुल उलेमा के मुबारकबाद के संदेश भी होंगे।
- मुसलमानों से नज़दीकी व मधुर रिश्ते बनाने के लिये यू.पी. में भाजपा स्नेह सम्मेलन आयोजित करेगी, सम्प्रदाय के लोगों के साथ, जहां थीम होगीः ''एक देश, एक डी.एन.ए.''।
- साथ ही भाजपा ''पसमन्दा मुसलमानों'' की प्रैस कॉन्फ्रैंस आयोजित कर रही है।
- पिछले चुनावों में यू.पी. में भाजपा ने हिन्दू वोटों को इतनी मजबूती से ध्रुवीकृत कर लिया था कि, मुसलमान वोटों का महत्व काफी नगण्य हो गया था।
- पर, इस बार भाजपा ने मुस्लिम वोटों को लुभाने की रणनीति बनायी है, क्योंकि महसूस किया जा रहा है कि, पिछले चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने जमकर सपा को वोट दिया था, हालांकि, ये वोट सपा को जिताने के लिये पर्याप्त नहीं हुए। इस बात से मुस्लिम वोट बैंक में निराशा है तथा भाजपा महसूस कर रही है कि, इस समय मुस्लिम वोट को अपनी ओर खींचा जा सकता है।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व मुस्लिमों तक अपनी पहुंच बनाने की एक प्रकट राजनीति के तहत भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो संबोधन ''मन की बात'' के उर्दू अनुवाद की पुस्तकें उत्तर प्रदेश के इस्लामी विद्वानों और मदरसों में वितरित करेगी।

मुरादाबाद और रामपुर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मुस्लिम समुदाय के 50 प्रतिशत से अधिक मतदाता हैं और यू.पी. की कुल आबादी में मुस्लिमों की संख्या 19.26 प्रतिशत है। अनुमान है कि मुस्लिम वोटर्स यू.पी. के कुल 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक चौथाई से अधिक पर चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

वर्ष 2014 के बाद अब तक हुए कई चुनावों में भाजपा बहुसंख्यक हिन्दू वोटों का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने में कामयाब रही है, जिससे मुस्लिम मतदाता कुल मिलाकर अप्रसांगिक हो गया है। वर्ष 2024 से पूर्व भाजपा नेतृत्व प्रकट रूप से अपनी रणनीति में बदलाव के बारे में सोच रहा है।

यह एक दोहरी रणनीति प्रतीत होती है क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतीक अहमद और आजम खान सहित मुस्लिम नेताओं के खिलाफ जहां बुलडोज़र रणनीति अपनाई, वहीं भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व पसमंदा मुस्लिम्स के साथ संपर्क स्थापित करने को लेकर सम्मेलन आयोजित कर

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# 'सूरत कोर्ट का फैसला गलतियों का पुलिंदा'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 23 मार्च। कांग्रेस प्रवक्ता एवं सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने राहुल गांधी को दो वर्ष की जेल की सजा के सूरत के कोर्ट के फैसले को गलतियों का पुलिंदा बताया है।

- कांग्रेस के प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, राहुल गांधी को दो साल जेल की सजा सुनाने का, सूरत कोर्ट का फैसला उच्च स्तरीय न्यायालयों में नहीं टिक पाएगा।

सिंघवी ने यहाँ तक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी और हमें उम्मीद है कि इसमें स्टे लगाया जाएगा और अन्ततः यह

( शेष पृष्ठ 7 पर )



## विचार बिन्दु

**जिसने निश्चय कर लिया, उसके लिए बस करना बाकी रह जाता है।**

**–इटैलियन कहावत**

# सुप्रीम कोर्ट एक न्यायालय है अतः पूर्ण पारदर्शिता अनिवार्य है।

संविधान में न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग रखा गया है। संविधान के अनुच्छेद 50 में राज्य को निर्देश दिया है कि राज्य न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करने की ओर कदम उठायेगा और राज्य ने संविधान लागू होते ही कार्यपालिका को न्यायपालिका से पृथक कर दिया।

कुछ समय से देखने में यह आ रहा है कि विधायिका आवाज उठा रही है, वह सुप्रीम है उसके काम में न्यायपालिका दखल नहीं दे सकती। कॉलेजियम के प्रश्न को लेकर कार्यपालिका, न्यायपालिका के जजों की नियुक्ति को लेकर दखल दे रही है। कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य इस विषय पर टकराव अप्रिय घटना को जन्म दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने दो दिन पूर्व ही कहा था, न्यायपालिका के लिये पूर्ण पारदर्शिता अनिवार्य है। भारत के उपराष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि संसद द्वारा बनाये गये कानून को अवैध करार देने का न्यायपालिका को अधिकार नहीं है। अभी गत शनिवार को मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड ने सील बंद लिफाफा व्यवस्था को उचित नहीं माना है।

भारत सरकार के न्याय मंत्री किरन रिजीजू कुछ दिन पूर्व ही दिनांक 18 मार्च, 2023 को कहा था कि कुछ रिटायर्ड एक्टीविस्ट न्यायधीश व सीनियर एडवोकेट्स इस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं मानो वे न्यायपालिका का प्रतिनिधित्व विपक्ष पार्टी के रूप में कर रहे हैं तथा ये रिटायर्ड जज एन्टी इण्डिया है। भारत के कानून मंत्री ने India To Day Conclave में भाषण देते हुये उक्त विचार सेमिनार में अभिव्यक्त किये। सेमिनार में रिटायर्ड जजेज व कुछ सीनियर एडवोकेट ने भी अपनी अभिव्यक्ति दी। सेमिनार का विषय था Accountability in Judicial Appointments जिसे आयोजित किया था Compaign for Judicial Appointments विषय के विपरीत भाषणों का विषय मूलतः केन्द्रित रहा, "सरकार कैसे न्यायपालिका के कार्य में दखल दे रही है।" कानून मंत्री के भाषण का विषय था, Justice for All: The Endeavour and the Gap इसी कॉनक्लेव के दूसरे सत्र में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड इण्डिया टूडे की Conclave ने सेमिनार में भाग लिया। विषय था Justice in the Balance उन्होंने Constitution Democracy पर खुलकर वार्ता की। इस सेमिनार में पूर्व मुख्य न्यायाधीश शरद अरविन्द व यू.यू. ललित भी थे। यह पहला अवसर था जब देश के मुख्य न्यायाधीश ने जो सिटिंग जज हैं, उन्होंने प्रश्नों के उत्तर दिये। पहला प्रश्न जो उनसे पूछा गया वह था, "न्यायालयों मे ढेर सारे केसेज पेंन्डिग हैं, इससे कैसे राहत मिलेगी?" मुख्य न्यायाधीश चन्द्रचूड ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि तकनीकी के मार्ग पर चलकर इसकी चुनौती स्वीकार की जा सकती है। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने कहा हमने Technology की सहायता से कोविड के समय वीसी का प्रयोग किया है। मुख्य न्यायाधीश ने आशावादी होने की बात पहले भी कही है उनका कहना था कि न्यायिक व्यवस्था सहज, त्वरित और पारदर्शी होनी चाहिये। उन्हीं के प्रयासों से हाईकोर्ट्स में ऑन लाइन आरटीआई पोर्टल प्रारम्भ कराया है। उनके साहसी व प्रगतिशील विचारों के कारण ही बंद लिफाफों की प्रस्तुति बंद हुई है। उनका कहना था हमारी न्याय व्यवस्था उपनिवेशवाद के जमाने की है। हमारी व्यवस्था में सुधारों की बहुत आवश्यकता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने हमेशा ही Constitutional Democracy पर बहुत जोर दिया है। सीजेआई ने कहा कि हमें हमारे तौर तरीकों को बदलना होगा व गति देनी होगी। जजों की संख्या बढ़ानी होगी तथा Infrastructure में प्रगति के साथ सुधार लाना होगा, क्योंकि नागरिकों को Access Justice ही नहीं अपितु न्याय को नागरिकों की आवश्यक सेवा मानना होगा। न्याय को जनता के घरों तक पहुंचाना होगा वह भी उनकी भाषा में। जजों की नियुक्ति को पारदर्शी बनाना होगा।

> **भारत देश की सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड ने बहुत संयम से काम किया है और कर रहे हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका में टकराव होने पर भी शीघ्र ही संबंध सुधरेंगे। कुछ भी हो देश की न्यायपालिका में सबको विश्वास है।**

कॉलेजियम सिस्टम के संबंध में माननीय मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अभी तक जो भी सिस्टम रहे हैं, उनमें यह श्रेष्ठ है। सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीशों पर दवाब है, सही नहीं है। जजों को जनता का विश्वास जीतना होगा। सीजेआई ने युवाओं को जूडिशियरी में आने का निमंत्रण दिया।

सीजेआई ने देश की जूडिशियरी व अन्य देशों की जूडिशियरी की तुलना करते हुये कहा कि भारत में जजेज 365 दिन काम करते हैं जबकि अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट केवल 80 दिन काम करती है।

सेमिनार का प्रथम सत्र देश के कानून मंत्री के नाम रहा और बाद का सत्र सीजेआई के नाम।

कानून मंत्री किरन रिजीजू ने कहा कि सरकार की आलोचना जगह जगह हो रही है जो उचित नहीं है। कानून मंत्री ने कहा कि जब राहुल गांधी कहते हैं कि इण्डियन जूडिशियल को हाईजेक कर लिया गया है। देश में डेमोक्रेसी समाप्त हो गई है। ये बातें सुनकर समझ में आता है देश में विरूद्ध विद्रोह के सुर बुलन्द हो रहे हैं। टुकडे-टुकडे गेंग व अन्य किसी गेंग को जो देश में विद्रोह की बात कर रहे हैं उनसे निपटना ही होगा। सीजेआई व कानून मंत्री रिजीजू के उपरोक्त कथन से यह स्पष्ट नजर आता है कि देश में सब कुछ ठीक नहीं है। देश की अखण्डता को भी खतरा है। न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका एक-दूसरे को सहयोग न देकर आलोचना कर रहे हैं। जबकि अनुच्छेद 50 में न्यायपालिका को अपने से अलग कर लिया है। कॉलेजियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट कार्यपालिका में विवाद चल रहा है। कुछ ऐसे भी हैं जो देश को ही तोडने का प्रयत्न कर रहे हैं। देश के संविधान में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा कार्यपालिका तीनों क्षेत्र भिन्न हैं। अपने अपने क्षेत्र में वे सुप्रीम हैं। एक-दूसरे के क्षेत्र में दखल का प्रश्न ही पैदा नहीं होता, फिर भी आपसी मनमुटाव है। सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिश को मानने में विलम्ब करने पर सरकार की तीखी आलोचना की है।

भारत देश की सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड ने बहुत संयम से काम किया है और कर रहे हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका में टकराव होने पर भी शीघ्र ही संबंध सुधरेंगे। कुछ भी हो देश की न्यायपालिका में सबको विश्वास है।

यह सच है हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। न्याय सस्ता, त्वरित व सुलभ होना चाहिये।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

## राशिफल शुक्रवार 24 मार्च, 2023



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, अश्विनी नक्षत्र दिन 1:21 तक, वैधृति योग रात्रि 1:42 तक, गर करण सांय 5:00 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज मत्स्य जयन्ती, गणगौर (राजस्थान) गौरी आन्दोलन ततीया, मनोरम तृतीया, मन्वादि, सारदुल है। आज रमजान मु. मास 9 आरम्भ होगा। रवियोग दिन 1:21 से आरम्भ होगा। राजयोग दिन 1:21 से सांय 5:00 तक है। भद्रा रात्रि 4:36 शनिवार 4:23 तक रहेगी। आज अरूधनी व्रत पूजन, ईश्वर गौरी विसर्जन, वैधृति पूण्य और मेला गणगौर है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:01 तक, लाभ अमृत 8:01 से 11:02 तक, शुभ 12:33 से 2:03 तक, चर 5:04 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:30, सूर्यास्त 6:36

**मेष**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आज मनःस्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। व्यक्तिगत समस्या के कारण मन में भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा।

**धनु**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में आपसी अनबन वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। नवीन व्यावसायिक योजना बनेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आज रचनात्मक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# आओ भगवान-अल्लाह वाला खेल समझें



महावीर सिंह

**एक** बड़े कस्बानुमा गांव में दो अधेड़ उम्र वाले नोजवान (एक हिन्दू, दूसरा मुसलमान) शाम के धुंधलके में कुछ गुफ्तगू कर रहे थे। घुमन्तु ने भी कान लगा लिए और कुछ कुछ सुना-

एक युवक नें पूछा--भगवान बड़ा या अल्लाह?

दूसरे नें छोटा सा उतर दिया-तुम्हारे लिए भगवान और मेरे लिए अल्लाह बड़ा है

पहले ने फिर पूछ लिया किन्तु दोनों में छोटा-बड़ा तो होगा ही?

दूसरे ने कह दिया, इस से अपने को क्या फर्क पड़ता है, वो आपस में ही तय कर लेंगे--अपन क्यों माथापच्ची करें?

उनकी बात बंद होने के बजाए आगे ही बढ़ी ---

भगवान-अल्लाह-यशुमसिह को कोन सा देश, कौन सी भाषा, जाती सर्वाधिक पसन्द है? भारत ज्यादा पसंद या पाकिस्तान या अरब-ब्रिटेन-यूरोप-अमरीका के देश?

अरे भाई उनकी वो जानें, अपने को तो यहीं जीना-मरना, यहीं कमाना-खाना, अपन क्यों माथाफोड़ी में लग गए--कोई काम धंदे की बात करें।

आजकल चौकड़ी पर भी 10 में से मुश्किल से 4,5 को काम मिलता है। काम मिलता है तो घर चलता, ठाले दिनों का खर्च तो लाला की उधारी से ही चलता जो महीने बाद 100 के 105 लेता है--कंगाली में आटा गिला।

एक नें फिर पूछ लिया----भगवान, अल्लाह और ईसाइयों के यशु अपनी भाषा समझते तो हैं क्या? जो भाषा, देश भगवान-अल्लाह-यशु को पसन्द नहीं, उस देश के लोगों को वे कैसे दण्ड देता है? क्या इन बातों को लेकर वे आपस में लड़ते-भिड़ते भी है? उनका समझौता कोन कराता होगा? क्या कोई ताकतवर भगवान दूसरे कमजोर भगवान को जेल में भी डाल देते हैं, जैसा उनके बनाए बन्दे धर्म के नाम की आड़ लेकर करते हैं? उनके यहां भी बुल्डोजर, तलवार आदि से फैसला होता है या कोई और तरीका है? वे लोग अपने झंडों के रंग-ऊंचाई कैसे चुनते है और वे झंडे, डंडे रखते भी या नही?

वे इस बात पर एक राय दिखे कि यह लड़ने-लड़ाने, मरने-मिटाने, गाली-गलौज करने, लाल-पीली आंखे दिखाने-बात-बेबात के रावण, कंस, जिनों की तरह आक्रोशित होने वाले सारे लड़ने भिड़ने के काम हम बंदों को डेलीगेट कर रखे है। वह खुद, शायद, यह करने में सक्षम नहीं लगता।

दूसरे नें बात आगे बढाई--अभी तुर्की में जलजला आया न, ऐसे ही ऊपर वाला बन्दों, देशों को दंड देता होगा?

नहीं भाई, बाढ, तूफान, जलजला तो अमरीका, चीन, भारत, पाकिस्तान, रूस सब में ही आ जाता है--इस से उनका क्या सम्बन्ध है?

नहीं, नहीं यह आसमानी ताकते केवल उसके ही पास है, वही यह सब करता है--दूसरा बीच में बोल पड़ा तो फिर भगवान-खुदा सबसे ही नाराज लगता है।

उनकी चर्चा काम धंदे के बजाए इसी भगवान, अल्लाह, यशु के चारो तरफ ही सिमटती जा रही थी।

मुस्लिम युवक बोला यार, हमारे यहां एक बात तो ठीक है कि हमारे एक ही भगवान है, तुम्हारे तो बहुत सारे है। इनमें आपस में कोई लड़ाई-झगड़े नहीं होते?

हिन्दू युवक बोला हमारा धर्म बहुत पुराना है। बहुत पहले बंदों नें उनके नाम पर ऐसा किया होगा और लड़-लड़ कर थक गए होंगे, अब तो सब शांत है। हमारे धर्म की विशेषता है कि हम लोग सभी देवी-देवताओं को मान लेते हैं। विष्णु-लक्ष्मी, भोले बाबा-पार्वती-गणेश जी, सरस्वती, दुर्गा, काली माता, राम-कृष्ण-बुद्ध-हनुमान जी, स्थानीय देवता तेजाजी, गोगाजी, रामदेवजी, देवनारयनजी, हड़बूजी, जांभोजो, यहां तक कि गांव-मोहल्ले के भोमीयाजी व ओर कोई भी हो तो उन सब को पूज लेते है-किसी को नाराज नही करते, फिर काहे की लड़ाई। कहीं-कहीं तो रावण, महिसासुर, परशूरामजी, मनु महाराज को भी पूज लेते हैं। ब्रह्मा जी का सृष्टि बनाने का काम पूरा हो गया। उनके पास अब देने को कुछ ज्यादा नही और सृष्टि के खात्मे में किसी को रुचि नही, इसलिए उनकी पूछ थोड़ी कम ही है।

हिन्दू युवक आगे बोला कि तुम्हारे यहां भी तो अल्लाह के नाम पर बन्दे शिया-सुन्नी करते ही है? ईसाइयों में भी काफी पहले, अलग-अलग चर्चों में कुछ ऐसा ही होता था--अब वे भी 2000 साल पुराने हो गये, सो लड़ने लड़ाने से थक गए।

हिन्दू युवक आगे बोला, हमारे धर्म को तो सनातन बताते है-दूसरा कोई धर्म ऐसा नही। दूसरे बन्दे ने पूछ लिया, यह सनातन होता क्या है, आजकल, बहुत सुन रहे है इसके बारे में?

दूसरे ने कहा, मुझे भी कोई खास तो पता नहीं किन्तु आजकल काफी सनातन-सनातनी नाम से टीवी चैनल्स पर कुछ लाल-पीले होने वाले बाबा खूब सुना रहे है। कई बाबा-धर्मगुरू-मठाधीस कहते है हिन्दू धर्म बहुत पुराना है, जब से आदमी है तब से, सबसे पुराना। तुम्हारे वाला और दूसरे धर्म तो महज एक-डेढ़-2-3 हजार साल पुराने ही हैं। दूसरा युवक बोल पडा-तो फिर बूढ़े-जवान का अन्तर हुआ। दोनों में अच्छाई-बुराई-गुण-दोष-सुस्ती-चुस्ती भी वैसे ही, जैसी बूढ़े-जवान में। दोनों इस बात पर सहमत दिखे कि छोड़ो यार, यह समझने-समझाने वाला काम अपने बड़े-बड़े धर्मगुरुओं-मठाधीशों, इमाम-उलेमाओं के लिए छोड़ते हैं-अपने लिए तो रोजी-रोटी का सवाल ही बड़ा है।

फिर भी बात खत्म नहीं हुई। एक ने कहा देखो--कभी कभी इन धर्म के लोगों की बात सुनते है तो मैं कन्फ्यूज हो जाता हूँ--तुम्हारे वाले कहते है हर आदमी में रूह होती है, हमारे वाले कहते है आत्मा। इसी प्रकार जन्नत-स्वर्ग, दोजख-नरक, काफिर-नास्तिक की बात बोलते रहते है। जन्नत में हूरें बताते है, स्वर्ग में अप्सराएं।

यदि कोई मेरे जैसा अनाड़ी पूछ लेता है---बाबाजी-मौलवी जी किसी नें स्वर्ग-नरक-जन्नत-दोजख से आकर बताया क्या वहां क्या कुछ है, किसी नें आत्मा रूह देखी क्या? बाबा-मौलवी, उलेमा, पुजारी सबी के सभी भृकुटि तान कर कहते है, बन्दे, श्रद्धा रख-भक्ति कर-प्रश्न नहीं, धर्म शास्त्रों-अल्लाह की किताब--बाबाओं-पूजारीयों-काजी-मौलवी-उलेमाओं के कहे पर ईमान ला।

एक बंदा ओर जुड़ गया इस गुफ्तगू में। वह बोला- देखो धर्म सब एक से, सब के उपदेश एक जैसे केवल कहने-समझने का अंतर होगा-- सच्च बोलो, बड़ों की इज्जत करो, पड़ोसी का ख्याल रखो, मन में दया भाव रखो, आपस में प्रेम-सद्भाव रखो, समाज में शांति रखो, आवश्यकता से अधिक लोभ-लालच से परहेज करो, मनसा-वाचा-कर्मणा हिंसा से दूर रहना वगैरा वगैरा।

नया जुड़ा बंदा कुछ ज्यादा जानकर था। आगे बोला, गुरु नानकदेव जी एक बार कहीं मक्का-मदीना गए, मस्जिद की ओर पैर कर सो गए। किसी नें आपत्ति की, खुद के घर की तरफ पैर कर नहीं सोते-- तो नानकजी ने कहा---जिधर खुदा का घर न हो, उधर पैर कर दो भाई। आ गया न इसमें सारे ग्रंथों का सार। उसी ने आगे कहा भक्त रैदास नें जीवन, भक्ति का सार बता दिया 'मन चंगा तो कठौती में गंगा', कुछ ऐसा ही कबीर नें कहा-'पथर पूजे हरी मीले तो मैं पूजू पहार--'। ऐसी वाणी ही दादू दयाल, पीपाजी, धन्ना भगत, मीरा बाई, कर्मा बाई, नरसी भगत, बाबा फरीद, भारत में चिश्तिया पंथ के कई औलियाओं और भारत के उतर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम के अनेक सच्चे ईश्वर भक्तों की थी।

सभी धर्मों में यह ध्वनि निकलती है--एको अहम द्वितीय नास्ति कोई--सर्वत्र मै ही अर्थात परम् शक्ति व्याप्त हूँ-मैं ही सब में हूँ--आत्मा सो परमात्मा--वैसुदेव कुटुम्बकम-एक ही लाली सब लाल में-यही सब धर्मों के ग्रन्थों का मर्म है,बाकी सब आवरण।

सभी धर्म हिन्दू, बोध, इस्लाम, ईसाई के ग्रन्थों में यह सभी अच्छे जीवन के मूल्य दिए हैं। यही सनातन है।

हम इंसानों ने धर्मग्रन्थो में जो लिखा है उस पर अपनी अपनी समझ-कुसमझ-धंदे की मति की परतें चढा दी। मूल बात इन परतों में दब गई। आजकल अधिकतर लोग इन परतों की व्याख्या पर झगड़ रहे है।

सामन्त नें कहा आओ, धर्म के सहारे लूट की सीमाएं बढ़ाएं, धर्म गुरु नें कहा आओ सामन्त के सहारे धर्म के लिए स्त्रोता, अनुयायी बढ़ाएं। इसमें हिंसा, प्रतिशोध, अहम जैसे सेनापति जुड़ते गए।

उनकी चर्चा इस गम्भीरता से फिर कुछ नीचे के स्तर पर आ गई। एक नें फिर कहा आजकल तो बड़े से बड़े धर्मस्थान बनाने की होड़ सी चल रही है। कईयों नें तो सड़क-रास्तों के बीच में, कोने पर, अन्य सार्वजनिक स्थानों ही बना डाले, कोई माई के लाल में ताकत नहीं उनको खरोंच भी लगा दे। बुल्डोनर की भी हिम्मत नही, उधर देख भी ले। लोग मंदिर आदि, अपनी जमीन पर कम ही बनाते है। धर्म स्थलों पर चंदा, चढ़ाव खूब आता है, शायद इसीलिए यहां-वहां-कहीं भी इनके बनाने की होड़ सी भी रहती है।

दूसरे नें कहा देखो यह तो साफ है धर्म का काम-धन्दा जनता के चंदे-वन्दे के पैसे से ही चलता। कभी कुछ बड़े सेठ लोग भी बड़ा दान दे देते है। इन जगहों पर दान पेटियां न हो तो क्या हो?

मुसलमान युवक बोल पड़ा, कुछ भी हो, तुम्हारे वाले बाबा लोग हैं बड़े चमत्कारी। हजारों की भीड़ में से बंदों को छांट कर फट बता देते है कहाँ से आए, क्या चिंता खाए जा रही है और तत्काल समाधान भी बता देते है। भगवान तक पहुंच है, तभी बता पाते होंगे। हमारे वाले इतने पहुंचवान नहीं।

दोनों इस बात पर भी सहमत हुए --इन मसलों पर फैसले अपने बड़े-बड़े धर्मगुरुओं-मठाधीशों, इमाम-उलेमाओं के लिए छोड़ते हैं, वो इस काम में उस्ताद हैं, यह उनका धन्दा भी तो है-उनकी भी रोजी-रोटी-ऊंचे-नीचे-छोटे-बड़े-अहंकार का सवाल है? अपने गांव और आस पास के 100,50 गांवों में तो इस पर कोई तकरार है नही।

यह सब कस्बों, शहरों के, बडे लोगों, कुछ शरारती लोगों का काम है। वैसे धर्म तो सारे ही ठीक है। झगड़े की जड़ तो यही लोग है। जैसे अपने लिए तो रोजी-रोटी का सवाल बड़ा है, वैसे इनके लिए राज-अहंकार-प्रभुत्व का सवाल बड़ा है। उसी के लिए अपने जैसे छोटे आदमियों को लड़ाते-भिड़ाते रहते है।

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# प्रजा में अपने राजा के प्रति विश्वास का प्रतीक है भीण्डर की गणगौर

- **भीण्डर में डूंगरपुर रियासत से लाई हुई विजय प्रतीक है गणगौर**
- **आज राजशाही ठाठ-बाट से निकलेगी गणगौर की सवारी**



**भीण्डर में प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली गणगौर की सवारी का नजारा।**

**भीण्डर,** (निसं)। मेवाड़ की ऐतिहासिक धरती व उदयपुर दरबार के 16 उमरावों में से एक भीण्डर ठिकानें को आन-बान-शान के रूप में याद किया जाता है। शौर्य, पराक्रम और बलिदान की इस धरा से ऐसी कई अनगिनत गाथाएं जुडी हुई हैं जिसमें डूंगरपुर से लाई गणगौर विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह घटना यहां के शासकों के राजनीतिक कौशल और कुटनीति की अनुठी मिशाल है तो अपनी प्रजा में राजा के प्रति विश्वास की मिशाल हैं भीण्डर की गणगौर।

प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप के अनुज भ्राता महाराज शक्ति सिंह के वंशज व उनके पौते भीण्डर महाराज सम्बल सिंह शक्तावत जो वर्तमान वशंज महाराज रणधीर सिंह भीण्डर के पन्द्रहवीं पीढी पूर्व के शासक थे। एक बार दो व्यापारी डूंगरपुर रियासत के आसपास गांवों में व्यापार करने पहुंचे। वहां ग्रामीणों को अनाज वाडी पर दिया करते थे। इस तरह के लेन-देन को लेकर किसी कर्जदार से भीण्डर के दो व्यापारियों की कहासुनी हो गई तो उन्होंने डूंगरपुर महारावल से शिकायत कर दी। इस पर महारावल ने दोनों व्यापारियों को पकड करके बिना सुनवाई कारागार में डाल दिया। कुछ दिनों बाद डूंगरपुर महारावल ने अपने दरबार में दोनों व्यापारियों से पुछताछ की, जिसमें पूछा कि तुम कहां के रहने वाले हो तो व्यापारियों ने निडरता से जवाब दिया कि हम 'सबला' के ठिकाने के रहने वाले है। इस पर महारावल ने आश्चर्यचकित होकर पुछा यह सबला कौन है? इस पर दोनों व्यापारियों ने कहा कि हमारे भीण्डर महाराज को इस बारे में सुचना मिलेगी तो वह हमें निश्चित रूप से छुडा कर ले जाएंगे। व्यापारियों के इस उत्तर से महारावल सोच में पड गए उन्होनें सोचा इसी बहाने सबला से मुलाकात हो जाएं यह सोच कर उन्होंने एक व्यापारी को छोड दिया व दूसरे को पुनः कारागार में डाल दिया।

डूंगरपुर महारावल के चंगूल से छुट कर व्यापारी सीधा भीण्डर ठिकाने पर पहुचां और महाराज सम्बल सिंह शक्तावत को पुरी आपबीती बताई। उन्होंने डूंगरपुर कारागाह में बन्द एक व्यापारी को छुडाने की ठान ली। उन्होंने इस जोखिम भरे कार्य को पुर्ण करने का जिम्मा अपने विश्वस्त फौजदार माणक चन्द्र सामर को सोंपा और उन्हें कुछ बहादुर राजपुत सरदारों के साथ डूंगरपुर भेजा। माणक चन्द्र सामर अपने बुद्धि, चातुर्य व कौशल से डूंगरपुर कारागार तक पहुंच कर वहां तैनात सिपाहियों को परास्त कर व्यापारी को छुडा लिया। रिहा करने के बाद सामर के दिमाग में एक बात आई कि मुझे यहां से विजय प्रतीक के रूप में कोई ने कोई निशानी भीण्डर महाराज के पास अवश्य ले जानी चाहिए। उस दिन गणगौर पर्व होने से डूंगरपुर में परम्परागत तरीके से गणगौर सवारी निकाली जा रही थी। फौजदार माणक चन्द्र सामर ने अपने साथी राजपुत सरदारों के सहयोग से डूंगरपुर की गणगौर को अगवा कर लिया व डूंगरपुर के महलों में लगी कीमती पत्थरों की नकासी वाली झालियां भी निकाल कर साथ ले आए।

डूंगरपुर से लाई गई गणगौर प्रति वर्ष भीण्डर के राज-महलों से चैत्र शुक्ला तीज और सावणी तीज को गाजे-बाजे के साथ शाही लवाजमें में परम्परागत तरीके से निकाली जाती है। इस अवसर को भीण्डर नगर एवं आसपास के गांवों से ग्रामीणजन हर्षोल्लास से इस सवारी में शामिल होते है।

वल्लभनगर पूर्व विधायक रणधीरसिंह भीण्डर ने बताया कि सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति व राजमहल भीण्डर के संयुक्त तत्वावधान में 24 मार्च को परम्परा अनुसार गणगौर सवारी निकाली जायेगी। गणगौर महोत्सव के तहत राजमहल में सांयकाल 5 बजे राजघराने की महिलाएं एवं क्षत्राणियों गणगोर की पूजा-अर्चना करने के बाद गणगोर को मुख्य दरवाजे से बाहर के चौक में लाया जाएगा जहां से भव्य शोभायात्रा के रुप में रवाना होगी। जिसमें राजपरिवार के सदस्य परम्परागत वेशभुषा में क्षत्रियों व नागरिकों का नेतृत्व करते हुए चलेंगे। गणगौर सवारी नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सुरजपोल स्थित कैलाश धर्मशाला के बाहर पहुंचेगी। जहां गणगौर को नागरिकों के दर्शन के लिए रखी जाएगी व पूजा अर्चना की जाएगी। यहां से गणगौर की सवारी पुनः राजमहल में लाई जायेगी।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ उपखंड में मोटरों का खेड़ा ग्राम पंचायत के बिट्ठलपुरा गांव में पंचायत द्वारा ठेकेदार के मार्फ़त सीसी रोड़ का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा हैं। वहीं सड़क को बेतरतीब बनाया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराया। लेकिन कोई समाधान नहीं किया। गुरुवार को उच्चाधिकारियों को शिकायत कर जांच की मांग की हैं।

मांडलगढ़ के बिट्ठलपुरा गांव निवासी देबीलाल चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को प्रेषित शिकायत पत्र में बताया कि बिट्ठलपुरा गाँव में ग्राम पँचायत द्वारा स्वीकृत 7 लाख राशि की सीसी रोड़ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सीसी रोड़ का निर्माण सरकारी ग़ी शिड्यूल के निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। सड़क की मोटाई घटाकर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वहीं सीसी सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तौर से नाली बनाई गई है। मौक़े पर 5 दशक पुरानी पक्की नाली को बन्द कर सड़क को संकरा कर दिया है और देबीलाल चौधरी के भूखण्ड में नाली निकालने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों के विरोध के चलते ठेकेदार ने सड़क का निर्माण बन्द कर दिया। जिससे नालियों का गंदा पानी पीड़ित देबीलाल चौधरी के भूखण्ड में एकत्रित होने लगा है। दुर्गंध से मौसमी बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि मौक़े पर सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार से शंकरलाल, सुआ लाल, प्रभुलाल, रणजीत, श्रवण कुमार, प्रहलाद व पूरण लाल सहित अन्य लोगों ने मिलीभगत कर सड़क की नालियों का निर्माण बेतरतीब रूप से किया है। उक्त लोगों ने अपने अपने मकानों के बाहर चबूतरियों को नहीं हटाया हैं।जिससे सड़क की नाली बेतरतीब हो गई हैं। पत्र में बताया कि उक्त लोगों ने ठेकेदार से अपने घरों के अन्दर तक सीसी रोड की सामग्री को डलवा ली हैं।

ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी युवराज सिंह चौधरी ने बताया कि बिट्ठलपुरा में विधायक कोष से 7 लाख राशि की सीसी सड़क बनाई जा रही है। मौक़े पर बेतरतीब नाली निर्माण से विवाद उत्पन्न हुआ है। ग्रामीणों से समझाइश की जा रही है। नहीं माने तो नियमानुसार पुलिस कार्रवाई कराई जाएगी।

मांडलगढ़ पंचायत समिति कनिष्ठ अभियंता आदित्य कुमार तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। मौक़े पर जाकर सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच शुक्रवार को की जाएगी। मौक़े पर घटिया निर्माण होने पर ठेकेदार को पाबंद कर निर्धारित मापदण्ड से सीसी रोड़ बनाया जाएगा।



**मांडलगढ़ के बिठ्ठलपुरा गांव में घटिया निर्माण सामग्री से सीसी सड़क निर्माण कर बेतरतीब नाली बनाई जा रही है।**

# भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व ने चुनावी समय खेला ब्राह्मण चेहरे पर दाव

## मोदी और शाह की पसंद सी.पी. जोशी बने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान में सतीश पूनिया का तीन साल का कार्यकाल दिसंबर माह में पूरा हो गया था। उसके बाद से ही राजस्थान में भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनने की चर्चाएं भी शुरू हो गई थी। राजस्थान भाजपा में आपसी गुटबाजी के चलते पार्टी किसी ऐसे चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहती थी जो कि निर्गुट हो। वहीं ऐसे व्यक्ति को भी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुनना चाहती थी जो आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से पार्टी के लिए काम कर सके और खुद विधानसभा चुनाव में किसी सीट से उम्मीदवार ना हो। वही किसी एक बड़ी जाति को भी उनके नाम के माध्यम से साधने का प्रयास हुआ है।

सीपी जोशी का चेहरा अभी केवल चित्तौड़गढ़ और उदयपुर संभाग में ही ज्यादा सक्रिय रहा है। लेकिन अब सीपी जोशी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के बड़े चेहरे के रूप में सामने आएंगे। वहीं असम का राज्यपाल बनने से उदयपुर संभाग में भाजपा के बड़े चेहरे के रूप में एक वैक्यूम पैदा हो गया था। जिसे भी सीपी जोशी के मार्फत भरने का प्रयास है। वहीं 58 साल के पूनिया के मुकाबले जोशी (47) यंग भी हैं। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जोशी की नियुक्ति संबंधी पत्र जारी किया गया। वही भाजपा ने विधानसभा चुनाव से ठीक आठ महीने पहले राजस्थान प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव करके सबको चौंकाया है। सतीश पूनिया की जगह चित्तौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को भाजपा का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें प्रदेशाध्यक्ष बनाकर भाजपा ने ब्राह्मण वोटर्स को मैसेज देने की कोशिश की है। ब्राह्मण भाजपा का सबसे बड़ा कोर वोटर रहा है। ऐसे में इस बड़े वर्ग को साधने के हिसाब से इस नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। बीजेपी के पिछले 42 साल से ज्यादा के इतिहास में राजस्थान में 22 साल से ज्यादा प्रदेशाध्यक्ष इसी वर्ग से रहे हैं। जोशी भाजपा राजस्थान के 15वें अध्यक्ष और 7वें ब्राह्मण अध्यक्ष बने। इससे पहले हरिशंकर भाभड़ा, भंवरलाल शर्मा, ललित किशोर चतुर्वेदी, महेश चंद्र शर्मा, रघुवीर सिंह कौशल और अरुण चतुर्वेदी ब्राह्मण प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं।



डॉ.सी.पी.जोशी के ट्विटर हैंडल से ली गई फोटो।

पूनिया प्रदेशाध्यक्ष के पद पर करीब साढ़े तीन साल तक रहे। वहीं नया प्रदेशाध्यक्ष बनाने की चर्चाओं में सीपी जोशी का नाम सबसे आगे था। प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद सीपी जोशी ने खुद को किसी भी गुट में होने से इनकार करते हुए सबको साथ लेकर चलने की बात कही है। वहीं जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मिले। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिल कर सीपी जोशी ने साफ कर दिया की वे किसी गुट से नहीं आते हैं और उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिफारिश के बाद बनाया गया है। भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर सतीश पूनिया के बीच लगातार आपसी खींचतान बढ़ रही थी। जनवरी में जब पूनिया का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी उनको प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बरकरार रखा गया तो दोनों में दूरियां ज्यादा बढ़ने लगी। पिछले दिनों वसुंधरा राजे के सालासर में हुए जन्मदिन कार्यक्रम को लेकर दोनों में अदावत काफी बढ़ गई थी। वसुंधरा राजे के जन्मदिन कार्यक्रम के दिन ही जयपुर में पार्टी की ओर से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का कार्यक्रम तय होने की घटना से नाराज वसुंधरा समर्थक नेता इस बात को लगातार हवा दे रहे थे कि पूनिया वसुंधरा राजे को तवज्जो नहीं दे रहे। यह बात आम हो गई थी कि वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया में बन नहीं रही है। कार्यकर्ताओं में भी लगातार नेगेटिव मैसेज जा रहा था और इससे पार्टी में नीचे तक गुटबाजी पनप रही थी। केंद्रीय नेतृत्व ने बीच का रास्ता निकालकर पूनिया का एक्सटेंशन रोककर नए अध्यक्ष के तौर पर सीपी जोशी का नाम घोषित कर दिया। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व राजस्थान में चुनाव को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग पर भी फोकस किया है। मौजूदा समय में प्रदेश भाजपा में कोई भी ब्राह्मण चेहरा प्रमुख भूमिका में नहीं था। इसी तरह केंद्र की भाजपा सरकार और राष्ट्रीय संगठन में भी राजस्थान से कोई ब्राह्मण चेहरा प्रभावी भूमिका में नहीं है। राजस्थान से लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर भाजपा के कुल 28 सांसद हैं। केंद्रीय

- **प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद सासंद जोशी मिले प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से**

मंत्रिमंडल में राजस्थान की भागीदारी की बात करें तो चार मंत्री हैं। इनमें तीन लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और कैलाश चौधरी और एक राज्यसभा सांसद भूपेंद्र यादव केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हैं। गजेंद्र सिंह शेखावत गैर आरक्षित वर्ग से आते हैं, जबकि बाकी तीनों मंत्री आरक्षित वर्ग से हैं। इनमें एक एससी और दो ओबीसी वर्ग से हैं। लोकसभा अध्यक्ष के पद पर कोटा सांसद ओम बिड़ला हैं जो वैश्य वर्ग से आते हैं। वही उपराष्ट्रपति के पद पर जगदीप धनखड़ हैं जो जाट समुदाय से हैं। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व, केंद्रीय मंत्रिमंडल और राष्ट्रीय संगठन में कोई भी ब्राह्मण नेता प्रमुख भूमिका में नहीं होने के कारण सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने ब्राह्मणों को साधने की कोशिश की है। प्रदेश में ब्राह्मणों का बड़ा वोट बैंक है और माना जाता है। हाल ही जयपुर में हुई ब्राह्मण महापंचायत में भी ब्राह्मण समाज को राजनीतिक रूप से कम आंके जाने की बात उठी थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने के विरोध में जाट समाज के लोगों के द्वारा भाजपा कार्यालय के सामने प्रधानमंत्री मोदी अमित शाह का पुतला जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी समाज के विरोधी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा सभी समाज की पार्टी है। यहाँ अध्यक्ष किसी जाति का नहीं पार्टी कार्यकर्ता होता है। मेरा 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो चुका, नये अध्यक्ष पार्टी को और आगे ले जाएँगे। जो लोग भी भाजपा कार्यालय प्रदर्शन कर रहे हैं वह भाजपा कार्यकर्ता नहीं हैं।

# 'मोहरे बदलने से सत्ता नहीं बदलती'

## भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष बदलने के मौके का लाभ उठाते हुए मु.मंत्री गहलोत के गुणगान के कसीदे कसे

- **यह कहकर डोटासरा ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग करने वालों को निशाने पर लिया और कहा, "सत्ता तो गहलोत की तरह जनहित के कार्य करने से आती है"**
- **इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर सिर्फ तीन मंत्री और 7 विधायक ही विरोध- प्रदर्शन में पहुंचे, जबकि सभी को अनिवार्य रूप से आने को कहा था**

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में कांग्रेस में कई दिनों से बदलाव को लेकर अटकलें चल रही है यहां तो बदलाव नहीं हुआ लेकिन भाजपा ने सतीश पूनियां के स्थान पर अब चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसी बहाने अपनी पार्टी के नेताओं को इशारों ही इशारों में हिदायत दे डाली और कहा कि मोहरे बदलने से सत्ता नहीं बदलती।

डोटासरा ने कहा कि भाजपा के निर्णय में मुझे ज्यादा नहीं कहना, लेकिन मोहरे बदलने से सत्ता में नहीं आया जा सकता। उन्होंने कहा कि 4 साल से भाजपा प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने में फेल रही है। इनके पास न एकजुटता है, न ये जनता के मुद्दे उठा पाते हैं। जनता से जुड़े जितने भी मुद्दे हैं, उन्हें गहलोत की नेतृत्व वाली सरकार सॉल्व कर रही है। अच्छी गवर्नमेंट दे रही है और हम जनता के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए कहना चाहता हूं कि मोहरे बदलने से कुछ नहीं होगा। आपको अपने विचार और अपनी विचारधारा को बदलना पड़ेगा।

डोटासरा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कामों की तारीफ करते हुए कहा कि सत्ता केवल गहलोत की तरह जनता की सेवा करने से ही आती है न कि एसी के कमरों में बैठकर ट्विटर पर अपनी बात रखने से। उन्होंने कहा कि जनता क्या चाहती है, उसके लिए अगर जनता की किसी भी पॉलिसी को बदलना है तो उसे बदलना पड़ेगा। केवल एसी में बैठकर ट्विटर के माध्यम से प्रचार करना सब कुछ नहीं होता। सत्ता में वह लोग आते हैं जो जनता के वेलफेयर के लिए काम करते हैं, उनके लिए कल्याणकारी नीतियां लाते हैं और जनता को लाभ पहुंचाते हैं। यह काम भाजपा नहीं कांग्रेस कर रही है।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आव्हान पर राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के लिए सभी मंत्रियों और विधायकों/विधानसभा उम्मीदवारों को बुलाया गया था, लेकिन तय समय के 1 घंटे बाद और विरोध कार्यक्रम के अंत तक सिर्फ तीन मंत्री और 7 विधायक ही विरोध प्रदर्शन में पहुंचे। वहीं कांग्रेस के विधानसभा उम्मीदवारों में भी दो-तीन ही प्रदर्शन में पहुंचे थे।

# जोशी के अध्यक्ष बनने से भाजपा परिवार में खुशी का माहौल

**जयपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सांसद सीपी जोशी को बधाई देते हुए प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

भाजपा में अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष बने मिलनसार व्यक्तित्व के धनी चित्तौडगढ़ के सांसद सीपी जोशी 2019 के लोकसभा चुनाव में पूरे देश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीतने वाले पहले 10 सांसदों में से थे। वही राजस्थान में बड़ी जीत के मामले में वो दूसरे नंबर पर थे, इससे उनकी लोकप्रियता का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने सीपी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि सरल, सौम्य एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी, लोकप्रिय युवा सांसद के कुशल संगठनात्मक नेतृत्व में राजस्थान में भाजपा का और विस्तार कर कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर की, उनको आगामी कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से संगठन से जुडे विभिन्न दायित्वों का निवर्हन करने वाले जोशी निश्चित ही पार्टी को सफलता के नए मुकाम पर लेकर जाएंगे। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और राजस्थान की सह-प्रभारी विजया राहटकर ने जोशी की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहज एवं विनम्र व्यक्तित्व पार्टी से नए एवं ऊर्जावान युवाओं को पार्टी से जोड़ने में सहायक होगा। निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जोशी को बधाई देते हुए उनकी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्ति किया, उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर 2023 में राजस्थान को कांग्रेसमुक्त बनाकर भाजपा बहुमत की सरकार बनाएगी।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने सांसद सीपी जोशी को भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जोशी के राजनीतिक अनुभव का भाजपा को निश्चित ही लाभ मिलेगा।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सांसद सीपी जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा। पार्टी नये किर्तिमान स्थापित करेंगी। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि, पार्टी की निष्कर्म सेवा का पर्याय सांसद सीपी जोशी को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जोशी की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा निश्चित रूप से आपके अनुभव और कार्यशैली में मरूधरा में किर्तीमान स्थापित करेगी।

केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने सांसद सीपी जोश का शुभकामना देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में प्रदेश भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओम माथुर ने सांसद सीपी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि 2023 में उनके नेतृत्व में पार्टी निश्चित ही फतेह करेगी। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने सांसद जोशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ मजबूत संघर्ष जारी रखेगी। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने सीपी जोशी को बधाई देते हुए कहा कि, आपके नेतृत्व में संगठन दिन दुगनी और रात चौगुनी तरक्की करेगा और 2023 और 2024 में हम भाजपा की ऐतिहासिक जीत प्राप्त करेंगे।

## पूनियां ने जताया केन्द्रीय नेतृत्व का आभार

**जयपुर।** भाजपा के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने सांसद सीपी जोशी को प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद बयान देते हुए कहा कि मैं हृदय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं, और पार्टी के निर्णय का स्वागत करता हूं। यह भाजपा ही है जो सदैव समय-समय पर नए नेतृत्व को तैयार करती है, अवसर देती है और आगे बढ़ाती है। सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नामित होने से पार्टी को और ज्यादा ताकत मिलेगी, हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 2023 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर करेंगे और भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएंगे और 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। पार्टी ने मुझे पूरे 3 वर्ष संगठनात्मक काम के लिए दिये और मैंने भी कोरोना के भीषण संकट में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुरूप रचनात्मक कार्यों द्वारा सहभागिता दी, पार्टी के सेवा ही संगठन के इस कार्य में प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने करोड़ों जरूरतमंदों की भोजन, राशन, दवाइयां इत्यादि कार्यों द्वारा सेवा की।

## अब जल्द ही होगी नेता प्रतिपक्ष की घोषणा

**जयपुर।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से पिछले करीब एक माह से खाली पड़े नेता प्रतिपक्ष के पद की घोषणा होने की सम्भावना है। बताया जा रहा है कि पहले प्रदेशाध्यक्ष के पद पर घोषणा होने थी अब प्रदेशाध्यक्ष के पद पर घोषणा होने के बाद अब जल्द ही घोषणा होगी। वहीं केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से चुनावी समीकरणों को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष की घोषणा की जाएगी। केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा प्रदेशाध्यक्ष पद पर ब्राह्मण के चहरे पर दाव खेला है तो नेता प्रतिप़क्ष के पर पर जाट, राजपूत या पिछड़ी जातियों में एक जाति को मौका दिया जा सकता है। वही सीपी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद अब सतीश पूनियां को नेता प्रतिपक्ष बनाने की चर्चा जोरो पर हैं।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# दिव्या मित्तल का केस क्यों नहीं हुआ सूचीबद्ध?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के निलंबित एडी.एसपी दिव्या मित्तल की जमानत याचिका तय समय पर सूचीबद्ध नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार न्यायिक को निर्देश दिए हैं कि वह प्रकरण की जांच कर संबंधित अधिकारियों की सूची तैयार करे। अदालत ने रजिस्ट्रार से यह भी बताने को कहा है कि ऐसे कितने मामले में हैं, जिनमें अदालती आदेश के बावजूद भी केस तय समय पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया। वहीं अदालत ने दिव्या मित्तल की जमानत याचिका को अन्य एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने को कहा है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह ने यह आदेश दिव्या मित्तल की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए दिए।

दरअसल गत 16 फरवरी को याचिकाकर्ता दिव्या की ओर से उनके वकील ने मामले की सुनवाई एक सप्ताह टालने की गुहार की थी।

## हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने फायरमैन भर्ती-2018 की दक्षता परीक्षा में अनियमिता से जुडे मामले में स्वायत्त शासन सचिव और कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश मुकेश कुमार शर्मा व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि 10 अगस्त 2021 को फायरमैन ने छह सौ पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई।

# आंदोलनकारी निजी चिकित्सकों ने जे.एल.एन. मार्ग पर जे.सी.बी. लगाकर रास्ता जाम किया

## राइट टू हैल्थ विधेयक के विरोध में निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का आंदोलन गुरूवार को भी जारी रहा

**जयपुर,(कासं)।** राइट टू हैल्थ विधेयक के विरोध में निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का आंदोलन गुरूवार को भी जारी रहा। इस दौरान प्रदेश के अधिकांश निजी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं किया गया। वहीं आंदोलन का समर्थन कर रहे रेजीडेंट डॉक्टर्स ने एसएमएस अस्पताल में आज भी कार्य बहिष्कार किया। उधर सेवारत चिकित्सकों ने अस्पताल समय के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस का पूर्णतः बहिष्कार करने का ऐलान किया है। वहीं दूसरी ओर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने चरक भवन के समक्ष जेएलएन मार्ग पर जेसीबी से रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इधर, राहत की बात रही कि बुधवार को दो घंटे के कार्य बहिष्कार के बाद सीनियर डॉक्टर्स काम पर लौट आए। इसके बाद उनकी इमरजेंसी वार्ड में राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई गई। मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए ओपीडी में अतिरिक्त चिकित्सक लगाए गए हैं। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ मेडिसिन विभाग में देखने को मिल रही है जिसको देखते हुए प्रशासन ने विभाग की दो अलग-अलग विंग ओपीडी में शुरू कर दी है।

रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल पर चले जाने के बाद एसएमएस अस्पताल में इलाज को लेकर लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रेजिडेंट चिकित्सकों के कार्य बहिष्कार को देखते हुए अब सिर्फ जरूरी सर्जरी ही की जा रही है, जबकि रूटीन ऑपरेशन को फिलहाल टाल दिया गया है। प्रदेश के करीब 2000 से अधिक निजी अस्पतालों में हड़ताल के कारण सरकारी



राइट टू हैल्थ विधेयक के विरोध में निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का आंदोलन गुरूवार को जारी रहा।

अस्पतालों में मरीजों का दबाव बढ़ने लगा है। जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स के अध्यक्ष डॉ. नीरज डामोर ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई है, लगभग सभी अस्पताल निःशुल्क इलाज इस योजना के तहत मरीजों को उपलब्ध करवा रहे हैं। ऐसे में राइट टू हेल्थ बिल की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन फिर भी सरकार ने यह बिल चिकित्सकों पर थोप दिया। सवाई मानसिंह सहित सभी मेडिकल कॉलेजों वाले हॉस्पिटल्स में दिनोंदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश से मरीजों को ज्यादा परेशानी उठानी पडी। इस दौरान दो घंटे की ओपीडी रखी गई और सुबह से यहां मरीजों की कतार लग गई। वहीं रेजीडेंट्स की अनुपस्थिति के कारण गंभीर मरीजों को ही अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है।

राजधानी में निजी चिकित्सक दोपहर को जेएमए सभागार के बाहर एकत्र हुए और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान चिकित्सक जेएलएन मार्ग पर आ गए और रास्ता रोक दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रास्ता खुलवाया। इसके कुछ देर बाद ही चिकित्सक जेसीबी लेकर सड़क पर आ गए और फिर रास्ता जाम कर दिया। इस दौरान कई लोगों की चिकित्सकों से कहासुनी भी हुई। इस बीच एक कैब चालक को रास्ता नहीं देने पर उसकी डॉक्टरों से झड़प हो गई। बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया। प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि जेएमए सभागार में हुई बैठक में बड़ी संख्या में चिकित्सक जुटे और आंदोलन की आगे की रणनीति पर अपने सुझाव दिये। रोजाना आंदोलन को मिल रहे समर्थन को देखते हुए इसकी सुचारू कार्यप्रणाली के उद्देश्य से विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इस बिल की संवैधानिक वैधता एवं अन्य विसंगतियों पर क़ानून एवं संविधान विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस क़ानून को पारित किए जाने के बाद अन्य राज्य सरकारो द्वारा भी इस तरह के क़ानून लाए जाने की संभावनाओं के मद्देनज़र अन्य प्रदेशों के चिकित्सक संघटनों ने भी आंदोलनकारियों के साथ चर्चा की।

बिल के विरोध में गुरुवार शाम को डॉक्टरों ने आरडी हॉस्टल से अल्बर्ट हॉल तक कैंडल मार्च निकाला। हालांकि

- **सेवारत चिकित्सकों ने अस्पताल समय के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस का पूर्णतः बहिष्कार करने का ऐलान किया है।**
- **एसएमएस सहित अन्य बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव बढ़ने से कई ऑपरेशन टले। मरीज हुए परेशान**

यह कैंडल मार्च कुछ देर बाद मोबाइल टॉर्च मार्च में बदल गया। इस दौरान मौसम बदलने की वजह से तेज हवाएं चली। जिसके चलते कुछ देर बाद कैंडल बुझ गई। इसके बाद डॉक्टरों ने अपने मोबाइलों की टॉर्च को शुरू कर लिया। फिर टॉर्च की रोशनी में मार्च निकाला गया। इस दौरान डॉक्टरों ने गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डॉक्टरों ने कहा कि उनका विरोध तब तक जारी रहेगा। जब तक यह बिल वापस निरस्त नहीं होगा।

इस बीच निजी चिकित्सकों के आंदोलन को समर्थन देते हुए अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी ने घोषणा की है कि सेवारत चिकित्सक अपने अस्पताल समय के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस का पूर्णतः बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि बिल में कई प्रावधान ऐसे हैं जो चिकित्सक के इमरजेंसी के समय लिए जाने वाले निर्णय पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं।


**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि H.Board की मालवीय नगर योजना में फ्लेट नं. 10/852 G.F. का अलोटमेंट/ कब्जा पत्र क्रमांक 3360 दिनांक 30.03.91 जो कि दिनेश अग्रवाल पुत्र स्व. श्री वृज बिहारी गुप्ता के नाम से है, वो खो गया है। जिसकी रिपोर्ट LR No. 1756923/2023 दिनांक 22.03.2023 दर्ज करा दी गई है। उक्त संपति के लिए विजय गुर्जर S/o श्री बिरदी चन्द गुर्जर ने SBI में ऋण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में सम्पर्क करें। मिलने पर सूचित करें। दिनेश अग्रवाल - 9001896122

**आम सूचना**-हर आम व खास को जरिये इस आम सूचना के सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री महावीर चौधरी पुत्र श्री नेमीचंद चौधरी, निवासी सी-2/11, एल.आई.सी. फ्लैट, विद्याधर नगर, सेक्टर संख्या-2, जयपुर के पास अपने स्वामित्व का कब्जे शुदा भूखण्ड प्लाट संख्या ए-102 बालाजी विहार-25, बेनाड रोड, जयपुर है जिसका कुल क्षेत्रफल 196.25 वर्गगज है उक्त भूखण्ड का मेरा अभिभाष्य एक मात्र मालिक व स्वामी है जिसमें किसी का कोई सीर-साँझा नहीं है तथा उक्त भूखण्ड को मेरे अभिभाष्य ने कभी भी किसी को बेचने बाबत कोई इकरारनामा या अन्य दस्तावेज निष्पादित नहीं किया हुआ है फिर भी मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड बाबत कोई व्यक्ति या फर्म किसी भी प्रकार के दस्तावेज से यदि मालिकाना या अपना अन्य हित कलेम करता है तो वह पूर्णतया अवैध व शून्य है तथा चूंकि अब मेरे अभिभाष्य को रूपयों की आवश्यकता है इसलिए मेरा अभिभाष्य उक्त भूखण्ड का बेचान करेगा, इसलिए उक्त आम सूचना के द्वारा मेरा अभिभाष्य हर आम व खास को सूचित करता है कि यदि किसी भी व्यक्ति या फर्म को मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित के भूखण्ड के बेचान पर आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति मुझे लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात किसी भी व्यक्ति या फर्म की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व मेरे अभिभाष्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति या फर्म का विक्रय इकरारनामा या अन्य दतावेज पूर्णतया निरस्त व रद्द माना जावेगा। अतः सूचित रहें।

दिनांक- 21.03.2023 अरुण सिंह शेखावत
अधिवक्ता लॉयर्स चैम्बर नंबर 261, ई ब्लॉक, राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर मो. 9166106999

प्रपत्र संख्या-7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम,वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 39/2022

चूंकि श्री सुरेश चन्द्र कूलवाल पुत्र स्व. श्री नाथूलाल कुलवाल निवासी फ्लैट नं. 203 अक्षत रूप गुलाब द मिस्टिक, प्लाट नं. ए-6-1 महावीर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री कल्याण सेवा ट्रस्ट फ्लैट नं. 203 अक्षत रूप गुलाब द मिस्टिक, प्लाट नं. ए-6-1 महावीर मार्ग, सी-स्कीम जयपुर-302005 प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25.04.2023

मोहर अदालत

रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

I, 15682964H Hav Sunil Prasad, R/o Vill.- Kamlu Toli, Post- Chutia, Dist.- Ranchi (Jharkhand), have changed my daughter name from Aarchi to Aarchi Prasad. Vide affidavit no. 5216 Dt. 23.03.2023

मैं, विकास यादव पुत्र चन्द्रशेखर यादव मेरी सही जन्मतिथि 01.01.2003 है जो कि मार्कशीट, आधार कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों में दर्ज है एवं भविष्य के सभी कारणों के लिए भी उक्त जन्मतिथि ही सही समझी जावे।

मेरे शैक्षिणक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम विजय सिंह दर्ज है, परन्तु मेरा वास्तविक नाम विजय सिंह शर्मा है भविष्य में मुझे विजय सिंह शर्मा पुत्र केदारनाथ शर्मा निवासी -8, द्वारिकापुरी लेन, जमनालाल बजाज मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर के नाम से ही जाना जावे।

**खोया-पाया**

199, मूंडिया रामसर पुनर्वास योजना का मूल आवंटन पत्र खो गया, मिलने पर सूचित करें। लक्ष्मण पुत्र श्री रामकरण मो. 9928227123

बाबा आर.एन. गौड गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेडजयपुर योजना श्री नगर ग्राम बम्बाला टोल टैक्स टोंक रोड, सांगानेर जयपुर के प्लाट नं. 146-ए, के मूल पट्टा, साईट प्लान, रसीद खो गयी है। मिलने पर सूचित करें। अशोक चौधरी- 9664417257

ग्राम वाटिका, तहसील सांगानेर जिला जयपुर की कृषि भूमि का खसरा नंबर 2062 रकबा 0.06 हैक्टेयर के समस्त कागज कहीं गुम हो गये हैं मिलने पर सूचित करें। मंजू जैन पत्नी निर्मल जैन 8278681679

दिनांक 21.3.2023 को पानीपेच तिराया IG Office से घर आते समय एक काले रंग का बैग Auto में रह गया है, जिसमें कुछ जरूरी दस्तावेजों की मूल प्रतियां तथा कुछ फ़ोटोप्रतियाँ थी। कृपया जिस किसी को मिले इस नं. पर सूचित करे। श्रीमती विदुषी गर्ग मो.- 8209642466

# नव घोषित जिलों को लेकर प्रदेश में आंदोलन जारी

## सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहा है आन्दोलन

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहा आन्दोलन लगातार जारी है। आन्दोलन के तहत छठे दिन भी बोबासर पुलिया एवं छापर तिराहे पर धरना दिया जा रहा है तथा जाम लगा हुआ है। वहीं आन्दोलन के समर्थन में विगत पांच दिनों से बंद बाजार गुरूवार को खुले हैं तो आन्दोलन के समर्थन में लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को बुलन्द किया है। वहीं जयपुर में भी मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपने के साथ ही राजस्थान युनिवर्सिटी पर प्रदर्शन कर सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को बुलन्द आवाज प्रदान की गई।

**छठे दिन खुले बाजार:-** सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आन्दोलन के समर्थन में विगत पांच दिनों से बंद शहर के बाजार गुरूवार को खुले। दुकानें खुलने से बाजारों में चहल-पहल शुरू होने के साथ ही रौनक लौटी। लोगों ने दुकानों पर पहूंच कर अपनी जरूरत के सामान की खरीददारी की। ज्ञात रहे कि नवरात्रा, रमजान एवं वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवसों को देखते हुए बाजार खोलने का निर्णय लिया गया है। किराणा मर्चेन्ट एसोशियसन के अध्यक्ष पवन माहेश्वरी ने कहा कि सभी व्यापारी जिला बनाने को लेकर चल रहे आन्दोलन के साथ हैं। माहेश्वरी ने सरकार से सुजानगढ़ को शीघ्र ही जिला घोषित करने की मांग की है।

**निकाली तिरंगा यात्रा:-** सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर किए जा रहे आन्दोलन के समर्थन में वार्ड नं. 56, 57 व 58 के लोगों ने रेलवे माल गोदाम के पीछे से छापर तिराहे तक तिरंगा यात्रा निकाली। भाजयुमो अध्यक्ष अमित मौसूण व पार्षद गौरव इंदौरिया के नेतृत्व निकली तिरंगा यात्रा में प्रधान मनभरी देवी मेघवाल, भाजपा नेता बी.एल. भाटी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, कमल दाधीच, पार्षद मनोज पारीक, पार्षद दीनदयाल पारीक, नरेन्द्र गुर्जर, महेश जोशी, विश्वदीपक काछवाल, चन्द्रप्रकाश शर्मा, अजनबी खान, गोपाल जोशी, मनफूल गुर्जर, राजेश सैन, रमन स्वामी, अमजद खान, दिनेश गुजराती, निलेश गुजराती, मुकेश भाट, सरला शर्मा सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।



सुजानगढ़ के छापर तिराहे पर तिरंगा यात्रा के दौरान नारेबाजी करते हुए शहर की जनता।

**रैलियों के रूप में पहूंच कर आन्दोलन को मजबूती प्रदान कर रही है जनता:-** वार्ड नं. 46 के लोगों ने रैली निकाल कर जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आन्दोलन को अपना समर्थन दिया है। रैली के दौरान लोगों ने नारेबाजी करते हुए सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को मजबूती प्रदान की। पार्षद शारदा मंडावरिया के नेतृत्व में निकाली गई रैली में गणेश मंडावरिया, भवानीसिंह, वेदप्रकाश नाथ, संजय, कालू, भागीरथ प्रजापत, धारूराम, भंवरसिंह, मंजू चौधरी, नेमीचंद फौजी, मदनसिंह, पप्पू पेंटर, विकास बागडी, रेवन्त पंवार, दाखादेवी, जीवनीदेवी नायक, धन्नीदेवी, मीरादेवी, बंशीलाल, सम्पतमल, भैराराम बावरी, कालूराम खटीक, बेदाराम जाट, नथमल, बीरबल, खेमचंद फलवाडिया सहित अनेक लोग शामिल थे। इसी प्रकार वार्ड नं. 31 के निवासियों ने पार्षद ममता ओझा के नेतृत्व में वार्ड से रैली निकाल कर सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को अपना समर्थन दिया। आन्दोलन स्थल पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए पार्षद ममता ओझा ने सुजानगढ़ को उसका खोया हुआ गौरव प्रदान करने की सरकार से मांग की। भाजपा नेता नरेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में लोगों ने तिरपाल मंडी पंहूच कर खुली हुई गोदामों को बंद करवाया। व्यापारियों ने जिले की मांग का समर्थन करते हुए अपनी गोदामें बंद की तथा मुख्यमंत्री एवं विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पार्षद हरिओम खोड, मनोज पारीक, रविन्द्र पांडे, शिवभगवान चौहान, हिमांशु भाटी, रोशन खीची, हाफिज अब्दुल सलाम खीची, असलम अगवान सहित अनेक तिरपाल व्यापारी उपस्थित थे।

- **आन्दोलन के तहत छठे दिन भी बोबासर पुलिया एवं छापर तिराहे पर धरना जारी**
- **गत पांच दिनों से बंद शहर के बाजार गुरूवार को खुले, चहल-पहल लौटी**

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग अब जन आंदोलन का रूप बनी

## गांव-ढाणी से शुरू हुआ खून से पोस्टकार्ड लिखना व हस्ताक्षर अभियान

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप बन चुकी है। मालपुरा को जिला बनाने की आवाज अब गांव-ढाणी तक पहुंच उग्र आंदोलन में तब्दील होती प्रतीत हो रही है।

गुरूवार को मालपुरा डाक बंगले में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, व्यापारी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक जाजम पर बैठ एक स्वर में जिला घोषित नहीं करने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र राजपुरोहित, कांग्रेस पंचायत समिति सदस्य भंवर लाल मुवाल को संगठन पदाधिकारियों से चर्चा कर सीएम से समय लेने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कोर कमेठी की हुई बैठक में पूर्व सीआर विवेक व्यास, एडवोकेट रवि कुमार जैन, गोपाल चौधरी संवारिया, अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रेमप्रकाश सैनी को वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिल मालपुरा विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से ज्ञापन प्रेषित कर वार्ता के लिए समय लेने का जिम्मा सौंपा गया।

विधायक चौधरी ने कहा कि एकजुट होकर ही मालपुरा को जिला बनाने के लिए शुरू किये गये आंदोलन में सफलता मिलेगी। पूर्व उप जिला प्रमुख अवधेश शर्मा ने डाक बंगले में मौजूद सैंकडों युवाओं के साथ स्वयं के खून से 51 हजार पोस्टकार्ड लिखने के लिए अभियान का शुभारम्भ किया। तो व्यास सर्किल सहित गांव-ढाणियों में लगे होर्डिंग पर हस्ताक्षर अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है।

गुरूवार तक तकरीबन 20 हजार से अधिक हस्ताक्षर किये गये। एसडीएम आवास के सामने आमरण अनशन पर बैठे युवा कमलेश सैनी, स्वप्रिल भडाना, प्रधान जाट का अनशन व धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। विधायक चौधरी ने धरना स्थल पर पहुंच युवाओं की कुशलक्षेम पूछ मालपुरा को जिला बनाने के लिए उठाये गये कदम पर पीठ थपथपाई। धरना स्थल पर भी सौ से अधिक युवाओं ने स्वयं के खून से पत्र लिखा। हजारों की संख्या में युवाओं ने बुधवार की रात को मालपुरा में कैण्डल मार्च निकाला।

- **तीसरे दिन भी जारी रहा तीन युवाओं का अनशन व धरना, डाक बंगले में हुई सर्वदलीय बैठक**

# गुढ़ागौड़जी व रघुनाथपुरा के गांवों में नव गठित नीमकाथाना जिले का विरोध

- **सिंगनौर में हुई नीमकाथाना जिले के विरुद्ध विरोध सभा, एक अप्रेल को गुढ़ा घेराव में सिंगनोर से आएंगे हजारों लोग**
- **मंत्री राजेंद्र गुढ़ा इस मुद्दे को जातिवाद की तरफ मोड़ने की साजिश कर रहे हैं: मूंड**

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** गुढ़ागौड़जी व रघुनाथपुरा पटवार मंडल के गांवों में लगातार नव सृजित नीमकाथाना जिले का विरोध हो रहा है और संघर्ष समिति गांव गांव में जनसभाएं कर जनता से आ ान कर रहे है। गुरुवार दोपहर सिंगनौर ग्राम पंचायत के सरकारी हॉस्पिटल के सामने सैंकड़ों ग्रामीणों ने विरोध सभा की। इस सभा में शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा के पुष्प अर्पित कर शहीदों के लिए जमकर नारेबाजी की गई।

पूर्व पंचायत समिति सदस्य जयंत मूंड ने कहा कि रघुनाथपुरा मंडल के गांव पंचायत पोषाणा, रघुनाथपुरा, धमोरा, सिंगनौर की लंबे समय से तहसील गुढागौड़जी के लिए संघर्ष कर रहा था। अब हमारे पर तो बहुत बड़ी विपदा आ गई। यदि संघर्ष के बाद गुढागौड़जी तहसील नीमकाथाना जिले में जाने से बच भी जाएगी पर हमारी समस्या बड़ी है। इसको लेकर हर घर से सदस्य इस आंदोलन का हिस्सा बनेगा। स्थानीय नेता जनता को लड़ाकर इस मुद्दे पर फूट डालने का काम कर रहे है। जो शर्मनाक है। हमारी तो मरने या मारने की नौबत आ गई है। राज्य सरकार का मंत्री राजेंद्र गुढ़ा जनता को गुमराह कर रहा है व जातिवादी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहा है। वो जनता का इतना ही हितैषी है तो सड़कों पर जनता की जगह उसे होना चाहिए था।

पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि जनता से अधिक से अधिक आंदोलन में आने का आव्हान किया व कहा कि इस मुद्दे पर वो राजनीति से परे आपके बीच संघर्ष के लिए तैयार हूं। इस विरोध सभा को पंचायत समिति सदस्य रामसिंह खेदड़, किसान नेता मूलचंद खरींटा, सरपंच विजय ओला, जेपी महला, भूपेंद्र छावसरी, नरेंद्र गढ़वाल, कुरड़ाराम जाखड़ आदि ने संबोधित किया। इस विरोध सभा में पूर्व सरपंच हरिसिंह गोदारा, युवा नेता सुनील धींवा, घनश्याम जाखड़, शीशराम भड़ाना, शीशराम गोदारा, रामनिवास मीणा, रामनिवास जांगिड़, पूर्व पंचायत समिति झाबरसिंह मूंड, गोरुराम कुलहरि, नंदलाल भड़िया, कजोड़मल जांगिड़, रामावतार, ख्यालीराम, बनवारीलाल, रामकुमार भर्रा, मुकेश मूंड, लीलाधर देवठिया, राजेंद्र हवलदार, सांवर मल धायल, प्रदीप कुड़ी, हरिराम शर्मा, श्रीराम देवठिया, महिपाल जाखड़, रामनाथ कुलहरि, गिरधारीलाल, बजरंगलाल कुलहरि, मनीष शर्मा, महेंद्र दूत, राजेंद्र मूंड, योगी शर्मा, अंकित शर्मा, नरेंद्र देवठिया, पिंटू जांगिड़ आदि सहित अनेकों ग्रामवासी व नौजवान मौजूद थे।

# 93 क्विं. चोरी के विद्युत तार सहित दो गिरफ्तार

## तार चोरों के खिलाफ तारानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर पुलिस ने गुरुवार को दो अलग-अलग कन्टेनरों से 93 क्विंटल 400 केवी चोरी के विद्युत तार ले जाते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। थानाधिकारी गोविंदराम बिश्नोई ने बताया कि आज गुरुवार सुबह 3 बजे सरदारशहर सड़क मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने जिसमें एसएचओ स्वयं, एचसी महेश मीणा, कांस्टेबल विकास, दीनदयाल, दशरथ, प्रमोद आदि ने सरदारशहर की तरफ से आ रहे दो कन्टेनरों की तलाशी ली तो दोनों कन्टेनरों में 93 क्विंटल 400 केवी के चोरी के विद्युत तार मिले जो हिसार बेचने के लिए ले जाए जा रहे थे। पुलिस ने तार सहित दोनों कन्टेनरों को जब्त कर लिया तथा उत्तर प्रदेश निवासी अनिल कुमार यादव व रामखिलाड़ी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की।



तारानगर पुलिस ने तार चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## नाबालिग ने ब्लेड से काटी गर्दन

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग ने पिता के थप्पड़ से नाराज होकर ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया है।

जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय नाबालिग को नशे की लत लग गई थी। गुरुवार सुबह देर तक सोने की वजह से उसके पिता ने जब नाबालिग को जगाया तो उसने उठने से मना कर दिया। नाबालिग बेटे की नशे की लत को देखकर पिता ने उसके 2 थप्पड़ जड़ दिए। जिससे नाराज नाबालिग ने घर में रखे ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली। जिससे नाबालिग लहूलुहान हो गया। जिसे लेकर परिजन जिला अस्पताल धौलपुर की इमरजेंसी में पहुंचे, जहां तैनात ड्यूटी डॉक्टर ने नाबालिग को इलाज के लिए ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया। साथ ही घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

# निंबाहेडा जिला अस्पताल का डॉक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**निम्बाहेड़ा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ टीम ने निंबाहेडा जिला अस्पताल में कार्यरत गायनिक सर्जन डॉक्टर रितेश जैन को रिश्वत लेते धरा है। चिकित्सक को घर पर मरीज के परिजन से 4500 रुपए लेते हुए चित्तौड़गढ़ एसीबी टीम ने प्रार्थी मरीज परिवार की शिकायत पर मौके से गिरफ्तार किया।



आरोपी डॉक्टर रितेश जैन

बताया गया कि निंबाहेड़ा जिला अस्पताल में कार्यरत गायनिक सर्जन डॉक्टर रितेश जैन ने बुधवार को निंबाहेड़ा निवासी वसीम नाम के एक शख्स की पत्नी की डिलीवरी करवाई थी, लेकिन डिलिवरी से पहले डॉक्टर ने मरीज के परिजन से सौदा कर लिया था कि उसे पत्नी के ऑपरेशन के लिए 5500 रुपए नकद देने होंगे, जिसमें उन्होंने घर पर रात को बुला कर प्रार्थी से 1000 रुपये ले लिए। गुरुवार को डॉक्टर हाफ-डे लेकर घर चला गया। गुरुवार शाम करीब 3 बजे वसीम को बाकी 4500 रुपए डॉक्टर के घर देने जाना था, लेकिन उसने चित्तौड़गढ़ एसीबी को सूचना दे दी। जिससे चित्तौड़गढ़ एसीबी ने रंगे हाथ डॉक्टर को पकड़ने की प्लानिंग की। जिस में प्रार्थी वसीम डॉक्टर के घर पर पहुंच कर जैसे ही 4500 रुपए देता है। डॉक्टर रितेश जैन को चित्तौड़गढ़ एसीबी के एडिशनल एसपी कैलाश सिंह सांदू, सीआई दयाल सिंह चौहान और टीम ने गिरफ्तार किया।

## किसान की करंट लगने से मौत

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में बुधवार देर शाम को खेत पर कृषि कार्य करते समय बिजली करंट लगने से किसान की मौत हो गई। एएसआई राम कुमार ने बताया कि देर शाम करीब 9 बजे लक्ष्मण (45) पुत्र भौराराम निवासी धाबाई ढाणी नारायणपुर अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था। उस समय अचानक किसान लक्ष्मण को बिजली का करंट लग गया। घायल किसान को परिजन नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां पर चिकित्सकों ने घायल किसान लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के चाचा के लड़के हजारी सिंह ने नारायणपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। मृतक लक्ष्मण अपने पिता के इकलोती संतान था तथा उसके भी एक ही लड़का हैं और उसकी पत्नी विकलांग है। परिवार की सारी जिम्मेदारी मृतक लक्ष्मण पर थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवकों की मौत

- **पिकअप के चालक की मदद करने के इरादे से रुके थे युवक**
- **पिकअप खराब होने पर गांव से मिस्त्री लाकर की थी मदद**

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** जयपुर हाइवे मार्ग पर गुरुवार अल सुबह खराब हुई पिकअप के चालक की मदद करने के इरादे से रुके तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दर्दनाक हादसे की इत्तला मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवकों में गांव माधोपुरा दूदू निवासी शंकरलाल (35) पुत्र मदनलाल रेगर, इसी गांव के शिवराज (30) पुत्र मोहनलाल व दांतरी दूदू निवासी दयाल (34) पुत्र रामकरण रेगर शामिल है।

जानकारी के अनुसार गांव बडलीया निवासी राजवीर रावत पिकअप में पालतू बकरे भरकर ब्यावर से बिहार जा रहा था। अल सुबह हाइवे मार्ग पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास इसकी पिकअप गाड़ी खराब हो गई। चालक राजवीर खड़े होकर हाइवे से गुजर रहे ट्रक ड्राइवरों से मदद की गुहार लगाता रहा। बाइक सवार माधोपुरा दूदू निवासी शंकरलाल रेगर व शिवराज ने सहज भाव से बाइक को रोककर चालक से बात की। वास्तविक समस्या जानने के बाद दोनों युवकों ने पिकअप चालक को आश्वस्त किया कि आप चिंता मत करो, हमारा इंतजार करना, हम गांव जाकर मिस्त्री को लेकर लाते है। दोनों गांव के लिये रवाना हो गये।

कुछ देर बाद दांतरी निवासी मिस्त्री दयाल रेगर को औजार सहित साथ में लेकर मौके पर पहुंच गये। सर्विस रोड पर मोबाइल टोर्च से टायर के स्क्रू खोलने में जुट गये। इस दरम्यान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर मदद करने वाले तीनों युवकों को चपेट में लिया, जिससे दो युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक ने राजकीय अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बांदरसिंदरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# नशे में धुत्त होकर पार्टी कर रहे 37 लोगों को रिसोर्ट से पकड़ा

## पुलिस ने 4 लोगों को एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार किया

- **महिलाओं को रात होने की वजह से छोड़ा, कुछ विदेशी पर्यटकों को भी हिदायत देकर छोड़ा**

**पुष्कर, (निसं)।** नशे में धुत्त होकर पुष्कर के समीप ही पार्टी कर रहे 37 लोगों को पुलिस ने एक रिसोर्ट से पकड़ा है। पुलिस ने 4 लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है और 4 को आबकारी अधिनियम के तहत 29 लोगों को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

पुष्कर थाना अधिकारी रविश कुमार ने बताया कि चावंडिया ग्राम में बिना परमिशन के ट्रांस पार्टी कर रहे 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया है इनमें से कुछ महिलाएं थी। महिलाओं को रात होने की वजह से हिदायत देकर छोड़ दिया है। कुछ विदेशी पर्यटक थे। उन्हें भी हिदायत देकर छोड़ दिया है बाकी मेट्रो सिटी जयपुर, मुंबई और आसपास के शहरों के लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। चार लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा पीते हुए गिरफ्तार किया। वहीं चार लोगों को बियर एवं शराब का सेवन करते हुए पकड़ा है। साथ ही शराब और बीयर की बोतल भी बरामद की।

स्थानीय पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम के निर्देशानुसार नशा प्रवृत्ति लोगों में नहीं फेले इसको लेकर लगातार जगह जगह दबिश दी जा रही है। उसी में यह दबिश पूरी टीम बनाकर एक रिसोर्ट में दी गई। जहां 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुष्कर थाना अधिकारी चुनाराम ने मीडिया को बताया कि चावंडिया ग्राम में बिना परमिशन रिसोर्ट मैं तेज आवाज में ट्रांस बजाकर पार्टी की जा रही थी जिसमें पूरे राजस्थान एवं मेट्रो सीटी के युवा शामिल थे। सभी युवा नशे में धुत्त तेज आवाज पर डांस कर रहे थे। उन सभी को गिरफ्तार करके पुष्कर थाने लाया गया। सरकार और जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार यह कार्रवाई करने के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।



पुष्कर के एक रिसोर्ट में पकड़े गए लोग।

# जे.डी.ए. से 20 फ्लैट की इजाजत लेकर बिल्डर ने बनाए 30 आवास

## पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र स्थित राजेन्द्र प्रसाद नगर का मामला



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) से 20 फ्लैट बनाने की इजाजत लेकर एक बिल्डर ने नक्शे पास करवाए। इसके बाद मूल नक्शे में बदलाव कर मौके पर 30 फ्लैट्स की बिल्डिंग खड़ी कर दी। यह ताजा मामला पृथ्वीराज नगर दक्षिण के राजेन्द्र प्रसाद नगर में सामने आया है। बिल्डर ने 10 अतिरिक्त फ्लैट्स की जगह जेडीए नक्शे में तय पार्किंग व सेटबैक की जमीन पर कब्जा करते हुए निकाली। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जेडीए की प्रवर्तन विंग को दी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पूरा मामला दबाए बैठे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पृथ्वीराज नगर दक्षिण के राजेन्द्र प्रसाद नगर में प्लॉट संख्या डी-877 पर भूखंड मालिक ने आवासीय फ्लैट बनाने के लिए वर्ष 2021 में आवेदन किया था। इस आवेदन के बाद भूखंडधारी ने 2 और 3 बीएचके के 20 फ्लैट बनाने का नक्शा मंजूर कराया। मौके पर निर्माण 20 की बजाय 30 फ्लैट का करना शुरू कर दिया। साथ में पार्किंग व सैटबैक भी पूरा नहीं छोड़ा। इससे आसपास कॉलोनियों के निवासियों ने उनकी शांति भंग करने की आंशका जाहिर की। जेडीए में इस आशय की शिकायत भी की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद भी बिल्डर ने मौके पर निर्माण कार्य जारी रखा। अब मौके पर 30 फ्लैट बनाकर तैयार कर दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिल्डर ने कुछ फ्लैट बेच भी दिए हैं और बाकी बेचने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस मामले में जेडीए की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने भी हाथ खड़े कर रखे हैं।

- **बिल्डर ने जेडीए द्वारा तय पार्किंग व सेटबैक भी नहीं छोड़ा, रहवासी परेशान**
- **स्थानीय लोगों ने जे.डी.ए. प्रशासन को इस संबंध में शिकायत भी दी, इसके बावजूद जिम्मेदार अफसर मामला दबाए हुए बैठे हैं**

इस संबंध में जब पी.आर.एन. साऊथ (प्रथम) के ईओ सुरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कार्यालय समय में ही प्रकरण की जानकारी देने की बात कही। उनका कहना है कि उन्हें इस मामले की शिकायत की कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में वे कुछ नहीं बता सकते।

उधर स्थानीय निवासियों का कहना है कि भवन निर्माण के समय कई बार जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी जीप लेकर शिकायत की जांच करने आए, लेकिन हर बार बिना कार्रवाई किए वापस लौट गए। अब फ्लैट बन कर तैयार हो गए हैं तो फिर भी जेडीए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## पटना शराबकांड की रिपोर्ट में लापरवाही उजागर

**जयपुर/पटना,** (का.सं.)। सारण में जहरीली शराब कांड की जांच करने बिहार पहुंची मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट ने राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और उत्पाद विभाग की अकर्मण्यता को उजागर किया है। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने केंद्रीय टीम बिहार भेजने की मांग सदन में उठाई थी जिसके बाद जांच के लिए यह टीम सारण पहुंची थी। सांसद ने कहा कि वो शुरू से कहते आ रहे है कि राज्य सरकार जांच में असहयोग कर रही है। मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने उसे पुख्ता किया है। इसमें स्थानीय प्रशासन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से लेकर राज्य सरकार तक कटघरे में खड़े नजर आते हैं। रिपोर्ट में कुल 77 लोगों की मौत का उल्लेख किया गया है जिसमें साफ-साफ लिखा गया है कि मरने वालो में किसान, मजदूर, ड्राइवर, चाय बेचने वाले, फेरीवाले, बेरोजगार थे। रिपोर्ट में यह साफ बताया गया है कि पीड़ितों में 75 फिसदी पिछड़ी जातियों से थे। रिपोर्ट में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जांच करने पहुंची टीम को राज्य सरकार से कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। रिपोर्ट में पटना उच्च न्यायालय की टिप्पणी का जिक्र किया गया है जिसमें कोर्ट ने राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून को लागू करने में सरकार की विफलता बताया था।

## सार-समाचार

### भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलें : भार्गव



**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर स्थित चित्रकूटेश्वर महादेव मंदिर में रामोत्सव का कार्यक्रम विहिप प्रान्त अध्यक्ष शोभा गुप्ता, अनिल गोठवाल, प्रान्त धर्मप्रसार प्रमुख सीएम भार्गव और विहिप जिला उपाध्यक्ष मनमोहन गौड़ के सान्निध्य में मनाया गया। मंदिर में 251 दीपों के साथ महा आरती के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। वक्ताओं ने भगवान श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। शोभा गुप्ता व मनमोहन गौड़ ने आगामी दिनों में वैशालीनगर क्षेत्र मे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की योजना प्रस्तुत की। बजरंगदल संयोजक दर्शन कौशिक के नेतृत्व ने युवाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। खातीपुरा प्रखण्ड धर्मप्रसार प्रमुख भवानी सिंह ने अपने क्षेत्र मे आयोजित होने वाले समारोह के बारे मे बताया। मन्दिर पुजारी मुकेश शर्मा का आभार जताया।

### जयपुर डेयरी का स्थापना दिवस मनाया



**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के 48वें स्थापना दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगारंग समारोह जयपुर दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र पर मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर दुग्ध संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनियां एवं विशिष्ठ अतिथि प्रबन्ध संचालक डॉ. कुलराज मीणा उपस्थित रहे। इस वर्ष स्थापना दिवस पर कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं रखी गई। जिसमें क्रिकेट, बॉलीबोल, टेबिल टेनिस, चेस, कैरम, बैडमिंटन इत्यादि प्रमुख है। इसके अलावा समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा एकल गायन, एकल नृत्य, पोस्टर एवं रंगोली कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। प्रबन्ध संचालक डॉ. कुलराज मीणा ने समारोह में सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रतियोगिताओं में लगभग 500 से अधिक कर्मचारियों-अधिकारियों ने भाग लिया। जयपुर दुग्ध संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने बताया कि 48 वर्ष पूर्व जयपुर दुग्ध संघ ने 1800 लीटर प्रतिदिन दूध संकलन कर शुरूआत की थी एवं वर्तमान में जयपुर दुग्ध संघ लगभग 27 लाख लीटर प्रतिदिन दूध संकलन कर रही है। जयपुर डेयरी आज उत्तरी भारत में डेयरी उद्योग में प्रथम स्थान पर है जो कि संघ के संचालक मण्डल, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का ही परिणाम है।

### हिंदू नववर्ष पर प्रसादी वितरित



**जयपुर।** हिंदू नववर्ष पर कर्मचारी सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर बजाज नगर अपार्टमेंट गांधी नगर जयपुर में पंडित लोक पाल शास्त्री के द्वारा विधि विधान से नामकरण पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम के आयोजक नर्सेज नेता सोमसिंह मीणा एवं मनोज दुब्बी ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकांत शर्मा, शामिल हुए। इसके अलावा डॉ. मदन मोहन, प्रिंसिपल सरस्वती, पवन मीणा, प्रदेश अध्यक्ष युवा नेता अबरार मलारना, जे पी मीणा, चंद्रकांत शर्मा प्रदेश अध्यक्ष रवि जांगिड़ सहायक अभियंता पंडित सुनील शर्मा पंडित जितेंद्र कटारा अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### कॉस्ट मैनेजमेंट परीक्षा परिणाम घोषित

**जयपुर।** जयपुर के मोहित सुखानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से दिसंबर 2022 में ली गई सीएमए इंटर मीडिएट परीक्षा में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जयपुर से मेरिट में स्थान बनाने वाले फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन स्तर के विद्यार्थियों के लिए सीएमए के झालाना डूंगरी स्थित जयपुर चैप्टर में विशेष सम्मान समारोह में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। उत्तरोत्तर सफलता के लिए अनवरत प्रयास किया जाना होगा। सिंह ने कहा कि लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने वाले जीवन की हर परीक्षाओं में सफल होते हैं। कार्यक्रम में चौप्टर के पूर्व अध्यक्ष देहदानी सीएमए के.सी. गुप्ता के परिजनों की ओर से फाइनल और इन्टर मीडिएट परीक्षा में जयपुर से मेरिट में प्रथम दो स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को 5100-5100 रूपये के चैक भेंट किये। चैप्टर के चेयरमैन सीएमए सुदर्शन नाहर ने बताया कि दिसंबर 2022 में हुई परीक्षा में जयपुर से फाइनल में 5 और इंटर मीडिएट में 12 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर मेरिट में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि जयपुर केंद्र से सीएमए फाइनल में 20 दशमलव 52 प्रतिशत और इंटर मीडिएट में 29 दशमलव 83 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

### शिक्षाविद् शंभू दयाल गुप्ता का सम्मान

**जयपुर,** (का.सं.)। हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान की ओर से शिक्षाविद शंभू दयाल गुप्ता का साफा व शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुये संस्थान के अध्यक्ष डॉ अखिल शुक्ला अधिवक्ता ने कहा 81 वर्षीय शिक्षाविद शंभू दयाल गुप्ता ने भगवत गीता को हिंदी में सरल भाषा में हस्तलिखित कर पुस्तक लिखी है। हिंदी में इस अनूठे व ज्ञानवर्धक लेखन के लिए शंभू दयाल गुप्ता का भव्य सम्मान किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि अपेक्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ रवि जूनीवाल ने शंभू दयाल गुप्ता के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन को प्रेरणादायी बताया।डॉ. जूनीवाल ने कहा कि शंभू दयाल गुप्ता अभी तक गीता की 10 हजार छोटी पुस्तकों का निःशुल्क वितरण कर चुके हैं। गीता के ज्ञान को बढ़ाने के लिए गीता पर प्रतियोगिता का आयोजन भी 25 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के कुलसचिव अविनाश शर्मा ने सम्मान पत्र का वाचन किया व आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। पुस्तक के श्लोकों का गीत के रूप में कार्तिकेय शुक्ला ने गायन किया। समारोह का संचालन अक्षांश भारद्वाज ने किया।

### सिंजारा-गणगौर उत्सव की धूम रही

**जयपुर** (कासं)। नोबल एक्टिविटीज़ एंड सोशल अवेयरनेस (नासा) संस्था की ओर से गुरूवार को ब्रिजनिधि मंदिर चाँदनी चौक में सिंजारा एवं गणगौर उत्सव-2 मनाया गया। जहां "लुगायां रा श्रृंगार अनोखा, अनोखी ईसर गौरा री प्रीत, आओ सखियाँ गणगौर न पूजां, आ म्हारी संस्कृति री रीत..." जैसे गीतों की धूम रही। कार्यक्रम संयोजिका संगीता गर्ग ने बताया कि राजस्थान की संस्कृति समूचे विश्व में अनूठी एवं अनोखी है। जयपुर की बात करें तो यहां की गणगौर विश्व प्रसिद्ध है। हमारी धूमिल होती संस्कृति को बचाने एवं बढ़ाने के लिए नासा संस्था यह कार्यक्रम करती है। संस्था अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मेहंदी लगाने, सामूहिक गणगौर पूजन, सामूहिक लोक नृत्य एवं पारम्परिक खेल, बेस्ट गणगौर, बेस्ट ईसर समेत आकर्षण रहे। कार्यक्रम सदस्य अन्जू अग्रवाल, मन्जू चौहान जेरठी, मनीषा गर्ग उपस्थित रही।

## संक्षिप्त

### प्रदेश में 21 नए करोना संक्रमित

**जयपुर।** प्रदेश में गुरूवार को करोना संक्रमण के 21 नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस बीच किसी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर पौने दो सौ से अधिक हो गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में नौ जिलों 21 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले बुधवार को राज्य में 20 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा भीलवाड़ा और जोधपुर में 5-5 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 4, अजमेर में 2 तथा जयपुर, जालोर, झुंझुनूं, राजसमंद और सिरोही में 1-1 नया संक्रमित मिला है। प्रदेश में गुरूवार को किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 184 हो गए हैं। इनमें इनमें उदयपुर में 42, भीलवाड़ा में 32, जयपुर में 30, जोधपुर में 18, बीकानेर में 16, राजसमंद व अजमेर में 10-10, अलवर में 8, जालोर में 6, गंगानगर में 3, झुंझुनूं व सिरोही में 2-2, भरतपुर, बूंदी, हनुमानगढ़, कोटा और नागौर में 1-1 मामला है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9660 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सेवानी ने शोभायात्रा को रवाना किया

**जयपुर।** लाल साईं अवतरण दिवस पर शहर में पहली बार चेटीचण्ड मेले की दो शोभायात्राएं निकाली गईं। गुरुवार को सिन्धी समुदाय ने लाल साईं अवतरण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। गुरु मां निर्मला सेवानी ने वरुण पथ, मानसरोवर स्थित झूलेलाल मंदिर में भगवान श्री झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा को ज्योत प्रज्वलन कर रवाना किया। गुरुवार संध्या शंकर सेवानी की तरफ से आयोजित किए गए लंगर में हजारों की तादाद में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। शोभायात्रा का आयोजन चेटीचण्ड सिन्धी मेला समिति व जयपुर ग्रेटर की ओर से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा मौजूद रहीं। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई अग्रवाल फॉर्म स्थित शीश महल, झूलेलाल मंदिर पहुंचीं। शोभायात्रा में भगवान झूलेलालजी के अलावा गणेशजी, राधा-कृष्णजी, रामदरबार समेत कई नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस मौके पर संरक्षक श्याम कोरानी, अध्यक्ष हेमंत ठारवानी, मुख्य संयोजक, जयप्रकाश बूलचंदानी, रमेश मोटवानी समेत मेला कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शंकर दुलानी मौजूद थे।

### अन्तर्जातीय विवाह पर 10 लाख मिलेंगे

**जयपुर।** डॉ. सविता बेन अम्बेडकर योजना के अंतर्गत अन्तर्जातीय विवाह पर प्रोत्साहन राशि अब 10 लाख रुपए मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी तक यह राशि 5 लाख रुपए मिलती रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित 'डॉ. सविता बेन अम्बेडकर अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना' के अन्तर्गत अन्तर्जातीय विवाह के उपरान्त 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस राशि में से 5 लाख रुपए 8 वर्ष के लिए फिक्स्ड डिपोजिट कराए जाएंगे। शेष 5 लाख रुपए संयुक्त बैंक खाते में जमा होंगे।

## विशेष योग्यजन से विवाह पर 5 लाख रुपए मिलेंगे

**जयपुर।** प्रदेश में विशेष योग्यजन से विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के तहत अब 5 लाख रुपए की सहायता राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें 80 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन को जीवनसाथी बनाने पर आर्थिक सहायता को 50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया गया है। गहलोत के इस निर्णय से विशेष योग्यजनों को सम्मान मिलेगा। उल्लेखनीय है कि गहलोत द्वारा बजट वर्ष 2023-24 में सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के अन्तर्गत विशेष योग्यजनों को विवाह पश्चात प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि करने की घोषणा की गई थी। इसकी क्रियान्विति स्वीकृति अब दी गई है। इस योजना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में माह जनवरी, 2023 तक 208 विशेष योग्यजनों को लाभान्वित हो चुके हैं।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री तोमर ने 'डिज़ीक्लेम' शुरू किया

## 'राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से दावों का वितरण होगा'

**जयपुर,** (का.सं.)। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, नरेन्द्र सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नई दिल्ली के कृषि भवन में गुरूवार को राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के डिजिटल दावा निपटारा मॉड्यूल 'डिजीक्लेम' का शुभारंभ किया। मॉड्यूल की शुरुआत के साथ दावों का वितरण इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा, जिससे छह राज्यों के संबंधित किसानों को लाभ होगा। अब, सभी बीमित किसानों के जीवन को आसान बनाने और उन्हें एक स्थायी वित्तीय प्रवाह तथा सहायता प्रदान करने के लिए स्वचालित दावा निपटान प्रक्रिया एक निरंतर चलने वाला कार्य होगा।

इस अवसर पर तोमर के अलावा, केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, केन्द्रीय कृषि सचिव मनोज आहूजा, पीएमएफबीवाई के सीईओ रितेश चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इनके अलावा कृषि बीमा कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के सीएमडी के साथ-साथ नेशनल इंश्योरेंस कंपनी (एनआईसी), एचडीएफसी एर्गो, बजाज आलियांज, रिलायंस जीआईसी, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, फ्यूचर जेनराली, इफको टोकियो, चोलमंडलम एमएस, यूनिवर्सल सोम्पो और टाटा एआईजी के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर एसबीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और यस बैंक के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस अवसर पर, तोमर ने कहा कि यह हमारे मंत्रालय के लिए गर्व की बात है कि यह सुनिश्चित करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है कि किसानों को दावा राशि समयबद्ध और स्वचालित तरीके से डिजिटल रूप से प्राप्त हो सके, जिससे हमारे किसान आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।




**केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली के कृषि भवन में गुरूवार को 'डिजीक्लेम' का शुभारंभ करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली।**

# शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को पुष्पांजलि अर्पित



**आनन्दपुरी नवयुवक मंडल से जुड़े युवाओं ने गुरूवार को आदर्श नगर स्थित पार्क में शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव को श्रद्धासुमन अर्पित किए।**

**जयपुर।** भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमने वाले क्रांतिकारी देशभक्त भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को राजधानी जयपुर के युवाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आनन्दपुरी नवयुवक मंडल की ओर से शहीद दिवस पर आदर्श नगर स्थित भगत सिंह पार्क में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। जहां मुहाना मंडी जयपुर के अध्यक्ष राहुल तंवर और अन्य युवा नेताओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत नारे भी लगाए।

मुहाना मंडी अध्यक्ष राहुल तंवर ने कहा कि आज़ादी की लडाई में शहीदे आज़म भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आज़ादी दिलाई। आज पूरा देश इन महान क्रांतिकारी योद्धाओं को नमन करता है। देश का प्रत्येक नागरिक इनके त्याग और बलिदान को नहीं भुला सकता। युवाओं द्वारा भारत माता की जय के जयकारे व इंक़लाब ज़िंदाबाद के नारे लगाये गये। पूरा भगत सिंह पार्क इन देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर युवा नेता निक्की गुर्जर, दीपक मीणा, विमल तंवर, सौरभ कटारिया, राहुल मीणा, पुनीत शर्मा, गोरधन सैनी, सुनील मीणा और प्रकाश राजोरिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नवजात शिशुओं के इलाज पर चर्चा करेंगे एक्सपर्ट्स

## आई.ए.पी. नियोकॉन-2023 में एकत्रित होंगे देश-विदेश के 1200 विशेषज्ञ

**जयपुर।** जन्म लेने के साथ ही शिशुओं का बीमारियों से बचाव और उसके इलाज की नवीनतम तकनीकों पर चर्चा करने के लिए देश-विदेश से 1200 से अधिक नियोनोटोलॉजिस्ट, यानी नवजात शिशुओं के विशेषज्ञ शामिल होने जा रहे हैं। आगामी 25 मार्च से आइएपी नियोनोटोलॉजी चैप्टर, नेशनल नियोनोटोलॉजी फोरम राजस्थान और आइएपी जयपुर चैप्टर की ओर से जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईएपी नियोकॉन 2023 का आयोजन किया जा रहा है।

कॉन्फ्रेंस आयोजक चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 1200 से अधिक एक्सपर्ट्स भाग ले रहे हैं। इसमें 50 से अधिक डॉक्टर्स अलग देशों से आ रहे हैं। साइंटिफिक सेशन से पहले वर्कशॉप आयोजित की जा रही है जिसमें प्री मैच्योर शिशु, पैदा होते ही बच्चों में इंफेक्शन और पैदा होने के बाद बच्चों का न रोने से ऑक्सीजन की कमी होने जैसी स्थितियों से निपटने के लिए हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी जा रही है। कॉन्फ्रेंस में यूएसए से डॉ. विनोद भूटानी, डॉ. विनीत भंडारी, कनाडा से डॉ. संदेश और डॉ. अभय लोढ़ा, हवाई से डॉ. शिबी कू जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. जेके मित्तल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 60 से अधिक साइंटिफिक सेशन, अवार्ड पेपर, पोस्टर प्रजेंटेशन होंगे। इस दौरान दो ओरेशन भी होंगे। डॉ. अनिल नारंग ओरेशन में डॉ. रुचि नानावती और डॉ. पुनीत शर्मा ओरेशन में डॉ. सुमन राव वक्त होंगी। साइंटिफिक सेशन में प्रीमेच्योर शिशुओं को फीडिंग और उनका वजन बढ़ाना, कंगारू थेरेपी, सांस की तकलीफ होने पर बच्चों ने वेंटीलेटर लगाना, शिशुओं में स्क्रीनिंग में आई नई तकनीकों पर चर्चा होगी। वहीं 120 से अधिक पोस्टर भी लांच होंगे।

# मध्यप्रदेश से हथियार लाकर जयपुर में महंगे दामों में बेचने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

- **सांगोनर, प्रतापनगर और मालपुरा गेट के आसपास किराये का मकान लेकर रहते थे बदमाश**
- **बदमाशों के कब्जे से एक देशी कट्टा, एक देशी पोना, 315 बोर के 3 जिंदा कारतूस बरामद किए**



**शिप्रापथ और डी.एस.टी. टीम ने हथियार तस्करी में लिप्त गैंग के 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर** (कासं)। मध्यप्रदेश के मुरैना व श्योपुर इलाके से सस्ते में हथियार लाकर जयपुर शहर में बेचने वाले गिरोह के 7 लोगों को जयपुर पुलिस ने दबोचा है। उनके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार व कारतूस जब्त किए गए हैं। ऑपरेशन 'आग' के तहत यह कार्रवाई शिप्रापथ व डीएसटी दक्षिण टीम ने की है। हथियार तस्करी से जुड़े यह बदमाश मूलतः मध्यप्रदेश क्षेत्र के हैं, इन दिनों जयपुर में किराये के मकान लेकर हथियार बेचने में जुटे थे।

पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के खेड़ी गांव का निवासी राज टैगोर यहां सांगानेर इलाके के प्रताप नगर में किराये का मकान लेकर रह रहा था। मध्यप्रदेश के ही श्योपुर गांव के सोहेल खान ने भी प्रताप नगर में किराये पर कमरा लिया था। इनका साथी आफताब खान मूलतः मध्यप्रदेश के खेड़ी का रहने वाला है। आफताब ने भी रामसिंहपुरा थाना मालपुरा गेट इलाके में अपना ठिकाना बना रखा था। इसके साथ शिवपुरी एमपी का फैजान शाह, खेडी श्योपुर का समीर खान भी रहते थे। लालसोट के वार्ड नंबर तीन का निवासी आसिफ खान, खेड़ी निवासी सोहेल खान उर्फ गंजा, खेड़ली निवासी अमन शाह भी इनके सम्पर्क में था। पुलिस ने सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से एक देसी कट्टा, एक देसी पोना, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश के गिरोह के लूट की वारदातों में सक्रिय अपराधियों से सम्पर्क हैं। ऐसे में पुलिस ने गिरोह की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। पुलिस ने मानसरोवर इलाके में वी.टी. रोड पर मौके पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक कार भी जब्त की। दो अन्य साथियों को बाद में गिरफ्तार किया गया। गिरोह के सदस्य अमन शाह, सोहेल खान उर्फ गंजा व राज टेगोर के खिलाफ मध्यप्रदेश के श्योपुर कोतवाली थाना में पहले से लूट के मामले दर्ज है।



## World Tuberculosis Day

Tuberculosis, a serious disease of the lungs which causes severe coughing, coughing up blood, and night sweats. It can be fatal if not treated, as it remains a huge epidemic among the world population. Tuberculosis can be treated with medication, but those in third-world countries don't have access to those resources. This disease can lead to death over a long period of time. World Tuberculosis Day aims to increase the awareness of this disease while also encouraging people out there to end this potential epidemic.



#CURTAIN RAISER

# Celebrating Rajasthan's Literary Traditions


With the curation of the first-ever Rajasthan Literature Festival, scheduled to be held from 25 March to 27 March in Jodhpur, the Jaipur Virasat Foundation will give an impetus and a new energy to Rajasthani language and literature.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The first ever Rajasthan Literature Festival is all set to take place at the Zenana Mahal in the Blue City of Jodhpur from 25 March to 27 March. The festival seeks to highlight the rich tradition and history of literature in Rajasthani language in its varied dialects as well as literature in Hindi by writers from Rajasthan. Various literary and cultural activities including dialogue session, Mushaira, Rajasthani poetry recitation, dialogue session will take place at the festival. While the festival was announced by the Government of Rajasthan in the budget of 2019, it could not take place owing to the Covid-19 pandemic and is being organized now by the Department of Art, Culture, Literature and Archaeology with Jawahar Kala Kendra as the nodal agency. Owing to its expertise in the area, the Jaipur Virasat Foundation has been engaged as the curator of the festival.

Since its inception, the Jaipur Virasat Foundation (JVF) has been researching and working in the field of the varied oral and written contributions of Rajasthani language, literature and performing arts. It has also worked towards providing a platform for a large audience to hear and access Rajasthani literature, language and oral traditions, including through the Jaipur Literature Festival that JVF initiated.



Ashok Rahi.



CP Deval.

Shedding light on the festival, Rakshat Hooja, Director of Jaipur Virasat Foundation, said that the Foundation has been actively working to give a concrete shape to this idea and the Rajasthan Literature Festival is envisaged to become an annual literary kumbh for Rajasthan. Eminent writers, scholars will bring out the richness of Rajasthani prose and poetry with academics providing the background of the evolution of Rajasthani literature and language. The sessions will focus on an overview of Rajasthani and Hindi literature, moderated talk shows with current writers, authors, playwrights, poets as well as literary critics and scholars. It will include topics like journalism, translation, outreach, training and teaching and poetry recitation. The festival will witness the participation of literary geniuses such as Wasim Barelvi, Kumar Vishwas, CP Deval, Ila Arun, Ashok Rahi, Laxmi Prasad Pant, Shakeel Azmi, K. C. Bokadia and KC Maloo, among others.



Kumar Vishwas.



Ila Arun

While there will be serious and academic presentations and deliberations in the sessions, there will also be a festive environment outside to make the atmosphere cheerful and lively to make it a memorable event that celebrates Rajasthan's art and craft as well as performing, oral and literary traditions. This will include dance and music performance, craft demonstration and sale, food stalls and a book fair with stalls of publishers. Cultural programmes such as mushaira, kavi sammelan etc. will be held in the evenings. As many as 16 Rajasthani poets will present their works in the poetry recitation organized in association with Rajasthani Language, Literature and Culture Academy, Bikaner.

Earlier at a curtain raiser press conference for the event, the Rajasthan Minister of Art and Culture, Dr. B.D. Kalla had said that the Rajasthan Literature Festival will make the youth aware about the rich literary tradition of the state, as well as provide a valuable platform to the new and young writers with a meaningful discussion on the writers who have taken Rajasthan's literature to the global stage. It will also play a big role in promoting culture, literature and tourism of the state.



KC Maloo.

It is worth noting that JVF has pioneered a cross section of methodologies to ensure the longevity of socio-cultural traditions and the preservation of both, built and intangible articulations of heritage. It is known for its long-standing engagement with local communities, it is an invaluable resource for knowledge sharing, promoting indigenous arts, and has encouraged continued development of craft skills.

While the first festival is being held in Jodhpur, it is proposed that the festival will take place annually in different cities of Rajasthan by rotation.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

# Raghu Sinha

# He Made Bearings And Never Lost His

He was always selective with his guest list. Once advocate Bajrang lal Sharma, who was elected from Bani park as Janta Party candidate, rocked the Vidhan Sabha by stating that all the bureaucrats were bought by the Birlas through Raghuji. He accused Raghuji that he was corrupting the officialdom of Rajasthan by free flow of Scotch and the officials oblige him by granting permissions that would benefit Birla's NBC. Raghuji was unfazed, and continued to host parties. But the bureaucrats, now hesitated. Only some bold officers would still go and enjoy Raghuji's hospitality.

#PERSONALITY

Raghuraj Sinha or Raghu Sinha, as he was affectionately called by all, was one of the most colourful personalities of Jaipur. A handsome bachelor, who was always nattily dressed, worked for the National Engineering Industries (NBC).

The persona of debonair Raghu Sinha, incorporated charm, polish, and worldliness, often combined with a carefree attitude (think of James Bond). He was "carefree", but a person with high-wire effrontery, the kind that can't be faked.

He was somewhat like Antonio, the title character in Shakespear's The Merchant Of Venice. He was influential, powerful, wealthy but not a merchant. But like Antonio, he was kind and generous and honest to all and was loved and revered by all.

Nobody knew his designation, but the Jaipurites knew him as the "whole and sole" of the NBC. The people in Jaipur would relate him as the man who calls the shots on NBC.

Raghu Sinha, his brothers Rangi and Hari, who retired as the Chief Engineers with the Railways were all sons of Basant Behari Mathur, a top police official in the Jaipur state police. After a very successful career as the Director of Rajasthan Tourism, Rangi later served the Birlas.

My father Gyan Chand Bhandari had a close association with the family and the acquaintance with the family began when Raj Bihari Lal Mathur, the brother-in-law of the Sinha family, was posted in Kharagpur with the Bengal Nagpur Railway as an engineer. Kharagpur, 72 miles from Kolkata, was a railway town built by the Britishers, where they had set up the railways workshop which became Asia's largest steam engine and carriage workshop.

My family had a very large business in Kharagpur in West Bengal's Midnapur district, set up by my grand father Dhanrup Mal Bhandari and my father Gyan Chand Bhandari. The family had automobile, army and railway contractors, radio, cycles and money lending and finance business and even ice creams.

Since, Raj Bihari Mathur was from Jaipur and our family also had roots in Jaipur, so when he landed in Kharagpur to join as an engineer, my family helped Raj Bihari Lal and his wife Chana Rani settle in Kharagpur where they lived in a large colonial bungalow.

While serving in the Bengal Nagpur Railway, as South Eastern Railway was then known, Raj Bihari Lal was well liked by the European engineers of the railways. When the railways started appointing apprentices to run their workshop, Raj Bihari called Raghuji to Kharagpur and he joined the railways as an apprentice on a salary of 37 rupees a month.

### Companionship

My father was friends with Raghu ji and the two families would often enjoy meals together. Raj Bihari was a member of the South Institute, a recreational institute where only European and Anglo Indians were given membership. But Raj Bihari being an officer and my father being a top businessman of Kharagpur, were given membership.

My father would often drive Raghu Sinhaji to the South Institute and they enjoyed many evenings drinking lemonade and watching western movies in the South Institute. Raghu Sinhaji would play tennis there with European officers. He made friends with a number of European engineers and their families. He was young and handsome and was admired by the young ladies. The Institute had a bar, but Raghuji did not drink. It was the BNR lemonade with cutlets.

While serving as an apprentice, Raghuji learnt all about the steam engines and the axle boxes in the wagons. There was a Muslim fitter, who was an expert in repairing the axel boxes and bearings and Raghuji learnt the art from him. He was his Guru or Ustad as he would address him.

This was in the 40s and this was the time when, the Birlas were setting up their bearing unit in Jaipur. As the railways were the principal buyers of the bearings, the Birlas were looking for someone from such a background, to join them. When Raj Bihari Lalji came to know about the Birla's unit, he spoke to the Birlas and recommended Raghuji. He was interviewed by B M Birla, and was made the incharge of the Jaipur NBC unit. He was recruited at a good salary and Raghuji returned to Jaipur, his hometown happily. He was involved with the NBC since its inception and saw the setting up of the NBC factory and soon NBC became Asia's top ball bearing manufacturing unit.

My father was close to Raghuji and after he left, the evenings were spent with Raj Bihariji and Chanda Rani ji. She was very popular in the European ladies and also the local merchant community and they would respectfully address her as Mrs. Mathur.

Often on a visit to Jaipur, my father would visit Raghuji in their old haveli in Khazane Walon Ka Rasta and later at their Bani Park's Basant Marg House. The street was named Basant Marg after Basant Bihari Mathur, the patriarch of the Sinhas. How they acquired the name Sinha, although they were Mathur, is still a mystery.

### Lavish Parties

Raghuji was technically very sound and knew all about bearings, but he was encouraged to do the marketing of the bearings and look after exports, and that's how he became the top salesman. He toured the world with his order book, and became the most frequent flyer of Jaipur.

In the early 50s, he started going abroad for NBC work. He would often share his experiences with this author after a set of tennis at Man House. Those were the days when Kishan Rungta used to maintain two tennis grass courts at the Man House, his residence, where there is a mall now.

At the Man House court, anybody could come and play. Amongst the regulars, there were Raghu Sinha, his brother Rangi, Surendra Golcha, Kamlakar Sharma, Subhash Periwal and often Parthasarthy Sharma.

Raghuji had great love for tennis and he would often plan his trips to Britain in such a way so that he could see Wimbledon. Raghuji would be nattily dressed as a tennis player in whites and tennis shoes of brands that no other player had. He would buy tennis rackets and Slazengers were his favourites. He would bring a bagful of Slazenger tennis balls and would give some of them to Surendra "Lala" Golcha, whom he loved like his own son. Lala Golcha's relationship with him was so strong that Raghuji would land at Sohan Sadan on Prithviraj Marg with a boxful of Swiss chocolates for Lala's children. Raghuji developed a heart ailment, and he trusted Lala to plan his treatment abroad.

The Raghu Sinha ITF tennis tournament for the veterans has a prize money of Rs two lakh and is being organised at the Jaipur Club. In the men's section, age groups are - plus 50, plus 60, plus 65 and plus 70. The women's singles are for the age groups of plus 35 and plus 45. This tennis tournament for the veterans is the fittest tribute to the man who loved the sport.

Raghuji would never even take a sip, but he would entertain his guests with the finest Scotch, wine and good food. He collected miniature liquor bottles and would buy them from various breweries and proudly displayed them. Nobody had such a vast collection of miniature liquor bottles of various sizes and shapes. He would bring a boxful of Scotch and wine and would gift them to his close friends. V N "Ramji" Kak, who was the MD of the Hotel Khasa Kothi, Gokul Lal Mehta and a few other IAS and IPS were his friends. It is learned that among the beneficiaries of Raghuji, was the Chief Minister Mohan Lal Sukhadia and Mathuradas Mathur.

Raghuji loved parties and he would throw lavish ones at his Sardar Patel Road House, which he built tastefully with a hint of Jaipur architecture. He would invite only select bureaucrats or police officials and the IAS officers used to feel privileged if they were invited for Raghuji's party. Scotch was served freely and often the bureaucrats would start tottering with an overdose of single malt.

He was always selective with his guest list. Once advocate Bajrang lal Sharma, who was elected from Bani Park as Janta Party candidate, rocked the Vidhan Sabha by stating that all the bureaucrats were bought by the Birlas through Raghuji. He accused Raghuji that he was corrupting the officialdom of Rajasthan by free flow of Scotch and the officials oblige him by granting permissions that would benefit Birla's NBC. Raghuji was unfazed, and continued to host parties. But the bureaucrats, now hesitated. Only some bold officers would still go and enjoy Raghuji's hospitality.

### A Religious Man

Raghuji once told me, how he would travel to Egypt by catching a flight at Jodhpur, where KLM aircraft bound for Egypt from Amsterdam would land for refueling after a long haul. The aircraft during summers would land, not on an airport, but on Balsamand lake. The aircraft would slowly land on the lake water with its lower body fitted with balloons that would keep them afloat. The passengers were taken by boat from the aircraft to a specially built platform. The passengers would stay overnight at Jodhpur's Circuit House which served as a hotel for the airline passengers and take the morning flight, the next morning. The aircraft would take off from the lake and the balloons were withdrawn automatically from the underbelly of the aircraft.

Raghuji would always travel by plane and would travel to the airport in two cars. One car being sent in advance ahead of the railway crossing on the Tonk Road when there was no overbridge. If the gates of the railway level crossings were closed, Raghuji would alight from his car and cross the railway line and would get in the waiting car carrying his baggage to reach the airport. At times, the departure of the aircraft was delayed by 15 to 20 minutes only to accommodate Raghuji. But after getting into the aircraft, he would smilingly apologise to the other passengers for the inconvenience caused to them.

He almost never accepted any invitation to be a chief guest and he would never oblige any organisation. He, however, loved sports and often would agree to be a chief guest of sports events, but would give donations also for holding tournaments.

I still remember, how he hosted a series of tennis matches of rich American businessmen, who had come on a pleasure trip to Jaipur - playing tennis. The American group threw a party at Rambagh's Chinese Room and only three journalists - Abdul Gani, Mohammed Yasin and I were invited. It was a party which I still remember.

Raghuji was a religious man and loved to hear Bhajans, but was not a connoisseur of music. Once, at the instance of Karpoor Chand Kulish, the owner and editor of Rajasthan Patrika, he hosted an evening of Rita Ganguli's ghazals where he invited his close friends and some friends and members of the Kulish family.

Raghu Sinha, lived life king size and he loved his friends and he helped them. But he donated a large part of his wealth to the selected charities. He built the community hall at Basant Marg in the name of his brother, Hari Sinha and also a tennis court at the Vidyashram and a girl's hostel at Jamdoli. He left a corpus for the Shruti Mandal, for his love for the founder of Shruti Mandal, Prakash Chand Surana, one of his close friends.

Raghuji was a towering figure, hundreds of people were provided employment in the NBC by him. If NBC became the top bearing manufacturing company in Asia, a large part of the credit should go to Raghuji. He was admired and loved by all and he helped all. Jaipur would never have another Raghu Sinha.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



With Maharaja Bhawani Singh.



With Bhairon Singh Shekhawat.



With Surendra Lala Golcha and Abhimanyu Golcha.



With CK Birla, Chairman of National Engineering Industries and another person.



Raghu Sinha.



A family persons with members of the family on Diwali.



With foreign buyers on a visit to the NBC factory.



Ragu Sinha with brother Rangi Sinha.



Raghu Sinha explaining the manufacturing process of bearing to foreign buyers.




Ragu Sinha and Mala Mathur.



With nephew Sudhir Mathur and niece late Mala Mathur




With Surendra Golcha at his daughter's wedding.




With Lala Golcha and his family.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# पशु आहार की आड़ में जा रही 30 लाख की शराब पकड़ी

## बिछीवाडा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की बिछीवाडा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बडी कार्यवाही करते एक ट्रक से 30 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद करते एक आरोपी को पकडने की सफलता प्राप्त की है।

थानाधिकारी ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के निर्देशन में जिले में अवैध शराब कारोबारियों खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिछीवाडा पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एनएच-8 हाईवे रतनपुर पुलिस चौकी के बाहर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक आता हुआ नजर आया। जिसे रुकवाकर के चालक की पूछताछ करने पर संतोषप्रदाक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक के तिरपाल को हटाकर देखा तो अंदर पशु आहार के कट्टों की आड में नीचे अंग्रेजी शराब के कार्टन नजर आए।

जिसकी गिनती करने पर कुल 401 कार्टन अंग्रेजी शराब व बीयर के पाए गए। पुलिस अवैध शराब को जब्त कर आरोपी हरिराम पुत्र दुर्गाराम देवासी निवासी सिणला पुलिस थाना जेतारणा जिला पाली को गिरफ्तार किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में बिछीवाडा थाना अधिकारी अनिल देवल, हेड कांनि. गजराजसिंह, कांनि. रिपदुमनसिंह सुनील जांगिड, श्यामलाल, चालक सुरेंद्र सिंह मौजूद थे।


बिछीवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

# नाबालिग से गैंगरेप मामले में एक गिरफ्तार

## आरोपी के दो नाबालिग साथियों को भी डिटेन किया

**भीलवाड़ा।** जिले की रायला थाना पुलिस ने 15 साल की नाबालिग से गैंगरेप मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के दो नाबालिग साथियों को भी डिटेन किया गया हैं।

गुलाबपुरा सीओ लोकेश कुमार मीणा ने बताया कि रायला थाना क्षेत्र में 18 मार्च की रात को नाबालिग का घर के बाहर से अपहरण और गैंगरेप के मामले में राजू कुमावत नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। रायला थाने में 20 मार्च को नाबालिग के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पिता ने बताया था कि उसकी बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है।

18 मार्च की रात को बेटी घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। रातभर उसकी तलाश करते रहे। सुबह चार बजे सूचना मिली कि बेटी एक गांव के सरकारी स्कूल के बाथरूम में बंधी पड़ी है। गांव वालों के साथ स्कूल जाकर बेटी को घर लेकर आए। पीड़िता ने घरवालों को बताया कि जब वह बाहर गई, इस दौरान दो युवक उसे बाइक पर जबरन ले गए। पहले रायला नदी में ले जाकर हाथ बांधे और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। दोनों युवकों ने रेप किया। वहां से सरकारी स्कूल लेकर गए। युवकों ने उसके साथ फिर से रेप किया। दोनों युवक बाथरूम के गेट से बांधकर फरार हो गए। दोनों के साथ उनका एक सहयोगी भी था। नाबालिग का घर के बाहर से अपहरण और गैंगरेप के मामले में राजू कुमावत नाम के युवक को गिरफ्तार किया गया और उसके दो नाबालिग साथीओ को डीटेन किया है।


रायला थाना पुलिस ने दुष्कर्म मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

## गोडावण पक्षी के अवेशष मिले

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर जिले के गंगाराम की ढाणी के निकट चारागाह से होकर गुजर रही उच्च क्षमता की बिजली लाइन से कुछ दिन पूर्व टकराकर मरे गोडावण पक्षी के क्षत विक्षत अवेशष मिलने से गुरुवार को पर्यावरण व वन्यजीव प्रेमियों संरक्षकों में शोक छा गया। यह अवशेष धोलिया गांव के पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम पेमानी को जैसलमेर जिले में पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रही संस्था द्वारा बताए गए। जिस पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों, फाउंडेशन के वैज्ञानिकों व अन्य पर्यावरण प्रेमियों को सूचना दी।

# श्री मदन मोहन बाघदास मंदिर के पुजारी की हत्या का मामला दर्ज

**सादुलपुर, (निसं)।** शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं प्राचीन श्री मदन मोहन बाघदास मंदिर के पुजारी महावीर प्रसाद शास्त्री की मौत एवं उनके पुत्र श्रीकांन्त के घायल होने के बाद देर रात्रि को राजगढ थाने में षडयत्र पूर्वक पुजा पाठ से नुकसान होने की बात की रंजिश को लेकर हत्या, हत्या के प्रयास का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है। वहीं घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है तथा घटना में डीआई जीप भी पलटा खाये हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण में जगदीश प्रसाद पुत्र नन्दलाल निवासी वार्ड नम्बर ०6 कस्बा राजगढ ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 22 मार्च को दोपहर 2 बजे उसका बहनोई महावीर शास्त्री व भान्जा श्रीकान्त अपनी मारूती वैन से अमरपुरा के राजगढ आ रहे थे। चूरू रोड पर डीवाईएसपी ऑफिस के पास विक्रम सिंह निवासी लाखलाण, जो उनसे पूजा पाठ से नुकसान होने की बात को लेकर एक डेढ वर्ष साल से रंजिश पाले हुए था, ने अपनी डीआई जीप लेकर साथ में कुल्हाडी लेकर इंतजार में खड़ा था।

आरोप है कि जिसने उसके भान्जे व बहनोई को जान से मारने के लिए पहले अपनी डीआई जीप से वैन को टक्कर मारी, जिससे वैन कच्चे में चली गई तथा फिर से उसके भान्जे के सिर में कुल्हाडी मारी तथा उसके बहनोई के साथ भी उन्हे वैन से निकालकर कुल्हाडी व पत्थर से मारा तथा जमीन पर पटक कर अपनी डीआई जीप उन पर चढा दी व जान से मार दिया। जिससे उसके बहनोई महावीर शास्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बताया कि मौके पर पुलिस पार्टी उनको सीएचसी राजगढ लेकर आई, जहाँ श्रीकान्त को चोटे ज्यादा होने के कारण उसे हिसार रैफर कर दिया जो अभी सपरा हॉस्पीटल में उपचाराधीन है।

## धरना समाप्त

**बीदासर, (निसं)।** सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग पूरी नहीं होने पर जनहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गत पांच दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को तीन युवकों के जिले की मांग को लेकर जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़ जाने के बाद समाप्त कर दिया गया और पाँच दिनों से चल रहे चक्का जाम को बन्द कर स्टेट हाइवे और अन्य मार्गों को खोल दिया जिससे वाहन चालको ने राहत की सांस ली। वही धरना प्रदर्शन व जाम हट जाने से पुलिस और प्रशासन ने भी राहत मिली।

उल्लेखनीय है कि गत पाँच दिनो से सीकर नोख स्टेट हाईवे पर जनहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चल रहे चक्का जाम खुल जाने से वाहनों का आवागमन फिर शुरू हो गया है। वही सड़कों पर पाँच दिनों से वाहन के लगे जाम भी खुल गया तथा इस मार्ग पर गुरूवार को नियमित बसों का आवागमन फिर सुचारु हो जाने से भी यात्रियों को भी राहत की सांस मिली है।

# मरीज को ले जा रही प्राइवेट एम्बुलेंस में लगी आग

## घायल मरीज को उपचार के लिए उदयपुर ले जाते समय हुआ हादसा

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** सिरोही मुख्यालय चिकित्सालय से दुर्घटना में घायल मरीज को उपचार के लिए उदयपुर ले जाते समय उदयपुर रेलवे ब्रिज के ऊपर अचानक सड़क पर दौड़ती एक प्राइवेट एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। पास से गुजर रहे ट्रक चालकों की मदद से आग पर काबू पाया। मरीज को अन्य एंबुलेंस की मदद से आगे उपचार के लिए भेजा।

- **ट्रक चालकों की मदद से आग पर काबू पाया, मरीज को अन्य एंबुलेंस से भेजा**

जानकारी के अनुसार बुधवार को रात्रि में सिरोही मुख्यालय के अस्पताल में दुर्घटना में घायल एक मरीज को उपचार के लिए एंबुलेंस चालक प्रवीण हीरागर उदयपुर के लिए रवाना हुआ था। रात्रि 9.15 बजे करीब उदयपुर जाने वाले हाईवे मार्ग के पिंडवाडा अजारी रेलवे पुलिया के पास पहुंची। तभी अचानक एंबुलेंस के इंजन में से धुआं निकलना शुरू हुआ और इंजन में आग की लपटें उठने लगी। ड्राइवर ने तुरंत ही एंबुलेंस को रोककर गाडी को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया। उस दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक चालकों एंबुलेंस में आग को देखकर अपने वाहन सडक के किनारे रोक कर एंबुलेंस के पास पहुंचे और घायल मरीज को सुरक्षित बाहर निकाला और सड़क किनारे लेटा दिया और अंदर लगे ऑक्सीजन बोतल को भी बाहर निकाला। इसके बाद लोगों ने आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसी दौरान आस पास के लोगों को एंबुलेंस में आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। सभी लोग आसपास के कुएं से पानी रेती और मिट्टी लाकर आग बुझाने के प्रयास किए और जैसे तैसे लोगों ने ड्रमों में पानी भर कर लाकर आग बुझाने के प्रयास किये और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस दौरान एम्बुलेंस का इंजिन के अंदर का सिस्टम पूरी आग हीट पकड़ने और शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगने से जल गया। वहीं एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है। लेकिन फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी मौके पर एक दमकल की गाडी नहीं पहुंची। वहीं घटना की जानकारी पिंडवाडा की एंबुलेंस चालक शिवलाल प्रजापत को मिलते ही कैलाश कुमार के साथ एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और घायल मरीज को उपचार के लिए उदयपुर रवाना किया।

# मेगा जॉब फेयर का सी.एम. ने अवलोकन किया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में मुख्यमंत्री ने मेगा जॉब फेयर का अवलोकन किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपने साकार करने के लिए उचित अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 100 से भी अधिक जॉब फेयर आयोजित करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद किया एवं रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को ऑफर लैटर प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थियों को चैक प्रदान किए।

गुरुवार को भरतपुर दौरे के दौरान सुन्दरवाली गांव के शहीद कॉन्स्टेबल जीतराम गुर्जर की पत्नी वीरांगना सुन्दरी देवी और परिवारजन मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) का नामकरण 'शहीद जीतराम राजकीय महाविद्यालय, नगर (भरतपुर) करने पर आभार जताया।

गहलोत ने कहा कि पेपरलीक देशव्यापी समस्या बन चुकी है। कई राज्यों में पेपरलीक के प्रकरण तेजी से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इसकी रोकथाम के लिए कानून बनाया गया है। भरतपुर में आयोजित इस राजस्थान मेगा जॉब फेयर में 60 से अधिक नियोक्ता संस्थान भाग ले रहे हैं। इससे 10 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

जॉब फेयर में हजारों युवाओं ने पंजीकरण करवाया तथा प्रथम पारी में ही 1300 से अधिक युवाओं को मौके पर जॉब ऑफर लेटर सौंपे गए। इस मौके पर राज्य मंत्री अशोक चांदना, पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, महापौर अभिजीत कुमार, कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## आलमारी तोड़कर लाखों की चोरी

**अजमेर, (कासं)।** दरगाह थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक मकान में अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की वारदात का पता पीड़ित की पत्नी द्वारा अलमारी खोलने बाद चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अंदर कोट, उस्ताद मंजिल निवासी एहजाज हुसैन ने बताया कि वह घर में सो रहे थे। इस दौरान अल सुबह करीब 5 बजे उसकी पत्नी ऊपर गई और अलमारी खोली तो देखा कि अलमारी के लॉकर का ताला टूटा हुआ है। अलमारी में रखा सामान भी गायब है। अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखा दो तोला सोने का हार, झुमकी 250 ग्राम की चांदी की पायजेब सहित अन्य जेवरात गायब मिले।

इसके साथ ही चोरों ने अलमारी में रखी लगभग 50 हजार की नकदी भी चुरा ली। पीड़ित ने चोरी की रिपोर्ट दरगाह थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी व नकबजनी की वारदात का खुलासा, दो गिरफ्तार

## पुलिस ने चोरी हुए आभूषण भी बरामद किये

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजतालाब थाना पुलिस ने मात्र तीन घंटे में एटीएम चोरी के प्रयास व तोड़फोड़, श्रीराम मंदिर व हनुमान मंदिर के साथ ही सेनेट्री की दुकान में चोरी व नकबजनी की चार वारदातों का मात्र तीन घंटे में खुलसा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं चोरी हुए आभूषण भी बरामद कर लिये हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी व पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड तथा थानाधिकारी रामरुपा मीणा ने पत्रकारों को बताया कि रात तीन एवं सुबह साढे चार बजे के मध्य बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में चोरी के प्रयास से तोड़फोड़ की गयी। वहीं श्री राम व हनुमान मंदिर के साथ ही सेनेट्री की दुकान में चोरी की वारदाते हुई।

इन वारदातों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह, एएसपी कानसिंह भाटी, वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह राठौड व राजतालाब थानाधिकारी रामरुप मीणा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और तत्काल टीमों का गठन कर अज्ञात बदमाशान की तलाश प्रारंभ की। इस टीम ने मुखबीर से सूचना मिलने पर विजयपाल उर्फ टाईमपास पुत्र वागुडा निनामा निवासी कूपडा, थाना पीपलखूंट व मुकेश पुत्र मदन वागरी निवासी कॉमर्शियल कॉलोनी को डिटेन कर पूछताछ की। विजयपाल उर्फ टाईमपास से चारों वारदातों को अंजाम देना कबूल किया और कुछ माल मुकेश वागरी को देना बताया जिस पर दोनों के कब्जे से भगवान की मूर्तियों के 5 मुकुट, 1 कुंडल आभूषण व दानपात्र बरामद किये। अभियुक्तों ने अन्य वारदातें करना भी स्वीकार किया है।

एएसपी भाटी ने बताया कि मंदिर में पुजारी की गलती से पीछे का गेट खुला रह गया था। जिस पर आरोपी ने मंदिर में प्रवेश किया एवं वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पूर्ववर्त्ती आचरण को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरु की वहीं कांस्टेबल इन्द्रजीत सिंह के संपर्कों का भी वारदात का खुलासा करने में फायदा मिला।

बताया जाता है कि आरोपी लावारिस है और कबाडी का सामान बेचता है और फुटपाथ पर ही सोता है। पुलिस टीम में थानाधिकारी रामरुप मीणा, उपनिरीक्षक गणपतलाल, सहायक उपनिरीक्षक नटवराल, रघुवीर सिंह, हैड कांस्टेबल विशाल सिंह, नेपाल सिंह, कांस्टेबल इन्द्रजीत सिंह, कृष्णपाल सिंह, पुष्पराज सिंह, श्रवण सिंह, विनोद सिंह, योगेन्द्र सिंह व चालक परेश शामिल रहे।


राजतालाब थाना पुलिस की गिरफ्त में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी।

## व्यापारी से लूट

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर व सरवाड़ में उत्तरप्रदेश से आए एक व्यापारी के साथ लूट की वारदात सामने आई है। आरोपियों ने व्यापारी के साथ मारपीट भी की। सरवाड़ व दरगाह थाने पहुंचकर शिकायत भी दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आखिर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

हापुड, गाजियाबाद उत्तरप्रदेश निवासी मोहम्मद शाहनवाज ने बताया कि आरोप लगाते हुये बताया कि कॉटन शर्ट का ऑर्डर लेने के लिए आए। सरवाड़ व अजमेर में उनका काम है। सरवाड़ में नागराज नाम के व्यक्ति ने कहा कि वह 1500 रुपए में एक माह के लिए कमरा दे देंगे। उनके यहां रहने दिया और कभी कभार खेत पर बुलाकर खाना भी खिलाया। कल बोला कि खेत पर आ जाए और खाना खाएंगे। वहां जाने पर पहले से दो चार लोग मौजूद थे। उन्होंने टांग व सिर में डंडा मारा और साठ-पैसठ शर्ट और पचास हजार रुपए लूट लिए। किसी तरह बचता हुआ वहां से फिर सरवाड़ थाने गया। आरोप है कि वहां पर बैठे पुलिसकर्मियों ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और डरा धमका कर भगा दिया। इसके बाद डरकर अजमेर पहुंचा और यहां होटल में खाना खाने गया तो साढे 19 हजार रुपए छीन लिया।

# चिकित्सकों की हड़ताल जारी, बंद रहे प्राइवेट अस्पताल

**अजमेर, (कासं)।** राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पारित किए गए राइट टू हेल्थ बिल और जयपुर में बिल के विरोध में प्राइवेट अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान हुई लाठी चार्ज की घटना को लेकर गुरुवार को अजमेर में तीसरे दिन भी प्राइवेट अस्पताल पूर्णत: बंद रहे तो वहीं समर्थन में आए जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के रेजीडेंट चिकित्सकों ने सरकार के खिलाफ रोष जताया। अस्पताल के लगभग 520 रेजिडेंट चिकित्सक संपूर्ण कार्य बहिष्कार पर रहे है। ऐसे में सीनियर डॉक्टर्स ने अस्पताल की व्यवस्थाएं संभाली।

राइट टू हेल्थ बिल और जयपुर में चिकित्सकों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर गुरुवार को तीसरे दिन भी संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के रेजीडेंट चिकित्सक हड़ताल पर रहे। अस्पताल में रूटिन ओपीडी करीब साढ़े तीन से चार हजार तक ही पहले थी और प्राइवेट अस्पताल के बंद होने के कारण अब प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन केजुएल्टी में चार सौ से 500 की ओपीडी हुआ करती थी, जो अब बढक़र छह सौ से अधिक हो गई है। रेजिडेंट्स चिकित्सकों की हड़ताल के चलते माइनर ऑपरेशन टाले जा रहे है, लेकिन मेजर ऑपरेशन सीनियर डॉक्टर्स कर रहे हैं।

अजमेर शहर सहित संभाग के सभी प्राइवेट अस्पताल पूरी तरह बंद रहे। गुरुवार को भी जेएलएन अस्पताल के मेडिकल कॉलेज परिसर में राइट टू हेल्थ बिल और जयपुर में प्राइवेट डॉक्टर्स पर हुए लाठीचार्ज को लेकर प्राइवेट, सीनियर्स और रेजिडेंट चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में एकत्र हुए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जेएलएन अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने बताया कि सरकार से मांग है कि राइट टू हेल्थ बिल में संशोधन किया जाए और प्राइवेट डॉक्टर्स पर लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जब तक उनकी मांगे सरकार नहीं माने लेती तब तक संपूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

## अफीम सहित तस्कर को दबोचा

**अनूपगढ़, (निसं)।** घड़साना पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया। एसआई संपत राम ने कार्रवाई करते हुए सर्वेश कॉलेज के पास गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 250 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा। थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए एसआई संपत राम, हेड कांस्टेबल इंद्राज, कांस्टेबल सोनू, कांस्टेबल अनिल के द्वारा सर्वेश कॉलेज के पास गश्त की जा रही थी।

गश्त के दौरान पुलिस को एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया उसके हावभाव देखकर पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने जब उसे रोक कर उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम मनीष बेनीवाल (31) पुत्र भैराराम, निवासी जोलियाली, पुलिस थाना झंवर, तहसील मंडोर, जिला जोधपुर बताया। पुलिस को इस व्यक्ति पर शक होने पर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास 250 ग्राम अफीम बरामद हुई। एसआई संपत राम ने बताया कि आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। शुरुआती जांच में आरोपी ने बताया कि वह घड़साना में अफीम की सप्लाई देने के लिए आया था।

# पालिका ई.ओ. व अध्यक्ष ने शहर को साफ रखने और प्रकृति संरक्षण के लिए नवाचार किया

## शहर से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतल एकत्रित कर उन्हें गमले का रूप दे रहे हैं

**अनूपगढ़, (निसं)।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई और पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान ने शहर को साफ सुथरा रखने और प्रकृति संरक्षण के लिए नवाचार किया है। अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई ने शहर से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतल एकत्रित कर उन्हें गमले का रूप दे रही है। इन गमलों में पौधे लगाए जा रहे हैं। प्लास्टिक की बोतलों से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा था और गंदे पानी की निकासी के लिए बनी नालियों में फंस जाने के कारण नालियां ओवरफ्लो हो जाती थी। इस समस्या से भी अब निजात मिलेगी। ,

अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई ने खासकर बच्चों से इस प्रयोग को करने की अपील की है। नगरपालिका के मुख्य द्वार पर अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई के निर्देशानुसार अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर हरित बगिया पथ भी बनाया जा रहा है।


अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि अनूपगढ़ में काफी संख्या में लोग प्लास्टिक बोतलों में भरी सामग्री का प्रयोग करते हैं। उसके बाद बोतलों को अनुपयोगी समझ कर फेंक देते हैं। जिससे यह बोतलें सड़क पर पड़ी रहती हैं या फिर नालियों में चली जाती है। जिससे नालियां ओवरफ्लो होकर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई ने बताया कि इन प्लास्टिक की बोतलों का सही उपयोग करने के लिए उन्होंने पूरे शहर से लगभग 17 हजार प्लास्टिक की बोतल एकत्रित की है।

- **पूरे शहर से लगभग 17 हजार प्लास्टिक की बोतल एकत्रित की है**

इन बोतलों के गमले का रूप देकर उन्हें पौधे लगाए जा रहे हैं ताकि अनुपयोगी बोतलों का उचित उपयोग हो सके। साथ ही साथ पर्यावरण सुरक्षित रहे और शहर भी सुंदर दिखाई दे। प्लास्टिक की बोतलों में पौधे लगाकर नगरपालिका के मुख्य द्वार से हरित बगिया पथ का निर्माण भी अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई की ओर से करवाया जा रहा है।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगरपालिका के द्वारा 'वेस्ट से बेस्ट' की ओर 'कचरे से कंचन' बनाने के लिए इस नवाचार की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली अकुशल महिलाओं के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई शहर वासियों से अपील की है कि वह भी अपने घरों के बाहर इस तरह का प्रयोग करें और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में नगर पालिका प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अगर पूरे शहर में इस तरह का नवाचार किया जाता है तो घर की दीवारें भी साफ सुथरी रहेगी। शहर भी साफ सुथरा दिखाई देगा और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा।

# खेल जगत



"निश्चित रूप से, अब आईपीएल (31 मार्च से) शुरू हो रहा है। इसे (श्रृंखला की हार को) भूलना नहीं चाहिए। भारत कभी कभार इसे भूलने की गलती कर सकता है लेकिन किसी को ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि विश्व कप में हम फिर से आस्ट्रेलिया से भिड सकते हैं। "

-सुनील गावस्कर

विश्वकप से पहले भारतीय टीम को आगाह करते हुए

**आज का खिलाड़ी ▶ सूर्यकुमार यादव**



टी20 प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों में से एक माने जाने वाले सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन मैचों में पहली गेंद पर आउट हो गए लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिए कि टीम प्रबंधन एकदिवसीय श्रृंखला में उनकी असफलता पर बहुत अधिक गौर नहीं कर रहा है। सूर्यकुमार को पहले दो वनडे में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। उन्हें बुधवार को खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच के लिए अंतिम एकादश में जगह दी गई लेकिन इस बार वह बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर की गेंद पर आउट हो गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेबु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टैस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## कमर की सर्जरी नहीं करवायेंगे अय्यर

नयी दिल्ली, 23 मार्च । भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज़ श्रेयस अय्यर ने इस साल घरेलू सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए फिलहाल के लिये अपनी कमर की सर्जरी करवाने से इंकार कर दिया है। क्रिकबज की ओर से गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, अय्यर ने निर्णय लिया है कि वह ऑपरेशन करने के बजाय बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब में समय बितायेंगे। गौरतलब है कि अय्यर को कमर में खिंचाव के कारण न्यूजीलैंड के विरुद्ध जनवरी में खेली गयी एकदिवसीय शृंखला से बाहर रहना पड़ा था। वह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच दूसरे टेस्ट के लिये फरवरी में टीम में वापस आये, लेकिन चौथे टेस्ट में वह दोबारा चोटठास्त होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके। अय्यर इस समस्या के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों में नहीं खेल सकेंगे और सर्जरी करवाने पर वह करीब छह महीने तक भी क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एनसीए ने अय्यर को सर्जरी करवाने की सलाह दी है लेकिन अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में भारत के अभियान का हिस्सा बनने के इच्छुक अय्यर ने फिलहाल इसके बिना फिटनेस बरकरार रखने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि मुंबई के रीढ विशेषज्ञ अभय नेने ने अय्यर को 10 दिनों के लिये आराम करने के लिये कहा था। विशेषज्ञ की सलाह के बाद फिलहाल वह मुंबई में अपने घर पर हैं।

## बेयरस्टो आईपीएल से बाहर

नयी दिल्ली, 23 मार्च। पांव की चोट से उबर रहे इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अपने देश के क्रिकेट बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिलने के कारण इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल 31 मार्च से शुरू हो रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन को इस टी20 टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दे दी है जिन्होंने घुटने और टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी की है। पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी के दौरान लिविंगस्टोन और बेयरस्टो को क्रमशः 11.50 करोड़ रुपये और 6.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार," पंजाब किंग्स के लिए कुछ अच्छी और कुछ बुरी खबर है क्योंकि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने के लिए लियाम लिविंगस्टोन को हरी झंडी दे दी है, लेकिन जॉनी बेयरस्टो को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से रोक दिया है। उन्होंने बेयरस्टो को एनओसी नहीं दी है।" बेयरस्टो सितंबर में गोल्फ कोर्स में फिसलने से कई फ्रैक्चर होने के कारण टी20 विश्व कप तथा पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे में नहीं खेल पाए थे।

## रादुकानू, स्टीफंस पहले दौर में बाहर

मियामी गार्डन्स, 23 मार्च। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा रादुकानू और सलोनी स्टीफंस मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई जबकि विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को पसली की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटना पड़ा। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने रादुकानू को 6-3, 3-6, 6-2 से पराजित किया। आंद्रिस्कु का अगला मुकाबला दसवीं रैंकिंग की मरिया सक्कारी से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में शेल्बी रोजर्स ने स्टीफंस को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। रोजर्स का सामना अब ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग में दुसान लाजोविच ने तीन बार के ठौंड स्लैम चैंपियन एंडी मर्रे को 6-4, 7-5 से हराया।

## सिंधू, प्रणय स्विस ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

बासेल, 23 मार्च। भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मैच जीतकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट चीन के शि यू क्यूई से दूसरा गेम गंवाने के बावजूद 21-17 19-21 21-17 से जीत दर्ज की।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को एकतरफा मुकाबले में 21-9 21-16 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के लिए शानदार शुरुआत की।

प्रणय का अगला मुकाबला फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा, जबकि सिंधू का सामना इंडोनेशिया की 20 वर्षीय पुत्री कुसुमा वारदानी से होगा, जो 2022 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।

# निखत, नीतू ने फाइनल में किया प्रवेश, रजत सुनिश्चित

नयी दिल्ली, 23 मार्च । गत विश्व चैंपियन निखत ज़रीन और राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट नीतू घंघास ने महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल का टिकट कटा लिया।

इंदिरा गांधी स्टेडियम पर आयोजित प्रतियोगिता में निखत ने 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में कॉलंबिया की इंठिाट वैलेंसिया को 5-0 से पछाड़ा। नीतू ने 48 किग्रा के सेमीफाइनल में कज़ाकस्तान की अल्कुआ बाल्किबेकोवा को 5-2 से शिकस्त दी। पिछले तीनों मुकाबले आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोका जाना) पद्धित से जीतने वाली नीतू को टूर्नामेंट में पहली बार टक्कर मिली, हालांकि मैच रिव्यू होने के बाद उन्होंने जीत हासिल कर ली।

बाल्किबोवा ने पूरे बाउट के दौरान शानदार डिफेंस का प्रदर्शन किया लेकिन 22 वर्षीय नीतू ने चतुराई से सटीक मुक्के मारे और अपार धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पहली बार प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली।

पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में बाल्किबोवा से हारने वाली नीतू ने इस जीत के साथ हिसाब भी चुकता कर लिया।

नीतू के विपरीत, निखत को फाइनल में पहुंचने के लिये ज़रा भी संघर्ष नहीं करना पड़ा। निखत ने अपनी तेज गति और शानदार ताकत का उपयोग करते हुए रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता वैलेंसिया के खिलाफ बाउट को शुरू से ही नियंत्रित किया।

वैलेंसिया पर शुरुआती दबाव बनाने के बाद भी निखत ने अगले राउंड में अपना संयम नहीं खोया और एकतरफा मुकाबला जीतकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली।

नीतू-निखत ने इस जीत के साथ भारत के लिये रजत पदक भी सुनिश्चित कर लिये हैं। खिताबी मुकाबले में नीतू का सामना शनिवार को 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग से होगा।

निखत स्वर्ण पदक के लिये रविवार को दो बार की एशियाई चैंपियन वियतनाम की गुयेन थी टैम से भिड़ेंगी।

## चिक्कारंगप्पा हांगकांग में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर

हांगकांग, 23 मार्च। भारतीय गोल्फर एस चिक्कारंगप्पा ने यहां विश्व सिटी चैम्पियनशिप के शुरूआती दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रहे हैं।

डीजीसी ओपन के विजेता मिगुएल टागुएना ने वही शानदार जारी रखते हुए सात अंडर पार 63 का कार्ड खेला जिससे वह एकल बढ़त बनाये हैं। चिक्कारंगप्पा भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर चल रहे हैं। अन्य भारतीयों में करणदीप कोचर और हनी बेसोया ने 69-69 के कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।

एसएसपी चौरसिया (70) संयुक्त 48वें जबकि वीर अहलावत, जीव मिल्खा सिंह और शिव कपूर एक ओवर 71 के कार्ड से संयुक्त 63वें स्थान पर चल रहे हैं। विराज मदप्पा और गगनजीत भुल्लर संयुक्त 87वें स्थान पर काबिज हैं।

## म्यांमा के खिलाफ हम बड़े अंतर से जीत सकते थे: स्टिमक

इंफाल, 23 मार्च। भारत ने त्रिकोणीय अंतरराष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेंट के पहले मैच में म्यामां को 1-0 से हराया लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक का मानना है कि मेजबान टीम के दबदबे को देखते हुए उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी चाहिए थी।

कप्तान सुनील छेत्री से जुड़े दो फैसलों के कारण भारत दो गोल नहीं कर पाया। इसमें पहले हाफ में भारत को पेनल्टी नहीं दी गई जबकि एक अवसर पर ऑफसाइड होने के कारण गोल अमान्य करार दिया गया। स्टिमक ने कहा कि उनके लिए स्कोर लाइन 1-0 नहीं बल्कि 3-0 है। भारतीय कोच स्टिमक ने कहा,"मैं अपने खिलाड़ियों से कुछ नहीं कह सकता क्योंकि उन्होंने वैसा ही खेल दिखाया जैसा हम चाहते थे। गोलकीपर अमरिंदर ने बेहतरीन खेल दिखाया और सुनील दुर्भाग्यपूर्ण रहा जो गोल नहीं कर पाया। वह गोल करने के लिए भूखा था और हैट्रिक बना सकता था।"

कई को उम्मीद नहीं थी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फाइनल के केवल चार दिन बाद छेत्री पूरे 90 मिनट तक खेलेंगे लेकिन भारतीय कप्तान की प्रतिबद्धता और गोल करने की भूख को देखते हुए स्टिमक ने उन्हें पूरे समय तक मैदान में बनाए रखने का फैसला किया।

कोच ने कहा,"सुनील पहला खिलाड़ी था जो आईएसएल फाइनल के बाद शिविर में पहुंचा। उसने राष्ट्रीय टीम से जुड़ने में एक मिनट का समय भी बर्बाद नहीं किया।

## मेजबान बंगलादेश की चुनौती के लिये तैयार भारत

ढाका, 23 मार्च । सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2023 में लगातार दूसरी जीत की तलाश में भारत शुक्रवार को ढाका के बीएसएस मुस्तफा कमाल स्टेडियम में मेजबान बंगलादेश का सामना करेगा।

भारतीय लड़कियों ने सोमवार को नेपाल पर 4-1 की ठोस जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जिसमें शिलजी शाजी ने हैट्रिक जमायी और पूजा ने एक गोल किया। भारत की मुख्य कोच प्रिया पीवी ने कहा, "हम पहला मैच जीतकर खुश हैं क्योंकि यह पहली बार है जब हमारे खिलाड़ी इस तरह की बड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। हम यहां एक कृत्रिम पिच पर खेल रहे हैं जो उस मैदान से अलग है जिस पर हम अभ्यास करते हैं। लड़कियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूं।"

प्रिया ने कहा कि मिडफ़ील्ड में सुधार की बहुत गुंजाइश है। उन्होंने कहा, "हम मानते हैं कि अगर हम मिडफ़ील्ड में थोड़ा और ध्यान केंद्रित करते हैं और बेहतर समन्वय करते हैं, तो हम आगे जाकर अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे।" दूसरी ओर, मेज़बान टीम ने टूर्नामेंट में अब तक एक जीत और एक हार दर्ज की है। सोमवार को भूटान को 8-1 से मात देने के बाद बंगलादेश ने बुधवार को रूस के हाथों 0-3 की हार का सामना किया था। प्रिय ने कहा, "बंगलादेश एक बहुत अच्छी टीम है। उन्होंने अपने पहले मैच में आठ गोल किये और रूस के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन अच्छा था।"

## 'कार्यभार कम करने के लिये आईपीएल में आराम कर सकते हैं खिलाड़ी'

चेन्नई, 23 मार्च । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि उनकी टीम के खिलाड़ी अपना कार्यभार कम करने के लिये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कुछेक मैच छोड़ सकते हैं।

गौरतलब है कि आईपीएल 2023 की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई एकदिवसीय शृंखला के मात्र 10 दिन बाद 31 मार्च से होनी है। आईपीएल का समापन 28 मई को होगा और सात जून को भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के सामने होगा।

रोहित ने बुधवार को यहां संवादददाताओं से कहा, यह सब अब फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है। वे अब उनके (खिलाड़ियों के) मालिक हैं। हमने टीमों को कुछ संकेत दिए हैं लेकिन दिन के अंत में यह फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है, उन्हें पता है कि उन्हें अपने शरीर का कैसे खयाल रखना है।

रोहित ने कहा, वह सभी वयस्क हैं, उन्हें अपने शरीर की देखभाल करनी है। अगर उन्हें लगता है कि कार्यभार जरूरत से ज्यादा हो रहा है तो वे इसके बारे में बात कर सकते हैं और एक या दो मैचों के लिये ब्रेक ले सकते हैं, हालांकि मुझे नहीं लगता ऐसा कुछ होगा।

गौरतलब है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं, जबकि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। रोहित ने चोटठास्त खिलाड़ियों की बढती संख्या पर चिंता जताते हुए उन्हें आवश्यक आराम देने पर जोर दिया। रोहित ने कहा, यह चिंता का विषय है क्योंकि... हमारी अंतिम एकादश के खिलाड़ी चोटग्रस्त हो रहे हैं। ये खिलाड़ी नियमित रूप से अंतिम एकादश में खेलते हैं। हम खिलाड़ियों के प्रबंधन पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, यही कारण है कि आप देखते रहते हैं कि हमें निश्चित समय पर कुछ खिलाड़ियों को आराम देना पड़ता है। उन्होंने कहा, जाहिर है जब आप इतना क्रिकेट खेलते हैं तो चोट लगना तय है। इसलिए इस पर ज्यादा ध्यान न दें। जो चीज हमारे हाथ में है हम उसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी भी निराश हैं। वे खेलना चाहते हैं, वे बाहर नहीं बैठना चाहते। यह थोड़ा दुखद है लेकिन आप सही मायने में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। मैं आपको यह बता सकता हूं कि पर्दे के पीछे काम करने वाले लोग चीजों को ठीक करने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। (खिलाड़ी को) किसी भी समय अजीब चोट लग सकती है, जैसे श्रेयस (अय्यर) इसका सबसे अच्छा उदाहरण थे। वह पूरे दिन बैठे रहे और जब अभ्यास के लिये गये तो उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। इसके बारे में आप कुछ नहीं कर सकते। हम सिर्फ यह कर सकते हैं कि खिलाड़ियों को पर्याप्त ब्रेक दें और मुझे लगता है हम ऐसा कर रहे हैं।

## भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे एएचएफ की एथलीट दूत नियुक्त

नयी दिल्ली, 23 मार्च। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को गुरूवार को दो साल के लिये एएचएफ का एथलीट दूत नियुक्त किया गया।

टेटे ने कोरिया के मुंगेयोंग में एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) की कांठोस के दौरान प्रमाण पत्र और इस पद को स्वीकार किया। वह 25 मार्च से यह जिम्मेदारी संभालेंगी। अपनी अगुआई में भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में 2021 एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप में चौथा स्थान दिलाने वाली टेटे इस पद के लिये एशिया से नियुक्त चार खिलाड़ियों में से एक हैं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने भी टेटे को इस सम्मान के लिये बधाई दी और कहा, "हमारी भारतीय खिलाड़ियों में से एक को एएचएफ एथलीट दूत के तौर पर देखना सुखद है। सलीमा (टेटे) पिछले दो वर्षों से भारत की चमकदार खिलाड़ियों में से एक रही हैं और मैदान पर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखा चुकी हैं। " एएचएफ एथलीट दूत के तौर पर टेटे एशिया की चुनी हुई अन्य सदस्यों के साथ खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व और विकास में अहम भूमिका निभायेंगी। वह इस क्षेत्र से खिलाड़ियों में जागरूकता बढाने की ओर भी काम करेंगी।


REGIONAL OFFICE (JAIPUR-SOUTH)

**RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD**

8/263, MALVIYA NAGAR, NEAR JAWAHAR CIRCLE, JAIPUR
Website-wwww.enviornment.rajasthan.gov.in
Email Id- ro.jaipursouth@gmail.com Phone-0141-4068311

No. RSPCB/RO/JP-S/Public HEaring-02/3642 Date 15.03.2023

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत, सरकार नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अनुसार Public Hearing for grant of Environment Clearance to M/s. Instromedix Waste Management Pvt Ltd. for development of Common Bio Medical Waste Treatment Facility Jaipur City [Incinerator-500Kg/Hr., Autoclave-150 Kg/Hr., Shredder- 150Kg/Hr., Ash Pit-01 Nos., Sharp Pit-01 Nos. and Effluent Tratment Plant-10 KLD capacity] at Khasra No. 400, VIllage Rampuraoonti, Tehsil Sanganer, District Jaipur (Raj.) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

उपरोक्त परियोजना हेतु वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है अतः समस्त संबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 05 मई 2023 को प्रातः 11.00 बजे खसरा नंबर 400, ग्राम रामपुराऊती, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित सुझाव/ आक्षेप इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 24 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय 8/263, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर, जयपुर (ईमेल- ro.jaipursouth@gmail.com) अथवा मुख्यालय 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) एवं कार्यकारी सारांश रिपोर्ट (हिंदी एवं अंग्रेजी) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है।
(1) क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल जयपुर दक्षिण 8/263, मालवीय नगर, जयपुर
(2) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल 04 संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी जयपुर
(3) क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार अरण्य भवन जयपुर
(4) पर्यावरण विभाग राजस्थान सरकार शासन सचिवालय जयपुर
(5) अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर (उत्तर) जयपुर (6) जिला उद्योग केंद्र जयपुर (ग्रामीण) बाईस गोदाम जयपुर (7) जिला परिषद बनी पार्क जयपुर (8) कार्यालय उपखंड अधिकारी सांगानेर, जयपुर (9) कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा वती गांव रामपुरनाती तहसील सांगानेर एवं जिला जयपुर।

प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केंद्रीय राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी सभी पुरवा धान सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

क्षेत्रीय अधिकारी


## वरुण-रिदम ने मिश्रित टीम में जीता रजत

भोपाल, 23 मार्च । वरुण तोमर और रिदम सांगवान की युवा भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल निशानेबाज़ी विश्व कप के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम फाइनल में गुरुवार को चीन के क्वियान वेई और लियू जिनयाओ से हारकर रजत पदक से संतोष किया। मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी रेंज पर खेले गये फाइनल में चीनी जोड़ी ने वरुण-रिदम को 17-11 से मात दी। वरुण ने इससे पहले बुधवार को एयर पिस्टल की एकल प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता था। मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में क्वियान-लियू 586 अंक के साथ पहले स्थान पर रहे थे, जबकि वरुण-रिदम (581) ने दूसरा स्थान हासिल किया था। फाइनल के शुरुआती चरण में चीनी युगल आगे चल रहा था लेकिन भारतीय जोड़ी ने अच्छी वापसी करते हुए उनकी बढ़त 7-15 से 11-15 कर दी। क्वियान-लियू ने हालांकि लगातार दो अंक स्कोर करते हुए स्वर्ण अपने नाम कर लिया। रिदम ने मैच के बाद कहा, "हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं और रजत भी एक पदक है। निश्चित रूप से सोना बहुत अच्छा होता लेकिन हम दोनों खुश हैं कि हमें रजत पदक मिला और हम अगली बार बेहतर प्रयास करेंगे।" वरुण ने कहा, "हम अपनी पूरी कोशिश करते हैं और खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं।

## आईटीएफ वर्ल्ड टूर: सिद्धार्थ समेत तीन भारतीय क्वार्टर फाइनल में

लखनऊ 23 मार्च । उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ विश्वकर्मा समेत तीन भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

वाइल्ड कार्ड के जरिए इस टूर्नामेंट में अपना सफर शुरु करने वाले सिद्धार्थ ने फ्रांस के आर्थर बेबर को बिना एक गेम गंवाए 6-0,6-0 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। साथ ही उनकी विश्व रैंकिंग अब सुधर कर 938 तक पहुंच जाएगी। एक और मैच में भारत के करन सिंह ने थाईलैंड के पालाफूम कोवापीटुकटेड को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6,6-4,6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली।

भारत के ही शशिकुमार मुकुंद ने भारत के ही ऋषभ अठावाल को 6-2,7-6(3) से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली हालांकि यूपी के सिद्धार्थ रावत अंतिम आठ में जगह नहीं बना सके। उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त ओलिवर क्रॉफोर्ड ने आसानी से 6-1,6-2 से हरा दिया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त वियतनाम के नैम होंग ने आस्ट्रेलिया के ब्लेक इलिस को एक कड़े मुकाबले में 6-2,3-6,6-3 से पराजित कर दिया। टूर्नामेंट में तीसरी वरीयता प्राप्त और चर्चा का विषय बने रोजर फेडरर को हराने वाले खिलाड़ी एवगेनी डॉन्सकॉय ने भारत के मनीष सुरेश कुमार को 6-2,7-5 से हरा दिया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त व्लैदीस्लॉव औरलोव ने सर्बिया के बोरिस बुतुलिजा को सीधे सेट में 6-2,6-2 से हराकर क्वार्टर में जगह पक्की कर ली है। यूक्रेन के एरिक वैनशेलबोइम ने जापान के यूसूके ताकाहाशी को तीन सेट तक खिंचे मैच में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

युगल मुकाबलों में भारतीय जोडियों की धूम रही। आज हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भारतीय जोड़ी परिक्षित सोमानी और मनीष सुरेशकुमार ने थाईलैंड और फिलीपींस के प्रूच्या इसारो और प्रांसिस केसी की जोड़ी को कडे मुकाबले में हारकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं एस.डी.प्रज्जवल देव और साई कार्तिक रेड्डी की जोड़ी ने पूर्व ओलंपियन विष्णु वर्धन और उनके कजाक पार्टनर ठिागोरी लोमाकिन को हारकर अंतिम चार में जगह पक्की कर ली है।

सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी निकी पोनाचा और ऋत्विक चौधरी की रही जिन्होंने फ्रांस के आर्थर वेबर और भारत के नितिन सिन्हा की जोड़ी को सीधे सेटों में हरा दिया। सेमीफाइनल में प्रवेश करन वाली एक मात्र विदेशी जोड़ी ब्लेक इलिस (आस्ट्रेलिया) और शूची सेकीगूजी (जापान) की है। इन्होने भारत के करन सिंह और इश्हाक इकबाल को हराया।

## बांग्लादेश ने आयरलैंड को 10 विकेट से हराकर वनडे श्रृंखला जीती

सिलहट (बांग्लादेश), 23 मार्च। तेज गेंदबाज हसन महमूद ने पहली बार पांच विकेट हासिल किये जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने गुरूवार को यहां आयरलैंड को तीसरे और अंतिम वनडे में 10 विकेट से हराकर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 2-0 से जीत ली।

बांग्लादेश ने पहला मैच 183 रन से हराकर वनडे में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी और दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

यह पहली बार है जब बांग्लादेश ने किसी भी टीम को 10 विकेट से शिकस्त दी हो। आसमान में बादल छाये हुए थे और आयरलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 28.1 ओवर में महज 101 रन पर सिमट गयी।


REGIONAL OFFICE (JAIPUR-SOUTH)

**RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD**

8/263, MALVIYA NAGAR, NEAR JAWAHAR CIRCLE, JAIPUR
Website-wwww.enviornment.rajasthan.gov.in
Email Id- ro.jaipursouth@gmail.com Phone-0141-4068311

No. RSPCB/RO/JP-S/Public HEaring-02/3642 Date 15.03.2023

**पर्यावरण स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत, सरकार नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अनुसार Public Hearing for grant of Environment Clearance to M/s. Instromedix Waste Management Pvt Ltd. for development of Common Bio Medical Waste Treatment Facility Jaipur Rural & Dausa District [Incinerator-300Kg/Hr., Autoclave-100 Kg/Hr., Shredder- 100Kg/Hr., Ash Pit-01 Nos., Sharp Pit-01 Nos. and Effluent Tratment Plant-10 KLD capacity] at Khasra No. 400, VIllage Rampuraoonti, Tehsil Sanganer, District Jaipur (Raj.) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

उपरोक्त परियोजना हेतु वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं अधिसूचना 09.05.2022 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 15 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है अतः समस्त संबंधित को इस नोटिस के माध्यम से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वह उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित लोक सुनवाई हेतु दिनांक 10 अप्रैल 2023 को प्रातः 11.00 बजे खसरा नंबर 400, ग्राम रामपुराऊती, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में उपस्थित होकर आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित सुझाव/ आक्षेप इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय 8/263, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर, जयपुर (ईमेल- ro.jaipursouth@gmail.com) अथवा मुख्यालय 04-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर में भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) एवं कार्यकारी सारांश रिपोर्ट (हिंदी एवं अंग्रेजी) निम्नांकित कार्यालयों में उपलब्ध है। (1) क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल जयपुर दक्षिण 8/263, मालवीय नगर, जयपुर (2) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल 04 संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी जयपुर (3) क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार अरण्य भवन जयपुर (4) पर्यावरण विभाग राजस्थान सरकार शासन सचिवालय जयपुर (5) अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर (उत्तर) जयपुर (6) जिला उद्योग केंद्र जयपुर (ग्रामीण) बाईस गोदाम जयपुर (7) जिला परिषद बनी पार्क जयपुर (8) कार्यालय उपखंड अधिकारी सांगानेर, जयपुर (9) कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरा वती गांव रामपुरनाती तहसील सांगानेर एवं जिला जयपुर।

प्रस्तावित लोक सुनवाई वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केंद्रीय राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी सभी पुरवा धान सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

क्षेत्रीय अधिकारी


# विश्व कप की मेज़बान के लिये हॉकी इंडिया को मिला सर्वश्रेष्ठ आयोजक का पुरस्कार

नयी दिल्ली, 23 मार्च । हॉकी इंडिया को एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला की शानदार मेजबानी के लिये गुरुवार को एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा सर्वश्रेष्ठ आयोजक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कोरिया के मुंगयोंग में आयोजित एएचएफ सम्मेलन के दौरान स्वीकार किया।

सिंह ने पुरस्कार लेने के बाद कहा, "यह हमारे लिये बहुत गर्व का क्षण है। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 की सफलता भुवनेश्वर-राउरकेला इस बात का प्रमाण है कि जब हम जुनून और सटीकता के साथ काम करते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है। यह पुरस्कार हॉकी इंडिया के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है जिन्होंने टूर्नामेंट की सफलता के लिये चौबीसों घंटे काम किया। मैं इस प्रयास की सराहना के लिये एएचएफ का आभार व्यक्त करता हूं।"

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म डॉ दिलीप टिर्की ने कहा, "हम एशियाई हॉकी महासंघ द्वारा इस अविश्वसनीय मान्यता के लिये बहुत विनम्र और आभारी हैं। घर पर एक विश्व कप हमेशा विशेष होता है। हॉकी इंडिया की सर्वोच्च प्राथमिकता यह थी कि इसे सबके लिये एक यादगार अनुभव बनाया जाये, चाहे वह भाग लेने वाली टीमें हों, अधिकारी हों या दर्शक।"

डॉ टिर्की ने कहा, "हमारा प्रयास माननीय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, सभी हितधारकों और इस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने के लिये एक साथ काम करने वाले कई लोगों के निरंतर समर्थन और दृष्टि के बिना संभव नहीं था।"

गौरतलब है कि पुरुष हॉकी विश्व कप का आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में किया गया जहां दुनियाभर की 16 टीमों ने विश्व चैंपियन बनने के लिये अपनी दावेदारी पेश की। भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम ने पहले पुरुष विश्व कप 2018 की मेजबानी की थी, हालांकि राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में एक ओलंपिक शैली का हॉकी गांव भी है जहां भाग लेने वाली टीमों को ठहराया गया। एथलीटों के लिये सर्वोत्तम सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिये वैश्विक मानकों के साथ ऑन-फील्ड एक्शन के त्रुटिहीन आयोजन के अलावा हॉकी इंडिया ने ओडिशा सरकार के अद्वितीय समर्थन के साथ दर्शकों का मन-मोहने वाले भी कई कार्यक्रम किये, जिसमें सिनेमा जगत के सितारों से सजा उद्घाटन समारोह शामिल था। बॉलीवुड के सुपर स्टार रणवीर सिंह, दिशा पटानी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित के-पॉप बैंड ब्लैकस्वान के प्रदर्शन ने ओडिशा आने वाले वैश्विक हॉकी प्रशंसकों के लिये हॉकी उत्सव को और अधिक यादगार बना दिया।


**कार्यालय नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा**

क्रमांक-न.पा.पा.प्रा. 2021-22/1277 दिनांक- 22.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग 2021 के अंतर्गत निम्न आवेदकों द्वारा पालिका में 69-क नियमन के अंतर्गत पट्टा/कृषि भूमि नियमन/भवन निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया गया है यदि इस कार्य में किसी आम या खास को कोई आपत्ति हो तो पालिका में 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सबूत के साथ प्रस्तुत करें बाद विवाद करने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूरणमल आर्य पुत्र बनवारी लाल आर्य | प्रागपुरा | 653 | 188.33 वर्गगज | आवासीय |
| 2 | पूरणमल आर्य पुत्र बनवारी लाल आर्य | प्रागपुरा | 854 | 13.33 वर्गगज | मिश्रीत |
| 3 | पूरणमल आर्य पुत्र बनवारी लाल आर्य | प्रागपुरा | 854 | 88.88 वर्गगज | आवासीय |
| 4 | करण आर्य पुत्र कैलाश चन्द आर्य | प्रागपुरा | 854 | 92.00 वर्गगज | आवासीय |
| 5 | करण आर्य पुत्र कैलाश चन्द आर्य | प्रागपुरा | 653 | 238.00 वर्गगज | आवासीय |
| 6 | आशा कँवर पत्नी बलबीर सिंह | पावटा | 571 | 150 वर्गगज | आवासीय |
| 7 | पाना देवी पत्नी महिपाल | पावटा | 785/2716 | 22.22 वर्गगज | मिश्रित |
| 8 | सुशीला कँवर पत्नी भंवर सिंह | पावटा | 785/2716 | 22.22 वर्गगज | मिश्रित |
| 9 | सुशीला देवी पत्नी गोवेर्धलाल | पावटा | 2012 | 300 वर्गगज | आवासीय |
| 10 | माली देवी पत्नि भागीरथमल | पावटा | 1965/04 | 37.40 वर्गगज | मिश्रित |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा
(जयपुर)

## संक्षिप्त

### चेटीचंड कार्यक्रम संपन्न

**देवली, (निसं)।** सिंधी पंचायत के तत्वावधान में शहर स्थित गुरुद्वारे में गुरुवार को चेटीचंड का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह आराध्य भगवान वरुण देव झूलेलाल की झांकी सजाई गई एवं बेराणा साहिब की ज्योत प्रज्वलित की गई, महिलाओं द्वारा वरुण भगवान के गीत एवं भजन गाए गए। सिंधी पंचायत के युवाओं द्वारा यहां गुरुद्वारे में लंगर की सेवा की गई जिसमें सिंधी, पंजाबी, सिख, बिलोची समुदाय की साध् संगत ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### गणगौर की सवारी आज निकलेगी

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** बाबा श्याम की नगरी में गणगौर की शाही सवारी शुक्रवार को हनुमानपुरा रोड पारीक भवन से निकाली जाएंगी। जगदीश प्रसाद पारीक ने बताया कि हर वर्ष की तरह गणगौर माता की शाही सवारी हनुमानपुरा रोड पारीक भवन से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए वापस पारीक भवन पहुंचेगी।इस दौरान नवविवाहित लड़कियां व विवाहित महिलाएं गणगौर पूजन करेंगी।

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस थाना मेहन्दवास पुलिस ने 4 माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गठित टीम ने 4 माह से फरार चल रहे आरोपी मुकेश पुत्र गोपाल जाति खारोल निवासी सोनवा थाना मेहन्दवास जिला टोंक, रामराज उर्फ राजू पुत्र गोपाल जाति खारोल निवासी सोनवा थाना मेहन्दवास को काफी मशकत के बाद गिरफ्तार किया।

### प्रदेशाध्यक्ष जोशी का स्वागत किया

**चाकसू, (निसं)।** भाजपा के नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सांसद सीपी जोशी का पूर्व संसदीय सचिव व चाकसू विधानसभा के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने माला व साफा पहनाकर कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2023 में राजस्थान प्रदेश में भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प दिलवाया।

# शहीद दिवस पर विशाल तिरंगा रैली निकाली

**कोटपूतली, (निसं)।** स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव का शहीद दिवस अपार जोश के साथ मनाया गया। जहां लोगों ने अमर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में आरएलपी कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। राजमार्ग स्थित

- कस्बे में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया
- कोटपूतली जिले के नाम में बहरोड़ को जोड़कर जो सौदा किया गया है उसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : कसाना

मोरीजावाला धर्मशाला से शुरू होकर पूतली कट होते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से पुरानी नगर पालिका तिराहा होकर रैली राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय परिसर में जाकर विसर्जित हुई। इस दौरान कसाना ने विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। साथ ही कसाना समेत रैली का जगह-जगह स्वागत भी किया गया।



कोटपूतली कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर तिरंगा यात्रा निकली।

कसाना व आरएलपी कार्यकर्ताओं ने पुराने नगर पालिका तिराहे स्थित अग्रसेन सर्किल पर सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू समेत महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान रैली में उमड़े हुजुम को सम्बोधित करते हुए कसाना ने कहा कि अमर शहीदों के त्याग व बलिदान से ही आज देश आजाद है। इसलिए युवाओं को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिये। कसाना ने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि कोटपूतली जिले की मांग को आजादी के बाद से ही प्रत्येक जनप्रतिनिधि ने विधानसभा में वहीं आमजन व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से पुरजोर तरीके से उठाया है। लेकिन कोटपूतली जिले के नाम में बहरोड़ को जोड़कर जो सौदा किया गया है उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी जिला कार्यालय कोटपूतली में खोले जाये इसके लिए चाहे कोई भी संघर्ष करना पड़े उसके लिए जनता तैयार है।

कसाना का अग्रवाल समाज की ओर से अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कमल गुप्ता व रमेश जिंदल ने भी स्वागत किया। रैली का पुलिस थाने के पास पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी व मुकेश सरपंच आदि के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान आरएलपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी, पार्षद रामेश्वर सैनी, शैतान सिंह नायक, अनिल मंगल, गोविंद बिदाणी, विजयपाल सिंह बनेठी, सुबेदार ओमकार चौधरी, हँसराज वर्मा, सुरेन्द्र बरबरा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देवनारायण आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चिंहित की

**विराटनगर, (निसं)।** देवनारायण योजना के तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छितौली में 30 करोड की लागत से स्वीकृत देवनारायण आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए विधायक इन्द्राज गुर्जर ने प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ भूमि का मौके पर जाकर अवलोकन किया।

वहीं विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशों पर विद्यालय के लिए एमडीआर 175 पावटा विराटनगर सड़क पर स्थित भूमि का चयन किया गया। जिसके तहत 16 बीघा भूमि आवासीय विद्यालय के लिए व 15 बीघा खेल मैदान के लिए चिन्हित की गई। विधायक इंद्राज गुर्जर ने मौके पर उपस्थित उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी को भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के निर्देश दिये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित देवनारायण योजनांतर्गत छितौली गांव में बनाए गए आवासीय विद्यालय (हॉस्टल) में कक्षा 6 से 12वीं तक के 280 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही इन सभी को रहने की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। इनमें से 60 प्रतिशत सीटें एसबीसी वर्ग और 40 प्रतिशत सीटें अन्य सभी वर्गों के लिए आरक्षित रहेंगी। इस दौरान मौके पर नायब तहसीलदार ओमप्रकाश बुनकर, हल्का पटवारी महेन्द्र यादव, सरपंच शीशराम दायमा, युवा नेता राधेश्याम लोमोड, रामस्वरूप भडाना समेत अनेक लोग उपास्थित रहे।

## सार-समाचार

### शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च निकाला



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निर्देश पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की स्मृति में गुरुवार को शहीद दिवस के उपलक्ष में अहिंसा मार्च का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि पंचायत समिति कार्यालय में प्रातः 8 बजे एकत्रित होकर रैली के रूप में संभागीयों ने प्रस्थान किया। इस दौरान शहीदों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में आमजन को बताया गया साथ ही गांधीजी के योगदान को याद किया गया एवं उनके पसंदीदा भजन गाए गए। कार्यक्रम में गांधी दर्शन समिति के संयोजक रक्षपाल दास स्वामी एडवोकेट, मुकेश कुमार यादव अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, प्रगति प्रसार अधिकारी रविकांत पारीक, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह शेखावत, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल श्रीमाधोपुर के प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा, यादवेंद्र भार्गव, गांधी दर्शन समिति की श्रीमती शीला चूलेट, गोविंद राम स्वामी, नंद किशोर सैनी मिस्त्री, गणपत लाल रैगर, बाबू लाल यादव, ममता मीणा, सज्जन सिंह सहित एनएसएस स्वयंसेवक, स्काउट्स तथा अनेक गणमान्य जनों, विद्यालय के विद्यार्थियों आदि ने रैली में शामिल हुए।

### झूलेलाल जयंती पर शोभायात्रा निकली

**मालपुरा, (निसं)।** पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में गुरूवार को चेटीचण्ड महोत्सव पर अने कार्यक्रम आयोजित किये गये। सिंधी धर्मशाला से शुरू हुई वाहन रैली का शहर के मुख्य मार्गों से होकर आमजन को चेटीचण्ड की बधाईयां देते पुनः धर्मशाला में समापन हुआ। सिंधी समाज के मंदिर से चेटीचण्ड का जूलूस सजीव झांकियों के साथ शुरू हुआ, जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से जगह-जगह जलपान करवाये गये। झूलेलाल के जयकारों के साथ नाचते-गाते जूलूस निकाला गया। वहीं शहीद दिवस पर कोर्ट परिसर से अहिंसा यात्रा निकाली गई। गांधी पार्क पर दो मिनट का मौन रख शहीदो को याद किया गया। तहसीलदार सहदेव मंडा, पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, निजी शिक्षण संस्थान संघ अध्यक्ष रमाकांत पाठक, प्रहलाद शर्मा ने शहीद दिवस पर व्याख्यान दिया।

### विवाह सम्मेलन समिति की बैठक

**टोंक, (निसं)।** बैरवा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति एवं टोंक जिला बैरवा सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति टोंक की संयुक्त बैठक संस्था अध्यक्ष चिरंजीलाल बंशीवाल की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक निवाई व बैरवा महासभा के अध्यक्ष कमल बैरवा के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को बैरवा धर्मशाला कृषि मंडी के सामने संस्था कार्यालय पर हुआ, जिसमें कई बिन्दुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए। कार्यालय प्रभारी गोपाल लाल बैरवा मुमाना व कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोंदीफल ने बताया कि बैठक में निर्णय लिए गए कि बैरवा समाज का समाूहिक विवाह सम्मेलन 5 मई पीपल पूर्णिमा को होगा। कार्यालय का उद्घाटन 5 अप्रैल को किया जाएगा। गणेश निमंत्रण 5 अप्रैल बुधवार को ही समाज के गणमान्य सदस्यों द्वारा दिया जाएगा।

### जोशी प्रदेशाध्यक्ष बनने पर खुशी मनाई

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी को बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सीपी जोशी के नेतृत्व में संगठन निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ,दीपक संगत ,पूर्व सदस्य ,राज्य सफाई आयोग ,नरेन्द्र शर्मा ,अध्यश युवा मोर्चा ,जगदीश गुजर , शैलेंद्र जैन,विष्णु चावला ,शिवराज चावला ,जय नारायण वर्मा ,सीता चावला ,प्रधान काबरा,अनिल टिक्कीवाल, जिला मंत्री गणपत पहाडिया, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक गणेश सैनी सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।

### शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सांभरझील, (निसं)।** ग्राम त्योद में शहीद दिवस के मौके पर शहीद भगवान सिंह शेखावत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। शहीद स्मारक पर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माला पहनाकर उनके बलिदान को याद किया गया। इस मौके पर शहीद के पिता व उपसरपंच रूपसिंह शेखावत के साथ उनकी धर्मपत्नी प्रेम कंवर, गोपाल सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह शेखावत, प्रभु सिंह शेखावत, सुरेंद्र जांगिड़, नवल किशोर शर्मा वार्डपंच, भीवाराम वर्मा वार्ड पंच, राजेंद्र गुर्जर सहित अनेक युवा व ग्रामवासी मौके पर उपस्थित हुए। सभी उपस्थित ग्रामवासियों व युवाओं के द्वारा इस अवसर पर शहीद के माता पिता का भी माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया।

### वनस्थली विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव आज

**निवाई, (निसं)।** विद्यापीठ में 87 वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को आयोजित होगा। समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने बताया कि मुख्यमंत्री गहलोत शुक्रवार की सुबह वनस्थली के हवाई क्षेत्र में उतरेंगे। जहां वनस्थली विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति प्रो.ईना आदित्य शास्त्री,कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री एवं प्रो. अंशुमान शास्त्री उनका स्वागत करेंगे। स्वागत द्वार पर वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी जायेगी। छात्राएं पारंपरिक स्वागत गान एवं तिलक माला से पारंपरिक अभिवादन करेंगी।

### सी.पी. जोशी को शुभकामनाएं दी

**बस्सी, (निसं)।** चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता डॉ अजय मीणा ने अपने टीम के साथियों के साथ सांसद के दिल्ली आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया और बस्सी विधानसभा क्षेत्र की ओर से शुभकामनाएं दी। वहीं डॉ अजय मीणा ने बताया कि बस्सी में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां जताई।

## चांद दिखाई देने के साथ ही रमजान शुरू

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे सहित आस पास के क्षेत्र में गुरुवार को पवित्र माह रमजानुल मुबारक का चांद दिखाई देने के साथ ही रमजान का महीना शुरू हो गया है। जामा मस्जिद के सदर जमील खान चौहान, हाजी शबीर खान चौहान, हाजी अब्दुल रज्जाक खान पडियार ने बताया कि गुरुवार की शाम को चांद नजर आने पर एक दूजे को रमजान के महीने की मुबारकबाद का दौर शुरू हुआ। इसी के साथ में रात को ईशा की नमाज के साथ तरावीह (विशेष नमाज) शुरू हो गई है जो की 26 वे रमजान तक होगी। पूरे एक महीने तक इबादतों का विशेष दौर रहेगा। इस साल रमजान में पांच जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी, शुक्रवार तड़के 5.03 पर सेहरी कर रोजा रखा जाएगा, सेहरी का सामान खरीदने के लिए मुस्लिम इलाको की दुकानों पर सेहरी करने वालों की भीड़ दिखाई दी।

# 'नरेगा के माध्यम से जरूरतमंदों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करेंगे'

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने नगरपालिका में आयोजित नरेगा कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नरेगा के माध्यम से जरूरतमंदों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराना ही हमारा उद्देश्य है।

नगरपालिका के सभागार में नरेगा कर्मियों एवं मेट इत्यादि की एक बैठक आयोजित कर अधिशासी अधिकारी शर्मा द्वारा सरकार की मंशा अनुरूप नरेगा कार्य को संचालित करने की दिशा निर्देश जारी किए गए। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि इंदिरा गांधी शहरी नरेगा योजना से पात्र लोगों को जोड़कर ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध करा कर लाभान्वित करना है। सरकार की मंशा के अनुरूप शहरी क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को नरेगा से ज्यादा



लालसोट नगरपालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा (बीच में) ने नरेगा कर्मियों की बैठक ली।

ज्यादा लाभान्वित किया जाए। अधिशासी अधिकारी शर्मा ने बैठक में मौजूद नरेगा कर्मियों एवं मैटो से कहा कि नरेगा स्थल पर आवश्यक सुविधाएं मौजूद रखें एवं कर्मियों को किस तरह नरेगा में तकनीकी तौर पर कार्य करना उसकी जानकारी भी उनको काम करने से पहले दी जाए। सरकार द्वारा प्रत्येक नरेगा श्रमिक को सौ दिन का रोजगार देना तय करके रखा है। शर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल के बाद मजदूर तबके आदि परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। वहीं ऐसे लोग जो रोज मजदूरी पर आधारित हैं ऐसे लोगों को ज्यादा से ज्यादा नरेगा योजना से जोड़कर उनको रोजगार उपलब्ध कराया जाए ताकि रोजगार के अभाव में खेत से पलायन रुक जाए।

बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा नरेगा कर्मियों को जिस तरह नरेगा संचालन बेहतर तरीके से करना चाहिए एवं उपलब्ध मेट्रो को किस तरह नरेगा कार्य स्थल पर रहकर कार्य बेहतर ढंग से किया जाना चाहिए के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक के दौरान कनिष्ठ अभियंता पूजा मीणा, एस आई रामवतार मीणा, एमआईएस मेनेजर जय प्रकास गुर्जर, जेटीए मदन मोहन मीणा, प्रीती मीणा, रोजगार सहायक विक्रम गुर्जर, एनयुएलएम बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

# शहीदों के बलिदान को नमन किया

**खैरथल, (निसं)।** देश की आजादी के अमर वीर सेनानी शहीद हेमू कालाणी का जन्मशताब्दी समारोह श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। शहर के हेमू कालाणी चौक पर पूज्य सिंधी पंचायत खैरथल एवं भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जोश-खरोश से राष्ट्र भक्ति के नारों के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत अलवर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा ने बताया कि आजादी के आंदोलन में शहादत देने व देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को हमेशा याद किया। शहीद हेमू कालाणी के जन्मोत्सव के साथ ही शहीद ऐ आजम भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरू का बलिदान दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत खैरथल अध्यक्ष मुखी मनोहरलाल रोघा, पूज्य सिंधी पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, प्रदेश मंत्री गिरधारीलाल ज्ञानानी, प्रताप कटहरा, प्रहलाद मंगलानी, सेवक लालवानी, अशोक महलवानी, विजय बच्चानी गोपाल नेता, वासदेव दासवानी, सहित सैकड़ों लोगों ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## सिंजारे का पर्व मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में गुरुवार को महिलाओं द्वारा सिंजारे का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने ब्यूटीपार्लर पर जाकर अपने हाथों में मेहन्दी रचाई। साथ ही गणगौर की प्रतिमा एवं छायाचित्र पर सिंजारा दिया गया।

वहीं नवविवाहिताओं के लिए ससुराल पक्ष की ओर से वस्त्र, आभूषण एवं घेवर मिठाइयां आदि भेजी गई। गौरतलब है कि घेवर मिठाइयां बनाने वाले हलवाई कई दिन पहले से इसकी तैयारी में जुट जाते हैं। हलवाई नेमी चन्द प्रजापति ने बताया कि घेवर की बिक्री पिछले वर्षों के बजाय इस वर्ष अच्छी होने की संभावना है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा राजस्थान का लोकप्रिय त्यौहार गणगौर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार महिलाएं गाजे-बाजे के साथ स्थानीय बगीचे एवं मन्दिर में जाकर हरी-भरी दोब आदि लोटे में लेकर गणगौर के गीत गाते हुए पूजा अर्चना करेंगी।

# आजादी के तरानों से गूंजा अलवर

**अलवर, (निसं)।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का 92वां बलिदान दिवस भगतसिंह चौराहे पर भगत सिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में जोश खरोश से मनाया गया। समिति द्वारा समारोह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया।

समिति के संयोजक जोगिंदर सिंह कोचर ने बताया कि इस अवसर पर हुकम चंद रौनक कव्वाल एंड पार्टी ने देशभक्ति के नगमे सुनाकर माहौल को जोशीला बनाया।

वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद के नारे सारे कार्यक्रम के दौरान गूंजते रहे। इस अवसर पर विधायक निधि से चौराहे का सौंदर्यीकरण किए जाने पर शहर विधायक संजय शर्मा का समिति और पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शॉल भेंट कर धन्यवाद स्वरूप अभिनंदन किया गया।

# शहीद दिवस कार्यक्रम में भाग लिया

**जयपुर, (निसं)।** शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर भगत सिंह चौराहे पर हुए विशाल आयोजन में आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला सचिव रईसा, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष नीलम सागर, जिला उपाध्यक्ष काजल, कार्यकर्ता गुड्डी, एसएफआई से जुडे हुए धर्म सिंह मीणा, दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सहसंयोजक डॉक्टर रमेश बैरवा, जिला संयोजक बीएल वर्मा, राजेश महिवाल, महेश वर्मा आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर इंकलाब जिंदाबाद, शहीदों के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, आर्थिक असमानता खत्म करो, बेरोजगारी पर रोक लगाओ, सामाजिक उत्पीडन पर रोक लगाओ, लोकतंत्र जिंदाबाद, सांप्रदायिक एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए।

# भाजपाइयों ने मिठाई बांटी

**नारायणपुर, (निसं)।** चितौड़गढ़ से सांसद सीपी जोशी को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर गुरुवार को कस्बे के रामलीला प्रांगण में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर ख़ुशी जाहिर की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हाईकमान ने सोच समझकर निर्णय लिया है। उन्होंने पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित वाले मामले में कहा कि सीपी जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मैं शीघ्र ही भाजपा में शामिल होने के लिए आलाकमान से अपील करूंगा। इस मौके पर मोहनदास महाराज, उपसरपंच आकाश अग्रवाल, दिनेश जाट, नरेंद्र सिंह शेखावत सहित समर्थक मौजूद थे।


# बारिश के बीच युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली, देश भक्ति के तराने गूंजे

**विराटनगर, (निसं)।** विराटनगर में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिम एण्ड पावर लिफ्टिंग एकडमी कोच कृष्ण व संजोया त्रिवेणी एजुकेशन ग्रुप निदेशक महेंद्र के तत्वावधान में शहीद दिवस मनाया गया।

जिसमें भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, कमल गुर्जर सेवा एजुकेशन ग्रुप निदेशक, एडवोकेट विरेंद्र गुर्जर, राकेश ब्राओ, महेश शास्त्री, रमेश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र स्वामी, रामकिशोर गुर्जर पापड़ा एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि आर्पित की।

जिसके बाद शहर में 251 मीटर भव्य तिरंगा यात्रा बारिश के बीच निकाली गई। जहां युवाओं द्वारा जोश के साथ शहीदों के जयकारे गूंजते रहे व देश भक्ति गीतों के साथ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा सेवा एजुकेशन ग्रुप शिक्षण संस्थान से आरंभ होकर के संस्कृत विद्यालय विराटनगर पहुंची। जिसमें कौमी एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रोहिताश गुर्जर कमांडो, सिंबू दयाल गुर्जर फौजी द्वारा वर्दी पहनकर तिरंगे को सलामी दी एवं सभी नागरिक गणों ने पुष्पांजलि अर्पित करके देश प्रेमियों को 2 मिनट का मौन रखकर नमन किया।

इस दौरान आशीष धनखड, भाजयुमो अध्यक्ष हेमराज सैनी, श्रीराम यादव, तेजपाल यादव, महेंद्र सैनी, कृष्ण सैनी, रामकरण छावडी, सतनारायण शर्मा, रमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र स्वामी, दीपेश चौबे, रमेश यादव, दीपक सैन, राहुल यादव, महेश सैनी सहित बड़ी संख्या में युवा व ग्रामीण मौजूद रहे।



विराटनगर में शहीद दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।

## विशाल यादव एक्सपो कार्यक्रम में शामिल हुए

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नीमराना इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट एवं एआइपीसी अलवर के विशाल यादव पुत्र कविता मेजर ओपी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में जोधपुर में आयोजित राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो कार्यक्रम में नीमराणा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा उद्योग मंत्री शकुंतला रावत एवं राजीव अरोड़ा एवं बद्री प्रसाद जाखड़ से मुलाकात की।


विशाल यादव ने बताया कि राजस्थान आईटी डे में भाग लेने के साथ ही उन्हें नीमराना इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की तरफ से एचआर कंपनी पावर रेंजर से नीमराना क्षेत्र के लोगों को नौकरी दिलाने के प्रयास में विशेष ध्यान देने की जिम्मेदारी दी गई।

वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य सरकार की बेहतरीन औद्योगिक नीतियों तथा कार्यक्रमों से राजस्थान में निर्यात एवं निवेश बढ़ा है।

# चेटीचंड पर्व पर झूलेलाल के जयघोष गूंजे

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल व सिंधी समाज के तत्वावधान में इष्टदेव श्रीझूलेलाल साहब का अवतरण दिवस चेटीचंड धूमधाम से मनाया गया। बाइक रैली, भव्य शोभायात्रा एवं मंदिर में भजन कीर्तन भंडारा का आयोजन रखा गया।

सिंधी समाज के श्रीचंद भूटानी और झूलेलाल मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल चंदनानी ने बताया कि प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी, प्रात 9 बजे पंचामृत से देव स्नान कराकर झूलेलाल साहब का विशेष आकर्षण श्रंगार के साथ आयो लाल झूलेलाल के उद्घोष के साथ झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर बाईपास नई सब्जी मंडी से मोठूका स्वामी दयाराम साहिब दरबार के संत लाल भगत को खुली जीप में बाइक रैली के साथ आयो लाल झूलेलाल के जोशीले उद्घोष के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल संत कंवर राम हरि मंदिर लाया गया।



किशनगढ़ बास में चेटीचंड पर सिंधी समाज ने शोभायात्रा निकाली।

जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाज के महिला बच्चों बुजुर्गों ने संत लाल भगत का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रवचन सत्संग का लाभ लिया। दोपहर 1:00 बजे मंदिर प्रांगण में आम भंडारे का आयोजन किया गया। 4 बजे सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। साय मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने पंजडे गाकर छेज पर नृत्य किया। जगह जगह यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रात्रि 9:00 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



*बीस साल से सूखे की मार झेल रहे सदर्न कैलिफोर्निया में सर्दी के मौसम में हुई भारी बारिश की वजह से जंगलों में इतने ज्यादा मशरूम उगे हैं, जितने 26 साल में पहले कभी नहीं देखे गए। सदी में किसी भी वर्ष हुई बारिश की तुलना में इस वर्ष 600 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। बारिश में जब ठंडी हवा चलती है तो मशरूम बड़ी तादाद में उग सकते हैं। दुनियाभर में मशरूम तोड़ने वाले (मशरूम पिकर्स) जानते हैं, कि भारी बारिश के एक-दो दिन बाद मशरूम बड़ी मात्रा में मिल सकते हैं और कैलिफोर्निया भी इसका अपवाद नहीं है। नैशनल ज्यॉग्राफिक ने बताया कि, स्थानीय लोग, वैज्ञानिक और शोधकर्ता, मशरूमों की दर्जनों ऐसी प्रजातियां एकत्र कर रहे हैं, जिनकी पहले कभी भी पहचान नहीं हुई है। आजकल सेंट एना माउन्टेन्स से लेकर लॉस एंजलिस सिटी पार्क तक मशरूम उगे हुए हैं। पूरे विश्व में मशरूम की 30 लाख से ज्यादा प्रजातियां हैं पर डेढ़ लाख की ही पहचान हुई है। कई प्रजातियां बेहद पौष्टिक और स्वादिष्ट होती हैं, उन्हें खाया जाता है, वहीं, कुछ प्रजातियां बेहद विषैली होती हैं, इतनी कि, कुछ ही समय में मौत की नींद सुला सकती हैं।*

## खाचरियावास के कथन

# 'गहलोत को सैल्फ सैन्टर्ड पॉलिटिक्स नहीं करनी चाहिए, सब कुछ मेरे लिए ही तुम करो, ऐसे कैसे चलेगा?'

जयपुर, 23 मार्च (का.प्र.)। खाचरियावास ने अपने ताजा बयान में सचिन पायलट से नाराजगी नहीं होने की बात दोहराते हुए उन्हें जनाधार वाला नेता बताया और मुख्यमंत्री के कामकाज करने के तरीकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गहलोत को सेल्फ सेंटर्ड पॉलिटिक्स नहीं करनी चाहिए। सब कुछ मेरे लिए ही तुम करो, ऐसे कैसे चलेगा ? कुछ तो सामने वाले के लिए करना होता है। आपको स्पेस देना होता है। मैंने कांग्रेस की मीटिंग में एक बार कहा था कि कम से कम चार- पांच नेता तो तैयार करें। पार्टी को वापस सत्ता में लाना है, तो नेता तो तैयार करने ही होंगे। सब कुछ मैं ही हो जाऊं, यह नहीं चलता है।

राजस्थान के खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास पिछले कुछ समय से सरकार से नाराज चल रहे हैं और उनके बयान इन दिनों सचिन पायलट खेमे को राहत देते नजर आ रहे हैं। इस नाराजगी का कारण बताया यह जा रहा है कि पहले तो उनसे बड़ा विभाग छीना गया और अब खाद्य विभाग के काम भी बिना उनकी जानकारी के दूसरे विभागों को दिए जा रहे हैं। वहीं राजनीतिक नियुक्तियां जो खाद्य विभाग में हो रही हैं,उनकी जानकारी भी खाचरियावास को नहीं दी जा रही है।

पिछले दिनों सचिन पायलट के पक्ष में बयान देने के साथ ही अब खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के काम करने के तौर-तरीकों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनावी साल में नाराज नेताओं को मनाने और पावर डिसेंट्रलाइज करने का काम मुख्यमंत्री का है।

अपने ताजा बयान में खाचरियावास ने मुख्यमंत्री पर सवालिया टिप्पणी करते हुए कहा कि गहलोत साहब को किसी से भेदभाव करने का हक नहीं है। जितना इस पार्टी ने गहलोत साहब को दिया है, उतना किसी को नहीं दिया। कांग्रेस में इंदिरा गांधी से लेकर हर नेता ने गहलोत साहब को पद दिए। कांग्रेस हाईकमान ने उन पर विश्वास करके तीन-तीन बार सीएम बनाया। अब उन्हें एक-एक व्यक्ति का दिल जीतने के लिए काम करना चाहिए। खाद्य मंत्री खाचरियावास ने कहा कि गहलोत साहब को अब भीष्म पितामह की भूमिका में आना चाहिए। पूरे राजस्थान में नए-नए लोगों को जोड़ना चाहिए। कोई नाराज़ है तो उसे राजी करना मुख्यमंत्री की ड्यूटी है। हमारी ड्यूटी थोड़ी है। राज आप कर रहे हो भाई साहब, सत्ता आपके पास है। आखिरी सांस तक तो राजनीति हम भी करेंगे। तो क्या अब बच्चों से लड़ेंगे, यह क्या अच्छा लगता है ?

- **खाचरियावास बोले, जितना इस पार्टी ने गहलोत साहब को दिया है, उतना किसी को नहीं दिया, उन्हें अब भीष्म पितामह की भूमिका में आना चाहिए।**
- **''कोई नाराज़ है तो उसे राजी करना मुख्यमंत्री की ड्यूटी, हमारी ड्यूटी थोड़ी है, राज आप कर रहे हो भाई साहब, सत्ता आपके पास है।''**
- **''तीसरी बार कोई भी सी.एम. बने, किसी पर भरोसा नहीं करो, जिद्दी हो जाओ, मनमानी करने लगो, कि सब कुछ मैं ही करूँ, मैं ही हूँ जो कुछ हूँ, यह नहीं चलता, कभी कोई पार्टी ''मैं'' से नहीं ''हम'' से चलती है।**
- **तीसरी बार सी.एम. बनकर भैरोंसिंह शेखावत भी जिद्दी हो गए थे, एक अफसर के भरोसे रहे और उसी अफसर ने बेड़ा गर्क कर दिया।**
- **खाचरियावास ने सचिन पायलट का बचाव करते हुए कहा कि, अब सचिन पायलट के पीछे ही पड़े रहोगे क्या? सचिन पायलट को यूज़ तो करना ही पड़ेगा। सचिन पायलट का भी अपना आधार है। पार्टी के हर नेता का अपना जनाधार है। सबको साथ लेकर काम करना होगा। सचिन पायलट से मेरी कोई लड़ाई नहीं है।**

खाचरियावास ने कहा कि गहलोत साहब अच्छे नेता हैं। उनकी हजार अच्छाई होंगी, लेकिन आदमी को सेल्फ सेंटर्ड पॉलिटिक्स नहीं करनी चाहिए। सब कुछ मेरे लिए ही तुम करो, ऐसे कैसे चलेगा? चाहे कोई हो आपको दूसरों के लिए भी कुछ करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री को यह थोड़ी करना चाहिए यह अफसर मेरा है, यह मंत्री मेरा है। जब लड़ाई चली तो सब विधायकों ने गहलोत साहब का साथ दिया था।

भैरो सिंह शेखावत का उदाहरण देते हुए खाचरियावास ने कहा कि वे मेरे बड़े पापा थे। वे जब तीसरी बार सीएम बने थे तो उनकी आदत भी सेट हो गई थी कि फलां अफसर अच्छा है। ये रास्ते अच्छे हैं। यह शहर अच्छा है। उनकी चॉइस सेट हो गई। वे जिद्दी हो गए थे। वे उस समय केवल एक अफसर के भरोसे रहे और उसी अफसर ने बेड़ा गर्क कर दिया। भैरोसिंह शेखावत जैसे बड़े नेता से जनता को बहुत उम्मीदें थीं। खाचरियावास ने कहा कि तीसरी बार कोई भी सीएम बने, आप किसी पर भरोसा नहीं करो। जिद्दी हो जाओ। मनमानी करने लगो, कि सब कुछ मैं ही करूं। मैं ही हूं जो कुछ हूं, यह नहीं चलता। कभी कोई पार्टी मैं से नहीं चलती। हम से चलती है। किसी नेता को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। केवल एक व्यक्ति के भरोसे सत्ता नहीं आती है। यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि केवल अकेले के दम पर राज आता है। पूरी टीम मिलकर काम करती है और सामूहिक लीडरशिप में काम होता है। 200 विधानसभा सीटों पर मैदान में आपके पॉपुलर लोग निकलते हैं, तब जीत मिलती है। किसी एक नेता के भरोसे ही पार्टी थोड़ी चलती है ?

खाचरियावास ने सचिन पायलट का बचाव करते हुए कहा कि अब सचिन पायलट के पीछे ही पड़े रहोगे क्या ? सचिन पायलट को यूज़ तो करना ही पड़ेगा। सचिन पायलट का भी अपना आधार है। पार्टी के हर नेता का अपना जनाधार है। उन्हें सबको साथ लेकर काम करना होगा। सचिन पायलट से मेरी कोई लड़ाई नहीं है। विपक्ष में रहते हुए सचिन पायलट और हम दोनों लगातार लड़े थे। हम दोनों ने आंदोलन किए थे। पायलट साहब प्रदेश के अध्यक्ष थे, मैं जयपुर का अध्यक्ष था। मैं न गहलोत खेमे में हूं, न पायलट खेमे में हूं। मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन मैं अपनी बात तो कहूंगा। हमारी पार्टी में बात रखने का हक सबको है। मैं पहले भी बात रखता आया हूं।

उल्लेखनीय है कि खाचरियावास ने सचिन पायलट के उस बयान का समर्थन किया था, जिसमें उन्होंने विधायक दल की बैठक नहीं बुलाने पर सवाल उठाए थे।

# फैडरल रिज़र्व ने फिर बढ़ाई ब्याज दरें

## अमेरिका में बैंकों के लिए नीतिगत ब्याज दरों का स्तर 2007 के बाद से आज सबसे उच्चतम स्तर पर पहुँच गया है

वाशिंगटन/नई दिल्ली 23 मार्च (वार्ता) अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के खिलाफ वर्तमान लड़ाई में ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार कुछ कम करते हुए बुधवार को नीतिगत ब्याज दर में 0. 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की।

अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक सहित कुछ बैंकों के दिवालिया होने के बाद बाजार को पहले ही अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार अब कम करेगा। बाजार मानकर चल रहा था कि फेडरल रिज़र्व की ओपन मार्केट कमेटी की इस बार हद से हद चौथाई प्रतिशत की ही वृद्धि करेगी।

बैंकों में संकट उत्पन्न होने से पहले अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर में इस बार भी 0.5 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। ताजा वृद्धि के बाद अमेरिका में नीतिगत बस्तर का दायरा 4.75 प्रतिशत से 5.00 प्रतिशत हो गया है।

वाणिज्यिक बैंकों को लगता है कि इस वर्ष के अंत तक अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर अब 5.1 प्रतिशत से 5.25 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाए जाने से अमेरिकी बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार भाव काफी घट गया है जिससे उनमें निवेश करने वाले बैंकों को बड़ा घाटा उठाना पढ़ रहा है। बहुत से छोटे बैंकों के डूबने का खतरा बन गया है।

फेडरल रिजर्व के बयान में कहा गया है मुद्रास्फीति को शांत करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में और वृद्धि की जरूरत पड़ सकती है। बयान में कहा गया है कि फेडरल रिजर्व की खुले बाजार कि समिति आगे आने वाले आंकड़ों को देखेगी और उनका आकलन करेगी कि नीतिगत फैसलों का क्या प्रभाव पड़ रहा है। समिति को लगता है कि मुद्रास्फीति पर पर्याप्त अंकुश के लिए नीति को कुछ और कड़ा करना पड़ सकता है।

## 'किराए पर ली गई सम्पत्ति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रावधान साफ तौर पर नहीं रखा गया हो।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया तथा संजय कुमार की बैंच ने कहा, ''1947 के अधिनियम के लागू हो जाने के बाद, यह कानून सम्मत नहीं है कि कोई किरायेदार, उसे किराये पर दिये गये परिसर को सबलैट कर सके, किसी को सौंप सके या अपने हित में किसी भी तरीके से उसे हस्तान्तरित कर सके।''

इस मामले में, किरायेदार से उसे किराये पर दिये गये परिसर के कब्जे को वापस पाने के लिये याचिका दायर की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने फैसला दिया था कि अपीलार्थी परिसर को खाली कराने के हकदार हैं। पुणे के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज ने भी इस निर्णय की पुष्टि कर दी थी। इसके बाद, उच्च न्यायालय होता हुआ, यह केस सर्वोच्च न्यायालय में पहुँच गया था।

अपील को स्वीकार करते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने दिवंगत के कानूनी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित परिसर को खाली कर दें तथा दो माह के अंदर अपीलार्थी को सौंप दें। किरायेदार से किराये पर दिये गये परिसर के कब्जे की वापसी के लिये जनार्दन सुबाजीराव के खिलाफ युवराज उर्फ जगदले ने अपील दायर की थी।

अदालत के समक्ष एक्ट के तहत, परिसर को खाली कराने का आधार प्रस्तुत समय, मुख्य प्रश्न यह था कि क्या किरायेदार ने लीज़ की शर्त का उल्लंघन करते हुये, किराये के परिसर में चल रहे अपने बिज़नैस को स्थानान्तरित किया था।

## सूरत से लौट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मनु सिंघवी से राहुल के आवास पर मुलाकात कर आगे की कानूनी रणनीति पर चर्चा की।

विधि विशेषज्ञ कहते हैं कि आधारभूत बात यह है कि यदि राहुल गांधी को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलती है तो उन्हें दो साल की जेल की सजा भुगतनी होगी।

जाने माने सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा है कि राहुल अपनी दोष सिद्धि के बाद तब तक संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकते, जब कि वह स्पीकर से इस संबंध में अपील नहीं करते हैं क्योंकि स्पीकर के पास उन्हें संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति देने की पावर है।

लोकसभा में आज शाम जब सभी मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर बहस हो रही थी और स्पीकर ने बहस को समाप्त मान लिया था, राहुल गांधी तब सदन की कार्यवाही में उपस्थित नहीं थे।

सदन में कोई चर्चा नहीं हो सकी क्योंकि अडानी प्रकरण में जे.पी.सी. के गठन की मांग को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के सदस्यों के बीच गतिरोध था। कल वित्त विधेयक पेश किया जाएगा और इसका भी बिना किसी बहस या चर्चा के पारित होना तय है।

## शरद पवार के दिल्ली आवास पर विपक्षी नेताओं की बैठक हुई

नई दिल्ली, 23 मार्च। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन मशीन के मुद्दे पर तमाम नेताओं ने अपनी बात रखी।

शरद पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल, वाम नेता डी राजा, समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव, एनसीपी सांसद प्रभुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले समेत कई नेता उपस्थित रहे।

- **बैठक में कांग्रेस, सपा व माकपा सहित कई दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।**

दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिमोट ईवीएम को लेकर चुनाव आयोग ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उस समय लगभग सभी ने रिमोट ई.वी.एम. के माध्यम से चुनाव कराने पर असहमति जताई थी।

वे डेमो देना चाहते थे, लेकिन वह भी ठुकरा दिया गया। ई.वी.एम. को लेकर देश में शंका है।

# क्या खड़गे के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का मामला दर्ज करायेगी भाजपा?

## खड़गे ने टिप्पणी की है कि, सूरत की अदालत के जज बार-बार बदले गये, इसलिए राहुल गांधी के खिलाफ यह फैसला आना पहले से अपेक्षित था

नयी दिल्ली 23 मार्च (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में सूरत की एक अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में सजा सुनाये जाने के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बयान की तीखी आलोचना करते हुए आज सवाल किया कि क्या कांग्रेस अदालतों को जेब में रखना चाहती है।

सूरत के सत्र न्यायालय द्वारा गांधी के मोदी उपनाम को लेकर टिप्पणी को लेकर दायर एक मानहानि के मामले में गांधी को आज दो वर्ष के कारावास की सजा सुनायी गयी है। इस पर खडगे ने टिप्पणी की थी कि सूरत के इस न्यायालय में बार बार न्यायाधीश को बदला गया और इसलिए ऐसा फैसला पहले से ही अपेक्षित था।

इस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आखिर खडगे क्या कहना चाहते हैं। क्या वह अदालत को अपनी जेब में रखना चाहते हैं। क्या उनकी टिप्पणी अदालत की अवमानना नही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की टिप्पणी बेहद आश्चर्यजनक लगती है, जब वे कहते हैं कि इस मामले में अदालत के न्यायधीश बार बार बदले गए। इसका सीधा अर्थ है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को देश की न्यायिक व्यवस्था पर भी भरोसा नही है। क्या कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका को भी जेब में रखना चाहती है? खडगे जी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, अत: उन्हें जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए। खडगे जी द्वारा बार बार न्यायधीश बदलने वाला बयान देना अदालत की अवमानना है।

- **खड़गे की टिप्पणी पर पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, आखिर खड़गे क्या कहना चाहते हैं। क्या वे अदालत को अपनी जेब में रखना चाहते हैं। क्या उनकी टिप्पणी अदालत की अवमानना नहीं है।**

प्रसाद ने कहा कि सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को मानहानि मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस के नेतागण इस मामले में बातें तो बहुत कर रहे हैं, किन्तु वे ये नही बता रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी ने क्या कहा था, जिसके कारण उन पर मानहानी का मुकदमा चला। उन्होंने कहा, दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान गांधी ने कर्नाटक में कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? आखिर गाँधी के इस वक्तव्य का तात्पर्य क्या था? 'मोदी' उपनाम जाति सूचक शब्द है, 'मोदी' उपनाम वाले कई लोग खिलाड़ी, डॉक्टर, इंजीनियर, नेता, प्रोफेशनल, कारोबारी इत्यादि हैं। राहुल गांधी ने 'मोदी' उपनाम पर ऐसी बात कही तो क्या उन पर कानूनी कार्रवाई नही होनी चाहिए ?'

भाजपा नेता ने कहा कि यदि राहुल गांधी किसी खास उपनाम से जुड़े लोगों को इस तरह सार्वजनिक तौर पर अपमानित करेंगे कि जिसका उपनाम मोदी होता है वह चोर होता है, तो मानहानि का मामला बिलकुल बनता है। इस मामले में सूरत अदालत में बाकायदा सुनवाई हुई और राहुल गांधी को भी अपना पक्ष रखने का भरपूर समुचित अवसर दिया गया।

उन्होंने कहा कि अदालत में पूरी सुनवाई के बाद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सजा सुनाई गयी है। दूसरी ओर भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने भी उपनाम मामले को लेकर पटना में गांधी के खिलाफ एक मामला दर्ज कर रखा है। उस मामले में भी राहुल गांधी जमानत पर हैं।

प्रसाद ने कहा कि यदि राहुल गाँधी सोचते हैं कि किसी को भी गाली देने और अपमानित करने का उन्हें अधिकार है, तो उनके अपशब्दों से पीड़ित व्यक्ति को भी मानहानि का मुकदमा दर्ज करने का अधिकार है।

## अब मणिपुर में भूकम्प के झटके

नई दिल्ली, 23 मार्च। मणिपुर में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने ये जानकारी दी है। ये भूकंप आज शाम 6.51 बजे आया है। खबर लिखे जाने तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की बात सामने नही आई है।

बता दें कि इससे पहले दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर के कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान था और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 मापी गई थी। इस भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर, यूपी, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर समेत कई हिस्सों में महसूस किए गए थे।

- **रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। तीव्रता कम होने के कारण किसी प्रकार से जानमाल को कोई नुकसान नहीं पहुँचा।**

हर साल दुनिया में करीब 20 हजार भूकंप आते हैं लेकिन उनकी तीव्रता इतनी ज्यादा नही होती कि लोगों को भारी नुकसान हो। नेशनल अर्थक्वेक इंफोर्मेशन सेंटर इन भूकंप को रिकॉर्ड करता है।

# सूरत के कोर्ट ने दो साल की जेल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिये डिसक्वालिफाइड होने का खतरा है।

अगर कोई उच्चतर अदालत इस सजा पर स्टे नहीं देती है तो ऐसी स्थिति सामने आ सकती है।

अगर कोई उच्चतर अदालत इस फैसले को रद्द नहीं करती है तो राहुल गांधी अगले आठ साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

गांधी की टीम के अनुसार, कांग्रेस नेता की योजना इस फैसले को किसी उच्चतर अदालत में चुनौती देने की है।

अगर उस उच्चतर अदालत में इस सजा को स्थगित रखने तथा इस आदेश को फ्रीज करने की अपील स्वीकार नहीं होती है तो उन्हे सर्वोच्च न्यायालय तक जाना पड़ेगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि हालाँकि गांधी को जमानत दे दी गई तथा उनकी सजा 30 के लिये स्थगित कर दी गई, ताकि वे इस निर्णय के खिलाफ अपील कर सकें, लेकिन अदालत के इस फैसले के फलस्तरूप, संसद-सदस्य के रूप में उनके डिसक्वालिफिकेशन का खतरा बना हुआ है।

रिप्रज़ैन्टेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट, 1951 की धारा 8(3) कहती है कि जैसे ही किसी अदालत में किसी सांसद का दोष सिद्ध हो जाता है तथा उसे कम से कम दो वर्ष की सजा हो जाती है तो उसे डिसक्वालिपाई किया जा सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सूरत की अदालत के फैसले के आधार पर, लोकसभा सचिवालय राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता से डिसक्वालिफाई कर सकता है तथा वायनाड सीट को खाली घोषित कर सकता है।

उस स्थिति में चुनाव आयोग उस सीट के लिये विशेष चुनाव करायेगा।

आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हुई दो साल की जेल पर ज्यादातर विपक्षी दल एकदम खामोशी धारण किये हुये हैं। इसकी निंदा करने वालों में अब तक केवल अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस के गठबंधन साथी राष्ट्रीय जनता दल एवं तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ही शामिल हैं। कांग्रेस के अन्य गठबंधन साथी शरद पवार की नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी तथा उद्धव ठाकरे के सेना गुट की टिप्पणी भी अभी तक नहीं आई है।

अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी, जिसके कांग्रेस के साथ सुखद संबंध नहीं है, ने गांधी के समर्थन में सबसे पहली टिप्पणी की थी।

केजरीवाल ने हिन्दी में ट्वीट किया था, ''गैर-भाजपा नेताओं तथा दलों पर मुकदमे चलाकर, उन्हें राह से हटाने की साजिश रची जा रही है।

कांग्रेस के साथ हमारे मतभेद हैं, लेकिन राहुल गांधी को इस तरह के मानहानि केस में फँसाना ठीक नहीं है। ....... प्रश्न पूछना जनता तथा विपक्ष का काम है। हम अदालत का सम्मान करते हैं लेकिन इस फैसले से असहमत हैं।''

शाम होते-होते, आर.जे.डी. के तेजस्वी यादव ने ट्वीट किया, ''विपक्षी नेताओं पर ई.डी., आई.टी., सी.बी.आई. के छापे पड़वाइये और उनसे भी काम न चले तो घृणित साजिश के तहत उनके खिलाफ अलग-अलग शहरों में निराधार केस दर्ज कराइये ताकि हैडलाइन मैनेजमैंट में कोई कसर बाकी न रह जाये। यह संविधान, लोकतंत्र, राजनीति तथा देश के लिये घोर चिन्ता का विषय है।''

द्रमुक के टी.आर. बालू ने कहा कि इस फैसले से यह साफ हो गया है कि ''अभिव्यक्ति की आज़ादी संकट में है।'' पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी हमारे गठबंधन पार्टनर हैं तथा उन्होंने किसी समुदाय विशेष पर हमला नहीं बोला है।

राजनैतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लगातार हमले बोलते आ रहे हैं, को फँसाने के लिये लम्बे समय से प्रयास चल रहे थे तथा इस प्रकार की सजा अपेक्षित ही थी।

अब, मुख्य प्रश्न यह है कि क्या राहुल गांधी को दी गई इस सजा से उनके तथा कांग्रेस के लिये सहानुभूति पैदा होगी या नहीं, यह तो भविष्य बतायेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्यत: लोगों में सहानुभूति पैदा होने लगी है लेकिन उस स्थिति में, भाजपा तथा आर.एस.एस. ने भी ध्यान में रखा ही होगा।

## आज हो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पहले, शुक्रवार को राज्यसभा में सम्पन्न की जा सकती है।

दोनों पक्षों की ओर शोर-शराबा होते रहने के कारण लोकसभा सुबह ही अपरान्ह 2 बजे तक के लिये तथा उसके बाद शाम 6 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गई थी। उसी समय, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आनन-फानन में बजट संबंध औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्यसभा भी पहले तो अपरान्ह 2 बजे तक तथा उसके बाद पूरे दिन के लिये स्थगित कर दी गई थी।

सरकार लम्बे तक सत्र को चलाना नहीं चाहती क्योंकि विपक्ष अडानी-प्रकरण की जाँच जॉइन्ट पार्लियामैंट्री कमेटी (जे.पी.सी.) से कराये जाने के पूरी तरह कमर कसे हुये है।

सत्तारूढ़ भाजपा ने कांग्रेस द्वारा जाँच के कलिये की जा रही नारेबाजी के जवाब में, इस माँग पर नारेबाजी करना शुरु कर दिया कि राहुल गांधी अपने लंदन वाले भाषण में भारतीय लोकतंत्र पर की गई टिप्पणी पर माफी माँगें। राहुल ने इसका जवाब देने के लिये स्पीकर को पत्र लिखकर समय माँगा था, क्योंकि उनके अनुसार, उन्होंने कहीं भी भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिये बाहर के देशों को आमंत्रित नहीं किया है, जैसा कि भाजपा नेता 13 मार्च से उन पर बार-बार आरोप लगाते आ रहे हैं।

# भाजपा मुसलमानों के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन पर प्रकट रूप से मरहम लगाने का प्रयास कर रहा है।

भाजपा अप्रैल माह की शुरूआत से उत्तर प्रदेश में ''स्नेह मिलन'' नामक मीटिंग्स भी आयोजित करेगी, जिसकी टैगलाइन होगी: एक देश-एक डी.एन.ए.।''

बताया जाता है कि विपक्षी समाजवादी पार्टी के मुख्य समर्थक मुस्लिम और यादवों के कुछ वर्गों का क्षेत्रीय पार्टियों की राजनीति से मोहभंग हो गया है। पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में मुस्लिमों ने सपा को अपना पूर्ण समर्थन दिया था, लेकिन अखिलेश यादव भाजपा को बड़ी चुनौती नहीं दे पाए। बताया जाता है कि, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल में सपा समर्थकों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज कर उनका उत्पीड़न किया जाता रहा है। विपक्षी पार्टियों की कमजोर एवं भ्रामक स्थिति के मद्देनजर भाजपा ने मुस्लिम वोटर्स के कम से कम एक वर्ग, खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं का समर्थन प्राप्त करने को लेकर अवसरों को भुनाना शुरु कर दिया है। यदि इस प्रकार के उद्देश्यों को नहीं भी प्राप्त किया जा सके तो भी भाजपा मुस्लिम वोटों में विभाजन और विपक्ष की किसी एक पार्टी के पक्ष में उनके एक मुश्त वोट ना पड़ने की उम्मीद करेगी। इस प्रकार का परिदृश्य प्रधानमंत्री मोदी के तीसरी बार अपनी सरकार का गठन करने में मदद करेगा।

मुस्लिम राजनीति को लेकर भाजपा की नई सोच को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को समर्थन प्राप्त है और उसका लक्ष्य यह संदेश देना है कि यदि मुस्लिम समुदाय के चरमपंथी तत्वों को नियंत्रित कर लिया जाए तो मुस्लिमों को समान लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम के बारह एपिसोड्स का एक पुस्तक के प्रारूप में संकलन किया जा रहा है और उम्मीद है कि आगामी रमज़ान में इसकी प्रिंटिंग करवा ली जाएगी। पुस्तक में दारूल उलूम, देवबंद इस्लामी संस्थानों के प्रमुखों के शुभकामना संदेश भी होंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बासित अली ने कहा कि ''कई बार ऐसा होता है कि मुस्लिम समुदाय प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुनने में असमर्थ रहता है। इस कार्यक्रम में प्राय: समाज की बेहतरी के लिए एक गुप्त एवं गहरा संदेश होता है।''

## 'सूरत कोर्ट का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खारिज कर दिया जाएगा।

राहुल का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि ''जिस भाषण का जिक्र किया जा रहा है उसकी नकल के अनुसार, यह कीमत वृद्धि और बेरोज़गारी के संदर्भ में दिया गया था। यह एक राजनीतिक भाषण था, जो कर्नाटक के कोलार में दिया गया था और पूर्णतया सार्वजनिक हित के मुद्दों को लेकर था।''

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.

**JAIPUR: PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR,** VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | **E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR,** PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | **E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR,** KP AUTOMOTIVIES: 9116190342, 9116190346 | **B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL,** KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | **A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR,** SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626 | **13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR,** KTL: 7412068475, 9209056789.